राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा अब बरेली में मात्र 5/- में

सफलता के 5 वर्ष

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन-जन की आवाज

लखनऊ वर्ष : 05 अंक : 28 | बुधवार 11 मार्च 2026 | चैत्र कृष्ण अष्टमी विक्रम संवत 2082 | पृष्ठ : 12 मूल्य : 05 रूपया

# यूसीसी का समय आ गया!

## सुप्रीम कोर्ट ने शरिया कानून की याचिका पर कहा- मुस्लिम महिलाओं के साथ भेदभाव, लेकिन...

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि अब 'समान नागरिक संहिता' (यूसीसी) लागू करने का समय आ गया है। शीर्ष अदालत ने 1937 के शरिया कानून के प्रावधानों को मुस्लिम महिलाओं के साथ भेदभावपूर्ण बताते हुए निरस्त करने के अनुरोध वाली याचिका को "एक बहुत अच्छा मामला" बताया और कहा कि इस पर केवल विधायिका (सरकार) को ही विचार करना चाहिए।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि यदि न्यायालय शरिया उत्तराधिकार कानून को निरस्त करता है, तो इससे कानून में शून्य की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी, क्योंकि मुस्लिम उत्तराधिकार को निर्देशित करने वाला कोई वैधानिक कानून नहीं है। प्रधान न्यायाधीश ने याचिकाकताओं की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण से कहा, "सुधारों के प्रति हमारे अति-उत्साह में, हम उन्हें वंचित कर सकते हैं, और उन्हें पहले से मिल रहे अधिकारों से कम मिल सकता है। यदि 1937 का शरिया कानून खत्म हो जाता है, तो फिर क्या कहना? क्या इससे एक अनावश्यक शून्य उत्पन्न नहीं होगा?"




न्यायमूर्ति बागची ने कहा, "भेदभाव के मुद्दे पर आपका मामला बहुत मजबूत है, लेकिन क्या यह उचित नहीं होगा कि न्यायालय इस मामले को विधायिका के विवेक पर छोड़ दे, जिसे राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों (डीपीएसपी) के अनुसार, समान नागरिक संहिता लागू करने का अधिकार प्राप्त है?"

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा, "इसका उत्तर है समान नागरिक संहिता।" न्यायमूर्ति बागची ने इस बात पर जोर दिया कि 'एक पुरुष की एक पत्नी' का नियम सभी समुदायों पर समान रूप से लागू नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा, "लेकिन क्या इसका मतलब यह है कि अदालत सभी बहुविवाहों को असंवैधानिक घोषित कर सकती है? इसलिए, हमें निदेशक सिद्धांतों को प्रभावी बनाने के लिए विधायी शक्ति का सहारा लेना होगा।"

उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को विधायिका के विवेक पर छोड़ना ही सबसे अच्छा होगा। सुनवाई की शुरूआत में, भूषण ने यह दलील दी कि न्यायालय यह घोषणा कर सकता है कि मुस्लिम महिलाओं को पुरुषों के समान उत्तराधिकार प्राप्त हैं और यदि न्यायालय 1937 के 'मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरिया) एप्लीकेशन एक्ट' को रद्द कर देता है तो भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के प्रावधान लागू होंगे।

## 'आप मेरे छोटे भाई जैसे, पर संसदीय मामलों की बारीकियां समझें', रिजिजू का गौरव गोगोई पर पलटवार

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के आरोपों को खारिज कर दिया। उन्होंने गोगोई को नासमझ बताते हुए कहा कि उन्हें मंत्रालय के कामकाज की जानकारी नहीं है। रिजिजू ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला का बचाव किया और उनके कार्यकाल में हुए डिजिटल सुधारों की तारीफ की।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के आरोपों पर तीखा पलटवार किया है। लोकसभा में गोगोई ने रिजिजू को सदन की कार्यवाही में सबसे बड़ी बाधा डालने वाला बताया था। इसके जवाब में रिजिजू ने मंगलवार को कहा कि विपक्षी सांसद को अपने विचार रखने का पूरा हक है, लेकिन वे मंत्रालय की भूमिका और जिम्मेदारी से अनभिज्ञ हैं।

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष के प्रस्ताव पर जवाब देते हुए रिजिजू ने कई अहम बातें कहीं। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष और विपक्ष के सभी सदस्य संविधान के नियमों और कानूनों से बंधे हुए हैं।

## 'सुरक्षा चाहिए तो मुझे वोट दो': ममता बनर्जी के वायरल बयान पर भड़की भाजपा

### अकबरुद्दीन ओवैसी से कर दी तुलना

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद संबित पात्रा ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के एक सोशल मीडिया वीडियो पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि वीडियो में ममता का बयान चिंताजनक और निंदनीय है। पात्रा ने आरोप लगाया कि ममता ने कहा कि अगर वह सत्ता में नहीं रहीं, तो एक विशेष समुदाय राज्य से समाप्त हो सकता है। पात्रा ने इसे पश्चिम बंगाल में बढ़ते हिंसा के संकेत के रूप में बताया और कहा यह मान लेना कि एक पूरा समुदाय राज्य से मिटाया जा सकता है, बेहद गंभीर है।

भाजपा नेता ने इसे अकबरुद्दीन ओवैसी के बयान के समान बताया और कहा कि ममता ने बस उसी भाव को अलग शब्दों में दोहराया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस तरह के बयान न केवल चिंताजनक हैं बल्कि पूरी तरह से निंदनीय भी हैं।

गौरतलब ममता बनर्जी के एक वीडियो में कहा "क्योंकि मैं सीएम हूं इसलिए तुम सब सुरक्षित हो। अगर तुम मुझे हटाओगे और इखढ को वोट दोगे तो याद रखना कि एक कम्युनिटी है जो तुम सबको एक सेकंड में खत्म कर देगी, इसलिए अगर तुम सुरक्षित रहना चाहते हो तो मुझे वोट देते रहो।



### राहुल गांधी वर्ल्ड एआई समिट प्रदर्शन के 'आर्किटेक्ट'

संबित पात्रा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि वह हाल ही में दिल्ली में आयोजित वर्ल्ड एआई समिट के दौरान प्रदर्शन के 'आर्किटेक्ट और डिजाइनर' थे। भाजपा ने दावा किया कि इस प्रदर्शन का उद्देश्य भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदा करना और देश की साख को चोट पहुंचाना था।

राष्ट्रीय प्रवक्ता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा "यूथ कांग्रेस का यह प्रदर्शन सहज नहीं था, बल्कि पूरी तरह से योजनाबद्ध और डिजाइन किया गया था।" उन्होंने इसे टॉपलेस, ब्रेनलेस और शेमलेस प्रदर्शन बताया और कहा कि इसका डिजाइन राहुल गांधी ने अपने घर में तैयार किया था।

## बिजली की पीक डिमांड का बनेगा नया रिकार्ड

### भीषण गर्मी की आहट से यूपी में इस साल बिजली की खपत में इजाफा

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गर्मी के मौसम में बिजली की पीक डिमांड के नए रिकॉर्ड बनने की संभावना जताई जा रही है। उत्तर प्रदेश में मार्च महीने में ही 22 हजार मेगावाट पीक डिमांड एक-दो दिन में दर्ज होने की संभावना है। अधिकृत आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 में देश में अधिकतम बिजली मांग 2,15,888 मेगावाट दर्ज की गई थी, जिसमें से 2,07,231 मेगावाट की आपूर्ति की जा सकी और 8,657 मेगावाट (करीब चार प्रतिशत) की कमी रही।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में यह मांग बढ़कर 2,43,271 मेगावाट हो गई, जिसमें 2,39,931 मेगावाट की आपूर्ति की गई और 3,340 मेगावाट (1.4 प्रतिशत) की कमी दर्ज हुई। वित्तीय वर्ष 2024-25 में देश में अधिकतम बिजली मांग 2,49,856 मेगावाट तक पहुंच गई और लगभग पूरी मांग की पूर्ति हो गई, जबकि मात्र दो मेगावाट की नगण्य कमी रही।

चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनवरी 2026 तक देश में अधिकतम बिजली मांग 2,45,444 मेगावाट दर्ज की गई, जिसमें से 2,45,416 मेगावाट की




आपूर्ति की गई और केवल 28 मेगावाट की कमी रही। उत्तर प्रदेश में भी पीक डिमांड तेजी से बढ़ रही है। मार्च 2025 में प्रदेश में अधिकतम बिजली मांग 26 मार्च को 21,869 मेगावाट दर्ज की गई थी। वहीं मार्च 2026 में अब तक की अधिकतम मांग 9 मार्च को 21,307 मेगावाट रही है और मौजूदा रुझानों को देखते हुए आने वाले एक-दो दिनों में यह 22,000 मेगावाट तक पहुंच सकती है।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष तथा केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (सीईआरसी) की केंद्रीय राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि देश में पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान बिजली की अधिकतम मांग लगातार बढ़ी है। इसके बावजूद आपूर्ति व्यवस्था में सुधार भी देखने को मिला है। हालांकि उत्तर प्रदेश अभी भी ऐसा राज्य है जहां कई क्षेत्रों में रोस्टर व्यवस्था लागू है।

## कोविड वैक्सीन साइड इफेक्ट्स पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

### 'दोष निर्धारण के बगैर मुआवजा देने की नीति' बनाएं

**एजेंसी समाचार**



**दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कोविड-19 रोधी टीकाकरण के बाद होने वाले गंभीर दुष्प्रभाव के लिए "दोष निर्धारण के बगैर मुआवजा देने की नीति" तैयार करने का केंद्र सरकार को मंगलवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि टीकाकरण के बाद होने वाले दुष्प्रभावों की निगरानी के लिए मौजूदा व्यवस्था जारी रहेगी। न्यायमूर्ति नाथ ने फैसला सुनाते हुए कहा, "टीकाकरण के बाद होने वाले दुष्प्रभाव के वैज्ञानिक मूल्यांकन के लिए मौजूदा व्यवस्था को देखते हुए, अदालत द्वारा नियुक्त किसी अलग विशेषज्ञ निकाय की आवश्यकता नहीं है।" पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि उसका यह निर्णय किसी व्यक्ति को कानून में उपलब्ध अन्य उपायों का सहारा लेने से रोकता नहीं है। पीठ ने कहा, "इसी तरह, दोष निर्धारण के बैगर मुआवजा देने की नीति तैयार करना, भारत सरकार या किसी अन्य प्राधिकरण की ओर से किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी या गलती को स्वीकार करना नहीं माना जाएगा।" उच्चतम न्यायालय ने उन याचिकाओं पर यह व्यवस्था दी, जिनमें से एक में आरोप लगाया गया था कि 2021 में कोविड-19 रोधी टीके की पहली खुराक लेने के बाद दो महिलाओं की मृत्यु हो गई थी। याचिका में यह भी दावा किया गया कि टीकाकरण के बाद दोनों को गंभीर दुष्प्रभाव प्रभाव झेलने पड़े।

## लोकसभा में अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण का आज दूसरा दिन था। लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव चर्चा हुई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने के लिए लाए गए प्रस्ताव के खिलाफ भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि विपक्ष नाराज है, क्योंकि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के खिलाफ बातें कही गई हैं। उन्होंने लोकसभा में सोनिया गांधी और राहुल गांधी की ओर से पीएम मोदी के खिलाफ दिए गए बयान याद किए। दुबे ने कहा, अगर पीएम मोदी का इस संसद में कोई बच्चा नहीं है, तो इसका मतलब यह नहीं कि उन्हें यहां कोई बचाने वाला नहीं है। इसके बाद दुबे ने लेडी पामेला हिक्स (एडविना माउंटबैटन की बेटी) की किताब में पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू के उल्लेख का हवाला दिया, जिस पर विपक्ष के सदस्य नारे लगाने लगे।

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा में कहा कि अध्यक्ष ओम बिरला हमारे दल से हैं और यह हमारे लिए गर्व की बात है। उन्होंने सोमनाथ चटर्जी और जीवी मावलंकर के उदाहरण दिए और आरोप लगाया कि कांग्रेस इन अध्यक्षों के साथ खड़ी नहीं रही। दुबे ने कहा, लोकसभा अध्यक्ष का भी है। मनीष तिवारी ने संविधान के अनुच्छेद 93 का हवाला दिया, जो लोकसभा के लोकसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चयन से संबंधित है। उन्होंने यह सवाल उठाया कि सरकार चुप क्यों है और अब तक उपाध्यक्ष की नियुक्ति क्यों नहीं की




पक्षपाती क्यों नहीं होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई बिरला के खिलाफ जाता है, तो पूरा एनडीए उन्हें बचाने के लिए खड़ा होगा।

कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने के लिए इस प्रस्ताव को लाने का पूरा मकसद यह दिखाना है कि यह संसद केवल सरकार की नहीं है, बल्कि विपक्ष गई। लोकसभा की कार्यवाही आज शाम 7 बजे तक बढ़ा दी गई है। अभी खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान सदन में बोल रहे हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का विरोध करते हुए पासवान ने पीएम मोदी की अगुवाई वाली एनडीए सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया।

## बारिश-बर्फबारी से बदला कश्मीर का मौसम

**एजेंसी समाचार**

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी के कई इलाकों में मंगलवार को रुक-रुक कर बारिश हुई और मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान जम्मू-कश्मीर



वायरल तस्वीर

में अधिक बारिश तथा बर्फबारी की संभावना जतायी है। मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर के अनुसार, पिछले 24 घंटों में घाटी के अधिकांश मौसम स्टेशनों पर बारिश दर्ज की गई। प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में सबसे अधिक 12.8 मिमी वर्षा हुई। वहीं दक्षिण कश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाम में 11.6 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि श्रीनगर में 3.0 मिमी वर्षा हुई। उत्तर कश्मीर के कुपवाड़ा में 2.8 मिमी हल्की बारिश दर्ज की गई, जबकि कोकरनाग में इसी अवधि के दौरान 0.7 मिमी बारिश दर्ज की गई। रुक-रुक कर हो रही बारिश के बावजूद घाटी में रात का तापमान सामान्य से काफी अधिक बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार कश्मीर डिवीजन के कई इलाकों में न्यूनतम तापमान सामान्य से 4 से 8 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया, जबकि जम्मू डिवीजन के कई क्षेत्रों में रात का तापमान सामान्य से 6 से 10 डिग्री अधिक रहा। कश्मीर डिवीजन में सबसे कम न्यूनतम तापमान गुलमर्ग में 4.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि जम्मू डिवीजन के भदेरवाह में 9.6 डिग्री सेल्सियस सबसे कम तापमान रहा। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में जम्मू-कश्मीर में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश, बर्फबारी और गरज के साथ बारिश की संभावना जताई है।

## यूपी के 12,200 गांवों को बस की सौगात

### मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना 2026 से ग्रामीण जीवन होगा आसान

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** योगी कैबिनेट में परिवहन को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार ग्रामीण इलाकों में परिवहन क्रांति लाने की तैयारी में जुटी हुई है। मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना 2026 के तहत प्रदेश के उन 12,200 से ज्यादा गांवों को पहली बार नियमित बस सेवा से जोड़ा जाएगा, जहां आज तक कोई सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध नहीं है। राज्य में कुल लगभग 1 लाख गांव हैं, लेकिन इनमें से एक बड़ा हिस्सा मुख्य सड़कों, ब्लॉक या जिला मुख्यालय से कटा हुआ है। इस योजना से ग्रामीणों की रोजमर्रा की आवाजाही, शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार में बड़ा बदलाव आएगा।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि योजना को प्रभावी बनाने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (UPSRTC) की बसों के साथ-साथ निजी बस ऑपरेटरों को भी सक्रिय रूप से शामिल किया जाएगा। निजी संचालकों को ग्रामीण रूट्स पर बस चलाने के लिए विशेष परमिट छूट और प्रोत्साहन दिए जाएंगे, ताकि ज्यादा से ज्यादा बसें इन क्षेत्रों में चल सकें।



परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि बसों का सुविधाजनक टाइमटेबल तैयार किया गया है। जहां सुबह 6 बजे गांव से बस रवाना होगी। रास्ते में 15-20 गांवों और ब्लॉक मुख्यालय से होते हुए सुबह 10 बजे तक जिला मुख्यालय पहुंचेगी। वापसी में शाम 4 बजे जिला मुख्यालय से चलेगी और रात 8 बजे तक मूल गांव लौट आएगी। इस तरह रोजाना एक फिक्स्ड शेड्यूल से ग्रामीणों को भरोसेमंद और समयबद्ध सेवा मिलेगी।

### ग्रामीणों को क्या-क्या मिलेंगे फायदे?

- किसानों को अपनी उपज बाजार तक आसानी से पहुंचाने में मदद।
- छात्र-छात्राओं के लिए स्कूल-कॉलेज जाना सरल।
- महिलाओं, बुजुर्गों और बीमारों को अस्पताल, बाजार और जरूरी जगहों तक पहुंच आसान।
- स्थानीय बाजारों में व्यापार बढ़ेगा, अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।
- बस संचालन से जुड़े कामों में नए रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

### कैबिनेट में बड़ा एजेंडा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को लोकभवन में होने वाली कैबिनेट बैठक में इस योजना सहित 27 से ज्यादा प्रस्तावों पर चर्चा और मंजूरी दी गई है। मुख्य सचिव एसपी गोयल द्वारा जारी एजेंडे में अन्य प्रमुख मुद्दे भी शामिल हैं, जैसेः

- एडेड कॉलेजों के शिक्षकों के लिए कैशलेस इलाज और 5 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा।
- प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत किफायती आवास नीति।
- विभिन्न जिलों में शहरी विस्तार के लिए फंड।
- कानपुर में गंगा पर चार लेन पुल निर्माण।
- बुंदेलखंड पैकेज के तहत डेयरी प्लांट स्थापना।

## होटल, रेस्तरां कामकाज बंद करने की नौबत: उद्योग संगठन ने बताया LPG की कमी से नहीं सर्व होगा फूड

**एजेंसी समाचार**

**दिल्ली।** वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कमी से जूझ रहे होटल कारोबारियों के संगठन ने मंगलवार को कहा कि अगर स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो मुंबई के कई होटल और रेस्तरां को अगले दो दिनों में अपना कामकाज बंद करना पड़ेगा।



फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) के उपाध्यक्ष प्रदीप शेट्टी ने कहा कि पुणे, औरंगाबाद, नागपुर, दिल्ली, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश से भी इसी तरह की समस्याएं सामने आ रही हैं।

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच, सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित प्राकृतिक गैस के आवंटन की प्राथमिकता सूची में संशोधन किया है और एलपीजी उत्पादन को सीएनजी और पाइप वाली खाना पकाने की गैस के साथ शीर्ष पर रखा है। इससे बाजार मूल्य पर वाणिज्यिक एलपीजी का उपयोग करने वाले होटल और रेस्तरां के लिए आपूर्ति में भारी कमी हो गई है।

होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन (पश्चिमी भारत) के प्रवक्ता शेट्टी ने कहा कि बीते एक सप्ताह में वाणिज्यिक एलपीजी की बेहद गंभीर किल्लत हो गई है और सोमवार से कई क्षेत्रों में आपूर्ति लगभग पूरी तरह ठप हो गई है। उन्होंने कहा, "हमें मुंबई, पुणे, औरंगाबाद और नागपुर जैसे शहरों से भी गंभीर किल्लत की खबरें मिल रही हैं। दिल्ली, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में भी इसी तरह की समस्याएं हैं।

CMYK

# रेलवे में नौकरी का झांसा देकर युवक से 11 लाख ठगे, तीन साल बाद दर्ज हुआ मुकदमा

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा देकर फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के एक युवक से 11 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। ठगों ने युवक को फर्जी नियुक्ति पत्र थमाकर ट्रेनिंग के नाम पर इधर-उधर भटकाया। धोखाधड़ी का पता चलने पर पीड़ित ने शिकायत की, जिसके बाद एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने तीन साल बाद आरोपी दंपति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के गांव औंध निवासी सचिन सिंह ने एसएसपी को दी शिकायत में बताया कि करीब तीन वर्ष पहले वह शाहजहांपुर में किराये पर रह रहे अपने भाई से मिलने गया था। इसी दौरान उसकी मुलाकात गुजरात निवासी शिवशंकर मिश्र और उसकी पत्नी रेखा से हुई। दोनों ने रेलवे में नौकरी लगवाने का भरोसा दिलाया और इसके बदले कई किस्तों में 11 लाख रुपये किसी अन्य व्यक्ति के खाते में जमा करवा लिए।

पीड़ित के अनुसार आरोपी उसे दिल्ली भी ले गए, जहां मेडिकल परीक्षण की औपचारिकता कराई गई और बाद में रेलवे का कथित नियुक्ति पत्र दे दिया गया। इसके बाद ट्रेनिंग के नाम पर उससे 10 हजार रुपये और ले लिए गए। आरोप है कि आरोपी ने उसे झारखंड भेज दिया और वहां अपने कुछ परिचितों से मिलवाकर कहा कि यही लोग ट्रेनिंग कराएंगे।

बताया जाता है कि वे लोग युवक को रेलवे स्टेशन के आसपास घुमाते रहे और रात में मौका पाकर फरार हो गए। इसके बाद आरोपी शिवशंकर मिश्र ने भी अपना मोबाइल नंबर बंद कर लिया। संदेह होने पर जब पीड़ित ने रेलवे अधिकारियों से संपर्क किया तो पता चला कि नियुक्ति पत्र और ट्रेनिंग से जुड़े सभी दस्तावेज फर्जी हैं।

एसएसपी अनुराग आर्य के आदेश पर फतेहगंज पश्चिमी पुलिस ने आरोपी शिवशंकर मिश्र और उसकी पत्नी रेखा के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह ने बताया कि मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# गैस संकट के बीच कालाबाजारी का खेल, छापे में 15 घरेलू सिलिंडर बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** एलपीजी सिलिंडरों की आपूर्ति को लेकर जिले में बने संकट के बीच कालाबाजारी का खेल भी शुरू हो गया है। मीरगंज तहसील क्षेत्र के गांव नौसना में घरेलू गैस सिलिंडरों की अवैध बिक्री का मामला सामने आने पर प्रशासन ने कार्रवाई की। उपजिलाधिकारी के निर्देश पर आपूर्ति विभाग की टीम ने पुलिस के साथ मंगलवार को छापा मारकर एक दुकान से 15 घरेलू गैस सिलिंडर बरामद किए। आरोपी दुकानदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिलने के बाद आपूर्ति निरीक्षक की टीम आपूर्ति लिपिक और थाना मीरगंज पुलिस के साथ गांव नौसना पहुंची। टीम ने नाजिर नामक दुकानदार की दुकान पर छापा मारा। तलाशी के दौरान वहां 15 घरेलू गैस सिलिंडर बरामद हुए। इनमें 14 सिलिंडर भरे हुए थे जबकि एक खाली था। जांच के दौरान आरोपी दुकानदार सिलिंडरों से संबंधित कोई वैध कागजात नहीं दिखा सका।



इसके बाद टीम ने सभी सिलिंडरों को जब्त कर लिया और उन्हें जय माता दी गैस एजेंसी, मीरगंज को सुपुर्द कर दिया। आपूर्ति निरीक्षक ने आरोपी नाजिर के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

उधर जिले में पेट्रोलियम कंपनियों के आदेश के बाद होटल-रेस्टोरेंट समेत अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को व्यावसायिक गैस सिलिंडरों की नियमित आपूर्ति पर रोक लगा दी गई है। कंपनियों ने जिले की गैस एजेंसियों और जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश जारी किए हैं कि विशेष परिस्थितियों में ही एजेंसी की ओर से डिमांड भेजे जाने पर व्यावसायिक सिलिंडर उपलब्ध कराए जाएं। हालांकि पुलिस, सेना, अस्पताल और रेलवे जैसी आवश्यक सेवाओं को गैस सिलिंडरों की आपूर्ति पहले की तरह जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## सात मार्च को बढ़ी थीं गैस की कीमतें

पेट्रोलियम कंपनियों ने सात मार्च को घरेलू गैस सिलिंडर की कीमत में 60 रुपये और व्यावसायिक सिलिंडर की कीमत में 115 रुपये की बढ़ोतरी की थी। इसके साथ ही बुकिंग के नियमों में भी बदलाव करते हुए 25 दिन का अंतराल अनिवार्य कर दिया गया है। नए नियम के तहत एक बार घरेलू गैस सिलिंडर की बुकिंग कराने के बाद दूसरी रिफिल के लिए कम से कम 25 दिन का इंतजार करना होगा। उत्तर प्रदेश एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के प्रदेश सचिव आदर्श शर्मा ने बताया कि पेट्रोलियम कंपनियों ने यह आदेश हाल ही में जारी किया है, जिससे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और आम उपभोक्ताओं दोनों पर असर पड़ने की संभावना है।

# तीन पायदान की छलांग लगाकर सीएम डैशबोर्ड में बरेली नंबर वन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की सख्त मॉनिटरिंग और लगातार समीक्षा बैठकों का असर अब साफ दिखाई देने लगा है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी सीएम डैशबोर्ड की फरवरी 2026 रैंकिंग में बरेली ने प्रदेश भर में पहला स्थान हासिल कर बड़ा मुकाम बनाया है। विकास कार्यक्रमों और राजस्व कार्यों की संयुक्त रैंकिंग में भी बरेली ने पूरे प्रदेश में ओवरऑल प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

दरअसल, प्रदेश सरकार द्वारा विकास और राजस्व से जुड़े कार्यों की निगरानी के लिए सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर हर महीने जिलों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाता है। इसी मूल्यांकन के आधार पर फरवरी माह की जारी रैंकिंग में बरेली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में पहला




स्थान हासिल कर लिया।

## विकास कार्यों में बरेली अव्वल

फरवरी 2026 की रैंकिंग के अनुसार विकास कार्यक्रमों में बरेली ने प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। वहीं राजस्व कार्यक्रमों में जिले ने तीसरा स्थान हासिल किया। विकास और राजस्व दोनों कार्यों की संयुक्त रैंकिंग में भी बरेली प्रदेश में नंबर-1 पर पहुंच गया। यह उपलब्धि इसलिए भी खास मानी जा रही है क्योंकि पिछले महीने यानी जनवरी 2026 की रैंकिंग में बरेली चौथे स्थान पर था। लगातार सुधार और सख्त मॉनिटरिंग के चलते जिले ने तीन पायदान की छलांग लगाते हुए शीर्ष स्थान हासिल कर लिया।

## राजस्व कार्यों में भी बड़ा सुधार

जनवरी 2026 में जहां बरेली को राजस्व कार्यक्रमों में नौवां स्थान मिला था, वहीं फरवरी में जिले ने शानदार सुधार करते हुए छह पायदान की छलांग लगाई और सीधे तीसरे स्थान पर पहुंच गया। प्रशासनिक अधिकारियों के मुताबिक यह सुधार जिलाधिकारी की नियमित समीक्षा बैठकों, विभागीय समन्वय और कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग का परिणाम है। उन्होंने निर्देश दिए कि योजनाओं के क्रियान्वयन में गति और पारदर्शिता दोनों सुनिश्चित की जाएं, ताकि जिले की रैंकिंग आगे भी शीर्ष पर बनी रहे।

## डीएम की सख्त मॉनिटरिंग का असर

जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने विकास योजनाओं और राजस्व से जुड़े मामलों की नियमित समीक्षा की। अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने और योजनाओं की प्रगति को लगातार अपडेट करने के निर्देश दिए गए। डीएम के नेतृत्व में विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी मेहनत की, जिसके परिणामस्वरूप जिले के प्रदर्शन में लगातार सुधार दर्ज हुआ और बरेली प्रदेश में शीर्ष स्थान पर पहुंच गया।

## अधिकारियों को दी बधाई

इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि विकास और राजस्व कार्यक्रमों की प्रगति को इसी तरह बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने निर्देश दिए कि योजनाओं के क्रियान्वयन में गति और पारदर्शिता दोनों सुनिश्चित की जाएं, ताकि जिले की रैंकिंग आगे भी शीर्ष पर बनी रहे।

# सऊदी अरब में बरेली मसलक के उलेमा समेत कई लोग हिरासत में

- इफ्तार पार्टी बनी जांच का कारण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** सऊदी अरब में उमरा के लिए गए बरेली मसलक के कई उलेमा और जायरीन को इफ्तार पार्टी के दौरान भीड़ इकट्ठा होने और नारेबाजी की सूचना पर सऊदी पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। इस घटना की जानकारी सामने आते ही सोशल मीडिया पर खबर तेजी से वायरल हो गई, जिससे बरेली समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में चर्चा का माहौल बन गया है।

## इफ्तार पार्टी के दौरान पहुंची पुलिस

जानकारी के मुताबिक सोमवार को बरेली मसलक से जुड़े कुछ उलेमा और उनके साथ गए जायरीन उमरा के लिए सऊदी अरब पहुंचे थे। वहां उन्होंने इफ्तार के मौके पर एक कार्यक्रम आयोजित किया था। बताया जा रहा है कि कार्यक्रम के दौरान कुछ लोगों द्वारा नारेबाजी किए जाने और अचानक भीड़ बढ़ने की सूचना स्थानीय पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही सऊदी पुलिस मौके पर पहुंच गई और कार्यक्रम में मौजूद लोगों से पूछताछ शुरू कर दी। सूत्रों के अनुसार हिरासत में लिए गए लोगों में बरेली मसलक के एक बड़े आलिम भी शामिल बताए जा रहे हैं। उनके साथ बरेली, रामपुर, मुरादाबाद के अलावा मुंबई और महाराष्ट्र समेत देश के अन्य हिस्सों से भी कई लोग उमरा के लिए सऊदी अरब पहुंचे हुए थे। पुलिस ने सभी को एहतियातन हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की।

## कड़ी सुरक्षा के बीच हुई कार्रवाई

बताया जा रहा है कि हाल के दिनों में पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और ईरान-इजरायल के बीच चल रहे युद्ध के कारण सऊदी अरब में सुरक्षा व्यवस्था बेहद सख्त कर दी गई है। इसी वजह से भीड़ इकट्ठा होने, नारेबाजी या किसी भी तरह की सार्वजनिक गतिविधि पर प्रशासन विशेष नजर रख रहा है। फिलहाल सऊदी पुलिस सभी लोगों से पूछताछ कर रही है और मामले की जांच की जा रही है। अभी तक किसी भी तरह की औपचारिक कार्रवाई या आरोप की पुष्टि नहीं हुई है। पूछताछ पूरी होने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी।


# शादी के तीन माह बाद दुल्हन की मौत कमरे में फंदे से लटका मिला शव

- पति पर दहेज हत्या का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** हाफिजगंज थाना क्षेत्र के गांव सुंडियावा में सोमवार रात एक नवविवाहिता का शव उसके कमरे में फंदे से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल की गहन जांच कराई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के पिता ने दामाद समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।

हाफिजगंज थाना क्षेत्र के गांव सिथरा निवासी तेजपाल ने बताया कि उन्होंने अपनी 18 वर्षीय पुत्री पूजा की शादी एक दिसंबर 2025 को गांव



सुंडियावा निवासी भगवतसरन के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग को लेकर पूजा को प्रताड़ित करने लगे थे। प्रताड़ना से परेशान होकर पूजा कुछ समय पहले मायके आ गई थी।

## सोमवार को पति ले गया था ससुराल

परिजनों के मुताबिक सोमवार को पूजा का पति उसे मनाकर अपने साथ ससुराल ले गया था। देर रात परिवार को सूचना मिली कि पूजा की मौत हो गई है। जब परिजन मौके पर पहुंचे तो उसका शव कमरे में दुपट्टे के फंदे से लटका मिला।

मृतका के पिता तेजपाल का आरोप है कि पति और ससुराल पक्ष के अन्य लोगों ने मिलकर पहले पूजा के साथ मारपीट की और फिर उसकी हत्या कर शव को फंदे से लटका दिया, ताकि घटना को आत्महत्या दिखाया जा सके। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर दामाद समेत छह लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी प्रवीन सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और फॉरेंसिक टीम को बुलाया। टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को उतरवाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि फॉरेंसिक टीम ने मौके से अहम साक्ष्य जुटाए हैं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# फंदे पर लटका मिला धोपेश्वरनाथ मंदिर के सेवादार का शव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** कैंट क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध धोपेश्वरनाथ मंदिर में सेवादार के रूप में काम करने वाले युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मरने से पहले उसने 32 मिनट 34 सेकंड का वीडियो बनाकर यूट्यूब पर अपलोड किया, जिसमें प्रेमिका के परिवार, अपने परिजनों और पुलिस पर प्रताड़ित करने तथा झूठी शिकायत कराने के आरोप लगाए हैं। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है।

जानकारी के अनुसार धोपेश्वरनाथ मंदिर के सेवादार विजय राठौर ने आत्महत्या से पहले अपना एक वीडियो यूट्यूब पर अपलोड किया था। इस वीडियो में उसने कहा कि वह पिछले काफी समय से मानसिक रूप से बेहद परेशान है और पूरी-पूरी रात सो नहीं पा रहा है। विजय ने आरोप लगाया कि उसके अपने घरवालों और एक युवती के परिवार ने उसे इतना प्रताड़ित किया कि उसके पास आत्महत्या के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा। वीडियो में विजय यह भी कहता सुनाई देता है कि उसके खिलाफ झूठी शिकायत कराई गई और पुलिस ने भी इस मामले में रुपये लेकर कार्रवाई की। उसने दावा किया कि वह



निर्दोष है, लेकिन किसी ने उसकी बात नहीं सुनी।

## दो साल पहले मंदिर में हुई थी मुलाकात

वीडियो में विजय ने बताया कि करीब दो साल पहले उसकी मुलाकात एक युवती से धोपेश्वरनाथ मंदिर में हुई थी। इसके बाद दोनों की इंस्टाग्राम पर बातचीत शुरू हुई और धीरे-धीरे दोनों करीब आ गए। विजय ने युवती को प्रपोज भी किया था और दोनों के बीच सब कुछ ठीक चल रहा था। विजय के मुताबिक महाशिवरात्रि से पहले दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद युवती ने करीब एक महीने तक उससे बातचीत बंद कर दी। बाद में उसने संदेश भेजकर साफ कह दिया कि अब उनके बीच कोई संबंध नहीं रह सकता।

## घटना के बाद मचा हड़कंप

विजय की आत्महत्या की खबर मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही वीडियो और अन्य तथ्यों के आधार पर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि युवक के आरोपों की गंभीरता से जांच की जाएगी और जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

## गिड़गिड़ाता रहा, लेकिन नहीं मानी युवती

वीडियो में विजय ने कहा कि वह युवती से रिश्ते को बचाने के लिए बार-बार उससे बात करने की कोशिश करता रहा, लेकिन युवती नहीं मानी। इस दौरान उसके परिजनों और युवती के परिवार की ओर से भी उसे प्रताड़ित किया गया। विजय ने अपने वीडियो में कहा कि वह यह वीडियो बरेली के एसएसपी तक पहुंचाना चाहता है। उसने कहा कि उसने सुना है कि एसएसपी अच्छे अधिकारी हैं और उम्मीद है कि उसकी मौत के बाद उसे न्याय मिलेगा।

# बेटी की डोली उठने से पहले ही थम गईं मां की सांसें

- घर के अंदर शव, बाहर आंसू रोककर निभाई गईं शादी की रस्में

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** खुशियों से भरे घर में अचानक मातम पसर गया। बेटी की डोली उठने से पहले ही मां की सांसें थम गईं। घर के एक कमरे में मां का शव रखा था और दरवाजे पर बेटी की बरात खड़ी थी। दिल दहला देने वाले इस मंजर में परिजनों ने आंसू रोककर पहले बेटी की शादी की रस्में पूरी कीं और बरात विदा होने के बाद मां का अंतिम संस्कार करने का फैसला लिया।

बहेड़ी के मोहल्ला आजाद नगर निवासी प्रवीण कुमार सक्सेना की बेटी श्रद्धा का विवाह सोमवार को महराजगंज (गोरखपुर) निवासी प्रिकेश सक्सेना के साथ तय था।



दोपहर के समय करीब 600 किलोमीटर दूर से बरात धूमधाम के साथ पहुंची। घर के बाहर स्वागत की तैयारियां चल रही थीं और रिश्तेदार बरातियों के सत्कार में जुटे थे। इसी दौरान अचानक दुल्हन की मां रजनी की तबीयत बिगड़ गई और देखते ही देखते उनकी सांसें थम गईं। बरात के स्वागत के बीच आई इस खबर ने पूरे परिवार और मोहल्ले को स्तब्ध कर दिया।

अचानक हुए इस हादसे के बाद कुछ देर तक घर में अफरा-तफरी का माहौल रहा। किसी को समझ नहीं आ रहा था कि इस मुश्किल घड़ी में क्या किया जाए। एक तरफ बेटी की शादी की रस्में थीं और दूसरी तरफ मां का पार्थिव शरीर घर में पड़ा था।परिजनों और रिश्तेदारों ने आपस में सलाह करके फैसला किया कि बरात इतनी दूर से आई है, इसलिए पहले बेटी की शादी की रस्में पूरी की जाएं। इसके बाद रजनी का शव घर के अंदर ही रखा गया और बाहर शादी की रस्में शुरू कर दी गईं। परिवार के लोगों ने भारी मन से कन्यादान और अन्य रस्में पूरी कराईं। बरात की विदाई के बाद ही अंतिम संस्कार करने का निर्णय लिया गया।

## मोहल्ले में छा गया मातम

इस दर्दनाक घटना की खबर फैलते ही पूरे मोहल्ले में सन्नाटा छा गया। लोग इस दृश्य को देखकर भावुक हो उठे। एक ही घर में शादी की रस्में और मातम का माहौल देखकर हर किसी की आंखें नम हो गईं। कई लोगों ने कहा कि यह शायद जिंदगी की सबसे कठिन घड़ी थी, जब परिजनों को दिल पर पत्थर रखकर बेटी की खुशियों के लिए अपने दुख को दबाना पड़ा।

# अवैध संबंधों के शक में पत्नी की हत्या श्मशान घाट में शव फेंककर भागा पति

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** भुता थाना क्षेत्र में मंजू देवी की उसके पति भीमसेन ने बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने सबूत छिपाने के लिए शव को गांव की श्मशान भूमि में फेंक दिया। मंगलवार सुबह जब ग्रामीण श्मशान की ओर से गुजरे तो महिला का शव देखकर दंग रह गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।

मंगलवार तड़के गांव के कुछ लोग श्मशान भूमि की ओर जा रहे थे। तभी उनकी नजर एक महिला के शव पर पड़ी। शव देखकर लोगों में सनसनी फैल गई। तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही भुता थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने



शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गांव रावलकलां निवासी भीमसेन की पहली पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी। इसके बाद उसने पीलीभीत जिले के एक गांव की रहने वाली 30 वर्षीय मंजू देवी से शादी की थी। बताया जा रहा है कि भीमसेन को पत्नी के चरित्र पर शक रहता था। वह अक्सर मंजू पर किसी युवक से संबंध होने का आरोप लगाता था। इसी शक के चलते दोनों के बीच आए दिन विवाद होता था। सोमवार रात भी इसी बात को लेकर पति-पत्नी में झगड़ा हुआ। आरोप है कि गुस्से में आकर भीमसेन ने मंजू को बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। मारपीट इतनी ज्यादा हुई कि मंजू की मौके पर ही मौत हो गई।

पत्नी की मौत के बाद आरोपी घबरा गया। पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए उसने देर रात ही मंजू के शव को गांव की श्मशान भूमि में ले जाकर फेंक दिया और घर लौट आया। सुबह जब ग्रामीणों ने शव देखा तो पूरे गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। मंजू के शरीर पर कई जगह गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि महिला को बेरहमी से पीटा गया था।

आवश्यकता
उत्तर प्रदेश का तेजी से बढ़ता अखबार जागरण मोर्चा 9 मार्च से आपके बीच आ रहा है। जिसमें जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
मोबाइल नंबर
7906815587,9758444242

# भारत और अमेरिका के बीच हुई व्यापार डील से किसानों में रोष

## बिलासपुर में भाकियू चढ़ूनी ने ट्रैक्टर मार्च निकाला, तहसीलदार को सौंपे दो ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलासपुर:** भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) से जुड़े किसानों ने भारत-अमेरिका व्यापार डील के विरोध में प्रदर्शन किया। मंगलवार को किसानों ने ट्रैक्टर मार्च निकालकर केंद्र सरकार से इस समझौते को तत्काल समाप्त करने की मांग की।इस दौरान प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित दो अलग-अलग ज्ञापन तहसीलदार को सौंपें।

सुबह लगभग 11 बजे भाकियू (चढ़ूनी) गुट के पदाधिकारी और कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष सरदार हरदीप सिंह पड्डा के नेतृत्व में हाईवे स्थित मन्नत गार्डन पर एकत्र हुए। बड़ी संख्या में किसान अपने ट्रैक्टरों के साथ पहुंचे।किसानों ने एक सभा आयोजित कर भारत-अमेरिका व्यापार डील को किसानों के हितों के विरुद्ध बताया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। दोपहर करीब 12 बजे किसान ट्रैक्टरों पर सवार होकर ट्रैक्टर मार्च के रूप में मुख्य चौराहे की ओर बढ़े जहां विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद किसान तहसील भवन की ओर बढ़ने लगे जहां पूर्व विधायक संजय कपूर तमाम कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ इस ट्रैक्टर मार्च में शामिल हुए। वहीं ट्रैक्टर मार्च के दौरान रामपुर रोड पर तहसीलदार शिवकुमार शर्मा मौकें पर पहुंचे। और किसानों का ज्ञापन लिया।इससे पूर्व जिलाध्यक्ष हरदीप सिंह पड्डा ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता भारतीय किसानों के हितों के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस डील से विदेशी कृषि उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा,जिससे देश के किसानों को नुकसान होगा। पड्डा ने चेतावनी दी कि यदि केंद्र सरकार ने जल्द ही इस व्यापार डील को वापस नहीं लिया, तो भारतीय किसान यूनियन बड़े आंदोलन का रास्ता अपनाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसान अपने अधिकारों के लिए किसी भी स्तर तक संघर्ष करने को तैयार हैं।किसानों ने सरकार से ऐसी किसी भी नीति या समझौते से बचने का आग्रह किया, जिससे देश के किसानों की आजीविका प्रभावित हो।उन्होंने एकजुट होकर सरकार से किसानों के हितों को प्राथमिकता देने की मांग की।किसान नेताओं ने दोहराया कि यदि उनकी मांगें समय पर नहीं मानी गई तो बड़ा आंदोलन होगा।वहीं पूर्व कांग्रेसी विधायक संजय कपूर ने भी मार्च में शामिल होने के बाद विरोध दर्ज कराया और कहा कि पहले भी किसानों के आंदोलन के आगे सरकार को झुकना पड़ा था और अब भी किसान इस कानून को वापिस लेने की मांग को लेकर संघर्षशील रहेंगे कांग्रेस पूरी तरह से समर्थन में हैं।इस मौके पर कृपाल सिंह, सुखदेव सिंह, मनिंदर सिंह, गुरबाज सिंह, भूपेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, गगनदीप सिंह, हरजिंदर सिंह, पलविंदर सिंह,तरसेम सिंह, गुरविंदर सिंह, इंद्रजीत सिंह आदि मौजूद रहे।


प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपते किसान। -जागरण मोर्चा

# दो बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, तीन घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैदनगर।** अजीमनगर थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। इस हादसे में एक युवक कीमौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया है।

हादसा मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे अजीम नगर-मिलकखानम रोड पर मंसूरपुर गांव के पास अली नगर शुमाली मोड़ पर हुआ। अजीम नगर क्षेत्र के अली नगर शुमाली निवासी 18 वर्षीय अमन पुत्र फरजंद अपने चचेरे भाई शानिब के साथ बाइक पर अलीनगर शुमाली मोड़ तक जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही बाइक बाइक से भिड़त हो गई। जिसमें दोनों बाइक क्षतिग्रस्त हो गईं और उन पर सवार चारों लोग घायल हो गए। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर अजीम नगर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने अमन 18 वर्ष को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पीएम हाउस भिजवाया है। दूसरी बाईक पर टांडा क्षेत्र के चौदरपुर निवासी अनीस और फैजान को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जिनका इलाज जारी है। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। थाना प्रभारी कर्म सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।


अमन का फाइल फोटो।

## एक नजर

### महिला के साथ मारपीट करने में चार फंसे, केस दर्ज

**शाहबाद :** थाना क्षेत्र में रंजिश के चलते महिला पर हमला कर घायल करने का मामला सामने आया है। 1 मार्च की दोपहर 1 बजे बरखेड़ा गांव के पास रास्ते में हुई। पीड़ित अतर कली पत्नी रतनलाल निवासी बरखेड़ा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने देवर भोजराज के साथ थाने आई हैं। अतर कली का आरोप है कि गांव के ही आकाश और उसकी बहन रेखा तथा टीटू और विष्णु पुत्र सोदान सिंह निवासी मुगरेजपुर, कुढ़फतेहगढ़, संभल ने उन्हें रास्ते में रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध पर उन्हें लात-घूंसों और लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा। शाहबाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# डीएम ने मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल और आयुष्मान कार्ड बांटे

## जनता दर्शन में दिव्यांगजनों, भूमिहीनों व जरूरतमंदों को मिली राहत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने दूरदराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना। संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। जनता दर्शन के दौरान कई जरूरतमंदों को मौके पर ही राहत भी प्रदान की गई।

जनता दर्शन में मठ वाला कब्रिस्तान, संतोषी माता मंदिर, दिव्यांग तुषार तथा तहसील सदर के ग्राम पंजाब नगर निवासी दिव्यांग वीरपाल को जिलाधिकारी द्वारा मोटराइज्ड ट्राई साइकिल प्रदान की गई। मोटराइज्ड ट्राई साइकिल प्राप्त कर दोनों दिव्यांग ने खुशी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इससे उनके दैनिक जीवन के कार्यों को करने में काफी सहूलियत मिलेगी और आवागमन में होने वाली कठिनाइयों से राहत मिलेगी। इसके अतिरिक्त तहसील सदर के ग्राम करीमपुर शर्की निवासी दिव्यांग महेन्द्र को भी ट्राईसाइकिल प्रदान की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि दिव्यांग समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से निरंतर सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे पात्र दिव्यांगजनों की पहचान कर उन्हें शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाया जाए।जनता दर्शन के दौरान तहसील मिलक के ग्राम निस्वी निवासी मुरारी लाल एवं ग्राम सिलाईबड़ा निवासी माला देवी ने स्वयं को भूमिहीन बताते हुए भूमि उपलब्ध कराए जाने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए, जिसके क्रम में दोनों लाभार्थियों को पट्टे की भूमि उपलब्ध कराई।भूमि प्राप्त होने पर दोनों लाभार्थियों ने जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया। इसके अतिरिक्त अजीतपुर निवासी अली अमजा, लालपुर पट्टी खुर्द निवासी नत्थू सिंह तथा भूरी देवी ने गंभीर बीमारी के उपचार के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी के निर्देश पर तत्काल कार्यवाही करते हुए तीनों लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है।संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में अधिक से अधिक पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं, ताकि जरूरतमंद परिवारों को योजना का लाभ मिल सके।


बालिका को आयुष्मान कार्ड देते डीएम। -जागरण मोर्चा

# शैलेंद्र कुमार अध्यक्ष, दिनेश कुमार बने उपाध्यक्ष

## किला परिसर में आईटीआई में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** किला परिसर में राजकीय आईटीआई में उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष पंडित राम बाबू शर्मा ने कार्यकारिणी का विस्तार के बाद राजकीय अनुदेशक संघ का जिलाध्यक्ष मनोज सक्सेना, कार्यशाला परिसर कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सक्सेना, जनपद कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष दिनेश कुमार अग्रवाल को विशेष सदस्य मनोनीत कर प्रमाण पत्र दिए गए।

मंगलवार को किला परिसर आईटीआई में कार्यक्रम में आयोजन हुआ। जिसके मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य रहे। कार्यक्रम के दौरान एक-दूसरे को गुझिया, नमकीन खिलाकर गले मिलकर होली की बधाई दी। इस अवसर पर अमित पटेल, ऋचा, मदन गोपाल, विकास यादव, राहुल चंद दाम, रजत गुप्ता आदि मौजूद रहे।


आईटीआई परिसर में नववर्ष का कैलेंडर देते जिलाध्यक्ष पंडित राम बाबू शर्मा।

# तीन लोगों के खिलाफ कोर्ट में परिवाद दायर, अब 26 मार्च को होगी सुनवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय



**रामपुर।** बिना बताए कर्मचारी की सेवा समाप्त करने के मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट ने जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित तीन लोगों को तलब किया है। इस मामले में अब 26 मार्च को सुनवाई होगी।

थाना मिलक के गांव लाडपुर निवासी गुड्डू का कहना है कि वह जिला प्रोबेशन कार्यालय में 22 अप्रैल 2017 से आउट रिच कार्यकर्ता के पद पर रहते हुए कार्य कर रहा था,लेकिन जुलाई 2025 से जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा पीड़ित से मूल्यांकन व वेतन वृद्धि के नाम पर अनुचित एवं विधि विरूद्ध मांग करना शुरू कर दिया था। मना करने पर अधिकारी द्वारा उसको परेशान किया जाने लगा।आरोप है कि एक लाख रुपये की मांग शुरू कर दी। वहां पर तैनात कर्मचारी सुरेंद्र,व राजकुमार भी पैसे मांगने लगे। 13 नवंबर 2025 को बिना सूचना दिए पीड़ित की सेवाएं समाप्त कर दी। पूछने पर अधिकारी ने जेल भिजवाने की धमकी दी। इस मामले में पीड़ित ने 26 फरवरी 2026 को एसपी से शिकायत की। पर कोई कार्रवाई नहीं हो सकी।उसके बाद पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। राकेश यादव ने बताया कि इस मामले में कोर्ट ने तीन लोगों को तलब किया है। इस मामले में अब 26 मार्च को सुनवाई होगी।

# 39 गांवों को मास्टर प्लान-2031 में शामिल करने की दी जानकारी

## विकास भवन सभागार में रामपुर विकास प्राधिकरण की हुई बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** शहर विधायक आकाश सक्सेना, जिला सहकारी बैंक चेयरमैन मोहन लाल सैनी, पूर्व विधायक काशीराम दिवाकर, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी सहित विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में विकास भवन सभागार में रामपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जीआईएस आधारित मास्टर प्लान-2031 के संबंध में प्रथम बैठक हुई।

बैठक के दौरान रामपुर विकास प्राधिकरण द्वारा कुल 39 गांवों को मास्टर प्लान-2031 में शामिल किए जाने की जानकारी दी। तहसील सदर के स्वार रोड क्षेत्र के राजस्व ग्राम खौद, सींगनखेड़ा, जगतपुर, अहरौला, अलीगंज बेनजीर, किशनपुर (निकट अटरिया), अटरिया तथा पैगा शामिल हैं। इसी प्रकार बिलासपुर रोड क्षेत्र के केशरपुर, रहपुरा, मिलक हाशम, कोयला, कोयली, इन्द्री, इन्द्रा एवं भमरौआ को भी मास्टर प्लान में सम्मिलित किया गया है।

इसके अतिरिक्त बरेली रोड क्षेत्र के मगरमऊ, अलीनगर जनूबी, रायपुर, मैडयान कल्लू, पट्टी कल्यानपुर, कल्यानपुर, अब्बास नगर, पसियापुर जनूबी, अहमद नगर थैगा, मिलक इच्छाराम, वजीरपुर, पंजाब नगर, थैगा, बिजईया, चिकना, फैजनगर, फतेहपुर, दनियापुर, शंकरपुर, मैडयान उदयराज, ककरौआ तथा भंडपुरा को भी मास्टर प्लान-2031 में शामिल किया है। मास्टर प्लान में इन गांवों के शामिल होने से क्षेत्र में नियोजित विकास, बेहतर आधारभूत ढांचा, सड़कों, जल निकासी, आवासीय एवं व्यावसायिक सुविधाओं के विकास के लिए भविष्य में योजनाएं तैयार की जा सकेंगी, जिससे क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति मिलेगी।

बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों, उद्योगपतियों एवं विभिन्न एसोसिएशनों से मास्टर प्लान-2031 के संबंध में सुझाव एवं आपत्तियां आमंत्रित किए जाने का निर्णय लिया। ताकि सभी पक्षों के विचारों को सम्मिलित करते हुए जनपद के समग्र एवं संतुलित विकास की दिशा में प्रभावी योजना तैयार की जा सके।


बैठक में मौजूद अधिकारी एवं विधायक। -जागरण मोर्चा

# आईआईए के पदाधिकारियों ने बैठक में रखे सुक्षाव

जागरण मोर्चा कार्यालय



**रामपुर।** आरडीए द्वारा विस्तारित क्षेत्र के लिए मास्टर प्लान तैयार किये जाने के लिए हुई बैठक में आईआईए की ओर से चेयरमैन श्रीष गुप्ता ने सुझाव प्रस्तुत किए।

शहर विधायक आकाश सक्सेना, आर डी ए के सदस्य मोहन लाल सैनी, काशीराम दिवाकर एवं जिलाधिकारी के सम्मुख रखे गए प्रस्तावों में उद्योगों के लिए जहां भूमि की दरें कम है उन क्षेत्रों को उद्योगों के लिए चिन्हित करने का सुझाव रखा।

इसके अलावा सर्वे के समय स्थानीय लेखपाल, प्रधान ,ज़िला पंचायत सदस्यों के सहयोग लेने का प्रस्ताव रखा। सड़क के किनारे वाले प्लॉट्स को उद्योगों एवम व्यावसायिक के लिए यूज रखने का प्रस्ताव दिया। रामपुर में मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के लिए भी सस्ती दर वाली भूमि को अस्पताल के लिए योजना में लैंड यूज रखने का प्रस्ताव दिया।

चेयरमैन श्रीष गुप्ता ने प्रस्ताव रखा कि टाउन प्लानर की एक बैठक में आईआईए सदस्यों के साथ रख ली जाए। जिसमें विस्तार से स्टैग होल्डर्स को योजना के बारे में विस्तार से बता दिया। जिसका नगर विधायक ने समर्थन किया। बैठक में आई आई ए सचिव मनोज गर्ग एवं सदस्य अमृत कपूर ने भी प्रस्ताव रखे।

# क्षत्रिय महासभा का 29 मार्च को होली मिलन कार्यक्रम


कार्यक्रम के दौरान मौजूद मुख्य अतिथि एवं पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री एवं होली मिलन समारोह के प्रभारी जय गोविंद सिंह का रामपुर आगमन हुआ।उन्होंने आने वाले कार्यक्रम की समीक्षा की। और जिले के पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

बताया कि होली मिलन कार्यक्रम एवं क्षत्रिय वार्षिकोत्सव 29 मार्च को किया जाएगा, जिसमें मेधावी बच्चों के साथ समाज के अग्रणी बुजुर्गों को सम्मानित किया जाएगा।बैठक में प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष सचिन राजपूत, अजय ठाकुर, जयगोविंद सिंह, ओमवीर सिंह, उमेश पाल सिंह, अंजीत सिंह प्रवीण कुमार सिंह, हर्षवर्धन सिंह, राज सिंह, अनुज आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन युवा जिलाध्यक्ष अतुल कुमार सिंह ने किया।

# सात साल की आफिया शेरी ने रखा पहला रोजा

**जागरण मोर्चा कार्यालय, रामपुर।** मोहल्ला पुराना गंज मंगल की पैठ निवासी हाफिज महफूज हुसैन शेरी जमाली की 7 साल की बेटी आफिया शेरी ने माह ए रमजान का पहला रोजा रखा। आफिया शेरी गुलशने रईस पब्लिक स्कूल की यूकेजी की छात्रा हैं। आफिया रोजा रखकर बहुत खुश नजर आ रही हैं। रोजाना कुरआन ए करीम तिलावत भी सीख रही है, नमाज भी पढ़ना सीख रही हैं। हाफिज महफूज हुसैन शेरी जमाली ने अपने मुल्क में अमन शांति और खुशहाली के लिए दुआ कराई। इस अवसर पर हाफिज मेराज हसन शेरी, कारी फैयाज खां जमाली, मोहम्मद फैज शेरी, महमूद हुसैन शेरी आदि मौजूद रहे।


आफिया शेरी।

# बापू माल की 6 दुकानों की जमा हुई सिक्योरिटी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** तोपखाना गेट स्थित बापू माल की 11 दुकानों की सोमवार को हुई नीलामी की 6 लाख रुपये की सिक्योरिटी जमा हुई। दुकानों की नीलामी का आज आखिरी दिन है। इसलिए मंगलवार को पालिका प्रशासन से दुकानों की नीलामी कराए जाने के प्रचार-प्रसार कराया।

नगर पालिका परिषद के सम्पत्ति विभाग के अधिकारियों के अनुसार बापू माल की 133 दुकानें प्रथम तल, 16 हॉल, मौलाना अबुल आजाद मार्केट के प्रथम तल की 40 दुकानें, गुरु नानक रोड मार्केट में भूतल पर अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित 2 दुकाने, बी अम्मा शापिंग काम्पलेक्स के भूतल व प्रथम तल पर 40 दुकानें, पुराना गंज भूतल पर 2 दुकानें, सराय गेट भैंस खाना भूतल पर 5 दुकानें नीलामी में शामिल हैं। इसमें सोमवार को पालिका के सभागार में हुई नीलामी में 16 बोलीदाता ने प्रतिभाग किया। इसमें 13 दुकानों की नीलामी हुई।

इसमें बापू माल की 11, पुराना गंज की 2 दुकानें शामिल है। मंगलवार को 6 दुकानों की सिक्योरिटी 6 लाख रुपये जमा हुई है। ईओ ने बताया कि बापू माल की दुकानों का किराया आधा, साथ ही प्रीमियम भी 3 साल में किश्त के दुकानदार अदा कर सकेंगे। दुकानों की नीलामी में 9,10,11 तक होनी है, इसलिए आज अंतिम दिन है।



# दहेज हत्या में मां-बेटी को किया गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्वार।** महिला की दहेज हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी मां बेटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी मां बेटी को न्यायालय में पेश किया। जहां से न्यायालय ने आरोपी मां बेटी को जेल भेजा है। 16 फरवरी को जलील अहमद

पुत्र शवलू निवासी ग्राम कुचैटा थाना अजीम नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि जुनैद,आजम, इल्मा पुत्री जाकिर और मुरसलीन पत्नी जाकिर अली निवासी मोहल्ला चक स्वार ने उसकी 25 वर्षीय पुत्री मुन्तियाज जहां को स्कॉर्पियो कार और 20 लाख रुपये दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा था।

आरोप है कि मांग पूरी न करने पर महिला की गला घोंटकर हत्या कर शव को पंखे से लटका दिया था। परिजनों को जान से मारने की धमकी दी थी।

पुलिस दो आरोपी जुनैद और आजम को पहले ही जेल भेज चुकी है। मंगलवार को पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि महिला की हत्या करने की आरोपी मुरसलीन पत्नी जाकिर अली व इलमा पुत्री जाकिर अली भागने की फिराक में गांव मुंशीगंज के निकट बिजली घर पर सवारी के इंतजार में खड़ी है। पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी मां बेटी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से न्यायालय ने आरोपी महिलाओं को जेल भेजा है।


पुलिस की गिरफ्त में मां बेटी। -जागरण मोर्चा

## एक नजर

### जिला अस्पताल को मिला त्वचा रोग फिजिशियन, कई वर्षों से रिक्त है विशेषज्ञ का पद

**रामपुर।** जिला अस्पताल को सर्जन के बाद त्वचा रोग फिजिशियन मिल गया हैं। सप्ताह भर पहले ही अस्पताल में जनरल सर्जन, आर्थोपेडिक सर्जन की तैनाती शासन स्तर से हुई हैं। हालांकि अभी इन दोनों ने ओपीडी शुरू नहीं की हैं। अस्पताल प्रशासन के अनुसार मंगलवार को त्वचा रोग फिजिशियन डॉ.शाहरूख सिद्दीकी की तैनाती शासन से हो गई है। इनका भी अनुबंध एक साल के लिए हैं। लेकिन फिजिशियन 10-12 दिन बाद ही ओपीडी करेंगें। जिला अस्पताल में कई वर्षों से त्वचा रोग डॉक्टर नहीं हैं। डॉक्टर के नहीं होने से मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं। पद रिक्त होने पर स्किन के रोगी मजबूरी में प्राइवेट चिकित्सकों की ओर रूख करते हैं। जहां प्राइवेट में मरीजों को जेब ढीली करनी पड़ रही हैं। लेकिन जिला अस्पताल में रोगियों को फिजिशियन देखा करेंगे। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.बीसी सक्सेना ने बताया कि त्वचा रोग फिजिशियन की तैनाती डॉ.शाहरूख सिद्दीकी के रूप में शासन से हुई है।

# केमरी पुलिस ने अधिवक्ता के घर हुई लाखों की चोरी का किया खुलासा

## आरोपियों ने चोरों ने चुराए गए आभूषणों को बेचकर खरीदे थे आइफोन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलासपुर।** क्षेत्र के उपनगर केमरी में बिलासपुर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता हरिओम सक्सेना के घर हुई लाखों रुपये की चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जिनमें एक बाल अपचारी भी शामिल है। पुलिस ने उनके पास से 640 ग्राम सोने और 852 ग्राम चांदी के जेवर तथा चोरी में प्रयुक्त बाइक बरामद की है।

पुलिस के अनुसार चोरी किए गए जेवरों और नकदी से आरोपियों ने महंगे मोबाइल फोन भी खरीदे थे। आरोपित अनमोल ने करीब 40 हजार रुपये की डाउन पेमेंट देकर आइफोन 17 प्रो खरीदा था, जबकि बाल अपचारी ने 30 हजार रुपये में सेकेंड हैंड आईफोन लिया था। पुलिस ने दोनों मोबाइल फोन भी बरामद कर लिए हैं।


केमरी थाने में पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। -जागरण मोर्चा

20 फरवरी की रात केमरी कस्बे के मोहल्ला चमारान निवासी अधिवक्ता हरिओम सक्सेना के घर हुई थी। उस दिन अधिवक्ता अपने परिवार के साथ बेटी के ससुराल काशीपुर गए हुए थे। इसी दौरान चोरों ने बंद घर को निशाना बनाया और ताले तोड़कर नकदी व जेवर समेत लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया था। अगली सुबह करीब पांच बजे पास में रहने वाली एक महिला ने घर का दरवाजा खुला देखा। आवाज लगाने पर कोई जवाब नहीं मिला तो उसने पास में रहने वाले रिश्तेदारों को सूचना दी। रिश्तेदार घर के अंदर पहुंचे तो कमरे में सामान बिखरा हुआ मिला। इसके बाद अधिवक्ता को घटना की जानकारी दी गई। सूचना मिलने पर केमरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। फील्ड यूनिट की टीम और अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने भी मौके का निरीक्षण कर जल्द से जल्द घटना का खुलासा करने के निर्देश दिए थे। अधिवक्ता के घर में लगे सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर भी चोर अपने साथ ले गए थे। इसके अलावा उनके पिता की लाइसेंसी बंदूक के कारतूस भी चोरी कर लिए गए थे। हालांकि आसपास लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में तीन संदिग्ध दिखाई दिए थे, जिसके आधार पर पुलिस उनकी तलाश में जुटी थी। केमरी थाना प्रभारी हिमांशु चौहान ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में कई अहम जानकारियां मिली हैं। पुलिस ने चोरी में शामिल तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनसे बरामद सामान के संबंध में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## अलविदा-ईदगाह में होगी ईद की नमाज


मौलवी फैजान खां।

**जागरण मोर्चा कार्यालय, रामपुर।** नमाजियों को अलविदा जुमे और ईद की नमाज सड़कों पर पढ़ने की इजाजत नहीं होगी। इसके लिए जामा मस्जिद की इंतजामिया कमेटी ने ऐलान कर दिया है कि अलविदा, ईद की ईदगाह में अदा होगी। सभी लोग गली-मोहल्लों की मस्जिदों में ही नमाज अदा करें। कोई भी सड़क पर नमाज अदा नहीं करें। जामा मस्जिद के नायब इमाम ए शहर मौलवी फैजान खां ने अपील करते हुए कहा कि 13 मार्च को जुमे की अलविदा की नमाज सभी लोग जामा मस्जिद के अंदर होगी। ईद की नमाज ईदगाह के अंदर ही होगी। इसलिए सभी से अपील है कि अपने अपने गांव ओर मोहल्लों की मस्जिदों के अन्दर ही नमाज अदा करें सड़कों पर नमाज ना पढे।


शाहबाद में कुरान मुकम्मल के मौके पर मौजूद उलेमा और लोग। -जागरण मोर्चा

## शाहबाद की बिलाल और ढकिया की सकलैनी मस्जिद में मुकम्मल हुआ कुरान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** सोमवार को 20 वीं तराहवी के मौके पर तहसील क्षेत्र के ढकिया गांव की सकलैनी मस्जिद में कुरान मुकम्मल हुआ। हाफिज अब्दुल कादिर ने करान ए पाक पढ़ा व हाफिज व कारी मोहम्मद हसन ने कुरान सुना। अपनी तकरीर में इमाम हाफिज अब्दुल कादिर ने रमजान माह की फजीलत बयान की बयान के बाद मुल्क में अमन चैन की दुआ की गई। इस मौके पर हाजी मोहम्मद रफीक, शमशाद मलिक, अबरार मोहम्मद, राशिद खान, अहमद राजा, बदलू, मोहम्मद तौफीक, मुनाजिर, नबी मोहम्मद,मंसूरी डॉक्टर,सलीम ,ओवैस फारूक मौजूद रहे। उधर शहर के मोहल्ला फर्राशान की बिलाल मस्जिद में भी कुरान मुकम्मल हुआ। इस मौके पर मस्जिद के इमाम मुफ्ती साकिब साहब ने रमजान की फजीलत बयान की वह मुल्क में अमन व चैन की दुआएं की। इस मौके पर वाहिद बेग,शाकिर धर्मा, अब्दुल रऊफ, अब्दुल्ला आदि लोग मौजूद रहे।

# डीआईजी सहित 42 जवानों ने किया रक्तदान

## सेवा और निष्ठा के साथ ग्रुप केंद्र रामपुर में लगा मेगा रक्तदान शिविर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** देश की आंतरिक सुरक्षा के सजग प्रहरी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने अपनी टैगलाइन सेवा और निष्ठा को चरितार्थ करते हुए ग्रुप रामपुर स्थित रंगशाला भवन में एक मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में बल के अधिकारियों और सैकड़ों जवानों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता के प्रति अपने समर्पण को प्रदर्शित किया।

शिविर का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद शहर विधायक आकाश सक्सेना ने किया। उन्होंने जवानों के जज्बे को सलाम करते हुए कहा कि सीआरपीएफ न केवल युद्ध के मैदान और आंतरिक सुरक्षा में अपना पसीना बहाती है, बल्कि आम नागरिकों की जान बचाने के लिए अपना रक्त देने में भी सबसे आगे रहती है। डीआईजी ग्रुप केंद्र पूर्ण सिंह धर्मशक्ति ने खुद रक्तदान कर इस अभियान का नेतृत्व किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान न केवल किसी जरूरतमंद को जीवनदान देता है, बल्कि यह स्वयं के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। मानवता की सेवा ही बल का सबसे बड़ा धर्म है। शिविर में सुबह से ही जवानों की लंबी कतारें देखी गईं। युवा रंगरूटों से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों तक, हर कोई इस पुनीत कार्य का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित नजर आया। रक्तदान करने वाले एक जवान ने गर्व से कहा, "वर्दी पहनकर देश की रक्षा करना हमारा धर्म है, और रक्तदान के माध्यम से किसी की जान बचाना हमारा सौभाग्य।" इस अवसर पर स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का उद्घाटन कावा अध्यक्ष रेखा सिंह द्वारा किया गया। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में प्रतिष्ठित सरकारी अस्पतालों, निजी सोसायटियों के डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। सुरक्षा के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों के इस प्रयास की शहर भर में सराहना की जा रही है। इस दौरान सहायक कमांडेंट पुरुषोत्तम जोशी, रणवीर सिंह, अवधेश पांडे अधिकारियों सहित 42 जवानों ने रक्तदान किया।


रक्तदान करते डीआईजी। -जागरण मोर्चा


रक्तदान करते जवान। -जागरण मोर्चा

## जानलेवा हमले के दो नामजद आरोपी दबोचे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्वार।** रंजिश के चलते पिता पुत्र पर धारदार हथियार से हमला करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से न्यायालय ने दोनों आरोपियों को जेल भेजा है। 27 फरवरी को नगर के मोहल्ला खास स्वार में पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया था।

विवाद के दौरान मोहल्ले के ही आरोपी सरफराज, तौकीर अली, मतलूब ने युवक इंतखाब हुसैन व उसके पिता अशफाक हुसैन पर हसिया से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई थी। घायल इंतखाब हुसैन की तहरीर पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने आरोपी सरफराज को पहले ही जेल भेज दिया था। मंगलवार को कस्बा इंचार्ज अभिनव देशवाल को सूचना मिली कि घटना के आरोपी तौकीर पुत्र अमानत अली और महबूब पुत्र करामत भागने की फिराक में झाड़ू फैक्ट्री के निकट कब्रिस्तान पर सवारी के इंतजार में खड़े है। कस्बा इंचार्ज पुलिस के साथ मौके पर पहुंची। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया। जहां से न्यायालय ने दोनो आरोपियों को जेल भेजा है।


पुलिस की गिरफ्त में जान लेवा हमले के आरोपी। -जागरण मोर्चा

## 24 मार्च को राजकीय पॉलीटेक्निक में आयोजित होगा रोजगार मेला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** प्रभारी सेवायोजन अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के तहत जिले के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन 24 मार्च को प्रातः 10 बजे से राजकीय पॉलिटेक्निक रामपुर के प्रांगण में किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि वृहद रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की लगभग 40 मल्टीनेशनल कंपनियां प्रतिभाग करेंगी, जिनके द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। रोजगार मेले में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा एवं अन्य योग्यताधारी अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थी अधिक से अधिक संख्या में रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण कर रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सेवायोजित हो सकते हैं।

बताया कि रोजगार मेले में सम्मिलित होने के लिए रोजगार संगम पोर्टल पर अभ्यर्थी का पंजीयन होना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी अपनी योग्यता के अनुसार पंजीयन कर किसी भी कंपनी में आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क है। यदि कोई भी कंपनी अभ्यर्थियों से कॉल अथवा एसएमएस के माध्यम से किसी प्रकार की फीस या धनराशि की मांग करती है तो किसी भी प्रकार का भुगतान न करें। इस रोजगार मेले में किसी प्रकार का यात्रा-भत्ता देय नहीं होगा।

# उप निरीक्षक नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने बैठक ली

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र की उपस्थिति में 14 एवं 15 मार्च को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाली उप निरीक्षक नागरिक पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित सेक्टर मजिस्ट्रेटों, पुलिस अधिकारियों एवं परीक्षा केंद्र प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा को पूरी पारदर्शिता, शुचिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न कराया जाए। कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का सभी अधिकारी गहनता से अध्ययन कर लें, ताकि परीक्षा का संचालन व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से सुनिश्चित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक एवं अन्य नामित अधिकारी निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी सतर्कता, अनुशासन एवं समयबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।


उप निरीक्षक पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर बैठक में संबोधित करते डीएम एसपी।

उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों पर तैनात सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने साथ फोटोयुक्त पहचान पत्र अनिवार्य रूप से रखना होगा तथा आवश्यकता पड़ने पर उसे प्रदर्शित करना होगा। पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने कहा कि परीक्षा केंद्रों की पूर्व जांच, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की जाए। किसी भी स्तर पर परीक्षा की गोपनीयता एवं शुचिता भंग नहीं होनी चाहिए। यदि कोई व्यक्ति परीक्षा में व्यवधान डालने या अनुचित गतिविधि करने का प्रयास करता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने मुख्य आरोपी को भेजा जेल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** युवती से छेड़छाड़ कर खुदकुशी के लिए मजबूर करने वाले मुख्य आरोपी को शाहबाद पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र के रुस्तमपुर गांव में 5 मार्च को 16 वर्षीय छात्रा का शव उसके घर के कमरे में लटका पाया गया था, जिसके बाद सोमवार को युवती के पिता राकेश ने शाहबाद थाने पर तहरीर देकर गांव के ही अतुल कुमार, सर्वेश और गौतम पर उसकी बेटी से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया था। छात्रा के पिता का आरोप था कि तीनों लोगों की छेड़छाड़ से तंग आकर उसकी पुत्री ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। पुलिस ने छात्रा के पिता की तहरीर पर तीनों लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने मंगलवार को विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए मुख्य आरोपी अतुल कुमार उर्फ इंदल पुत्र सर्वेश निवासी रुस्तमपुर थाना शाहबाद को मुखबिर की सूचना पर बवनपुरी मोड़ के रामगंगा पुल के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई दिलीप सिंह, हेड कांस्टेबल कपिल कुमार, कांस्टेबल सुरेश कुमार आदि रहे।


छात्रा से छेड़छाड़ कर खुदकुशी को मजबूर करने वाला मुख्य आरोपी।

### दो पैनकार्ड मामले में सजा के खिलाफ अपील पर 16 मार्च को होगी सुनवाई

**रामपुर।** अब्दुल्ला आजम के दो पैन कार्ड मामले में सजा के खिलाफ अपील के मामले में मंगलवार को अभियोजन पक्ष की बहस पूरी हो गई है। अब इस मामले में 16 मार्च को सुनवाई होगी। एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में तारीखें हो रही हैं। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने 2019 में दो पैन कार्ड मामले में सिविल लाइंस कोतवाली में अब्दुल्ला आजम खां के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें विवेचना के बाद आजम खान का नाम भी जोड़ा गया था। जिसके बाद अदालत ने दोनों को दोषी ठहराते हुए नवंबर में सजा सुनाई थी। जिसके खिलाफ सेशन कोर्ट में आजम खां की ओर से अपील की थी। जिसकी सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में हो रही है। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि अभियोजन पक्ष की बहस पूरी हो गई है। अब 16 मार्च को सुनवाई होगी।अब इस मामले में बचाव पक्ष अपना जवाब पेश करेगा।

### बेसिक स्कूलों में 16 मार्च से शुरू होगी परीक्षाएं

**रामपुर:** बेसिक स्कूलों में 16 मार्च से वार्षिक परीक्षाएं शुरू होगी। जोकि 20 मार्च तक चलेगी। जिसमें मौखिक और लिखित परीक्षाएं होगी। परीक्षाएं दो पालियों में होगी। जोकि पहली पाली 9:30 से लेकर 11:30 तक होगी। जबकि दूसरी पाली 12:30 से लेकर 2:30 तक होगी। बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने बताया कि परीक्षा को लेकर तैयारियां करवाई जा रही है।

### एसपी ने कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र बांटे

**रामपुर:** पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र और अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह की अध्यक्षता में जनपद के सभी थानों के कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं सीसीटीएनएस कर्मचारियों का पुलिस लाइन सभागार कक्ष में प्रशिक्षण कराया।प्रशिक्षण के बाद पुलिस अधीक्षक, एवं अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा सीसीटीएनएस में प्रथम रैंक आने पर कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं सीसीटीएनएस कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र वितरित कर उत्साहवर्धन किया।

## तारपीन का तेल पीने से मासूम की मौत

**जागरण मोर्चा कार्यालय, शाहबाद।** शहर के एक मोहल्ले के डेढ़ वर्षीय मासूम द्वारा घर में रखा तारपीन का तेल पीने से उसकी मौत हो गई। नम आंखों से परिजनों ने बच्चे को सुपुर्द ए खाक किया।

मिली जानकारी के अनुसार शाहबाद नगर के एक मोहल्ले में डेढ़ साल के मासूम ने घर में रखा तारपीन का तेल धोखे से पी लिया। जिसके चलते उसकी हालत बिगड़ गई। आनन फानन में परिजन मासूम को लेकर मुरादाबाद दौड़े। जहां परिजनों ने मासूम को टीएमयू के अस्पताल में भर्ती कराया। तीन दिनों तक मुरादाबाद के अस्पताल में भर्ती रहने के बाद उपचार के दौरान मासूम की मौत हो गई। परिजनों ने नम आंखों से मासूम को सुपुर्द ए खाक किया।

## पति गया पकौड़ी लेने, इसी बीच पत्नी बस से गायब

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैफनी।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने विवाहित पुत्री गायब होने की शिकायत पुलिस से की है। पीड़ित पिता ने गांव के ही एक युवक पर अपनी बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का गंभीर आरोप लगाया है।

पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार दोपहर करीब 12 बजे उसकी पुत्री अपने पति के साथ ससुराल जाने के लिए घर से निकली थी। दोनों बिलारी रोडवेज बस स्टैंड पहुंचे और मुरादाबाद जाने वाली बस में बैठ गए। इसी दौरान पत्नी ने पति से पकौड़ी लाने को कहा। पति जब पकौड़ी लेकर बस में आया तब उसकी पत्नी सीट पर नहीं थी।युवक ने बस में बैठे अन्य यात्रियों से पूछा लेकिन काफी खोजबीन के बाद भी के बाद बेटी कोई पता नहीं लगा और उसका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। लड़की के पिता का आरोप है कि गांव का ही इमरान पुत्र बशरुद्दीन उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया है। पिता अनुसार, पहले भी उसकी बेटी उक्त युवक के साथ चली गई थी, जिसे ग्राम प्रधान इरफान के बात करने बाद वापस लाया गया था। आरोप है कि जब पीड़ित प्रधान और उसके भांजे से बात करने गया, तो उन्होंने गाली-गलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस से बेटी की बरामदगी और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मामले में पुलिस ने ग्राम प्रधान को भी थाने बुलाकर पूछताछ की। थाना पुलिस ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## तमाम महीनों का सरदार है रमजान: हाफिज सत्तार

### मस्जिद प्यारे मियां में हुआ कुरआन करीम तकमील

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** नालापार स्थित मस्जिद प्यारे मियां में 20 वीं नमाज तरावीह के दौरान कुरआन करीम तकमील हुआ। इस मौके पर हाफिज सत्तार ने रमजान की फजीलत बयान की। कहा कि रमज़ान इस्लामी साल का नौवां महीना है। जिसे तमाम महीनों का सरदार कहा जाता है।

यह वो मुबारक महीना है जिसमें अल्लाह ने कुरआन करीम नाज़िल फरमाया। इसलिए सभी मुसलमानों को चाहिए कि रमजान के महीने में ज्यादा से ज्यादा इबादत करें। रमजान के तीन अशरे है। पहला, दूसरा पूरा हो चुका है। आखिरी तीसरा 21 वीं शब से शुरू होगा। हाफिज सत्तार साहब ने सुनाया, हाफिज मोहम्मद समद ने सामा के फराइज अदा किए। आखिर में कुरआन करीम मुकम्मल होने पर हाफिज,सामा की गुलपोशी लोगों ने की। मुल्क में अमन शांति और भाईचारे के लिए दुआ कराई गई। इस अवसर पर शादाब, नाजिम, तासीम, मोहम्मद जैद आदि मौजूद रहे।


नालापार स्थित मस्जिद प्यारे में कुरआन करीम मुकम्मल होने पर हाफिज, सामा की गई गुलपोशी। -जागरण मोर्चा

## एक नजर

### बाजारों में जाकर महिलाओं को किया जागरूक

**रामपुर।** मिशन शक्ति– 5 अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति केंद्र की टीमों एवं जनपद स्तरीय टीम द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। थाना–स्तरीय टीमों द्वारा अपने–अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत बाजारों, शॉपिंग मॉल, पार्क एवं सार्वजनिक स्थलों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया। इसके साथ ही महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े आवश्यक उपाय, कानूनी अधिकार, नारी सम्मान से संबंधित प्रावधान एवं हेल्पलाइन सेवाओं 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता तथा घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, ऑनलाइन उत्पीड़न तथा इनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया आदि मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं,बालिकाओं को पंपलेट, कॉमिक्स एवं जागरूकता सामग्री वितरित की। ताकि वे अपने अधिकारों एवं सुरक्षा उपायों को आसानी से समझ सकें।

# आईजीआरएस में रामपुर यूपी में बना नंबर-वन डीएम की रणनीति से मिली 100 प्रतिशत सफलता

## 140 में से 140 अंक पाकर प्रदेश में रचा इतिहास, शिकायतों का हुआ त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण

जागरण मोर्चा कार्यालय


डीएम अजय कुमार द्विवेदी।

**रामपुर।** जन शिकायतों के प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए जारी फरवरी 2026 की आईजीआरएस मासिक रैंकिंग में जनपद ने 140 में से 140 अंक प्राप्त कर पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के कारण संभव हो सकी है। जिले में शिकायतों की प्रभावी निगरानी के लिए विशेष आईजीआरएस कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है, जहां शिकायतों के निस्तारण के उपरान्त शिकायतकर्ताओं से फोन के माध्यम से फीडबैक प्राप्त किया जाता है। इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि आमजन की शिकायतों का समयबद्ध एवं संतोषजनक निस्तारण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता बनाए रखते हुए पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाए, जिससे आमजन को त्वरित न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर उसका प्रभावी समाधान कराया जा रहा है तथा शिकायतकर्ताओं से फीडबैक लेकर निस्तारण की गुणवत्ता भी सुनिश्चित की जा रही है।मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र ने बताया कि नियमित मॉनीटरिंग और सुदृढ़ विभागीय समन्वय के कारण ही रामपुर 100 प्रतिशत अंक पाने में सफल रहा।प्रभारी अधिकारी अनुराग सिंह ने स्पष्ट किया कि शासन द्वारा समयबद्ध मार्किंग, डिफाल्टर शून्य रखने और सी-श्रेणी (मुख्यमंत्री संदर्भ) के निस्तारण जैसे कठिन मानकों पर रामपुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा है कि कोई भी फरियादी निराश न लौटे। हमारा लक्ष्य केवल शिकायत की फाइल बंद करना नहीं, बल्कि शिकायतकर्ता के चेहरे पर मुस्कान लाना है। प्रथम रैंक आना गौरव की बात है, लेकिन अब चुनौती इस स्थान को बरकरार रखने की है।

### जिले ने आईजीआरएस रैंकिंग में उत्तर प्रदेश में प्राप्त किया प्रथम स्थान


प्रभारी को बधाई देते एसपी। –जागरण मोर्चा

**रामपुर :** पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र एवं अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह के कुशल नेतृत्व में आईजीआरएस कार्यालय द्वारा जन शिकायतों का निस्तारण उच्च स्तर पर किया जा रहा है ।उक्त के फलस्वरूप माह फरवरी–2026 में शासन स्तर पर की गई समीक्षा में जनपद ने आईजीआरएस से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जनपद रामपुर विगत माह जनवरी में भी प्रथम स्थान पर रहा था। जनपद में प्राप्त समस्त शिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण किया जा रहा है।विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों को जनपदीय पुलिस द्वारा पूर्ण संवेदनशीलता के साथ सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों द्वारा उनका गुणवत्तापरक निस्तारण किया।निस्तारित की शिकायतों की प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से शिकायतकर्ताओं से फीडबैक भी प्राप्त किया जा रहा है, जिससे भविष्य में सेवा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जा सके।पुलिस अधीक्षक द्वारा आईजीआरएस शाखा में नियुक्त निम्न कर्मियों को उत्साहवर्धन के लिए नकद धनराशि से पुरस्कृत किया।


हिरनखेडा कब्रिस्तान में लगी लाइट। –जागरण मोर्चा

## हिरनखेडा कब्रिस्तान और कुर्थया मंदिर में सांसद निधि से लगी हाई मास्क लाइट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलासपुर:** हिरनखेडा गांव के कब्रिस्तान और ग्राम कुर्थया के मंदिर में सांसद निधि से हाई मास्क लाइट लगाई गई है। यह सुविधा ग्रामीणों के लिए बड़ी राहत साबित होगी, क्योंकि रात के समय दफन कार्य और मंदिर परिसर में अंधेरा होने के कारण लोगों को पहले काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।

ग्रामीणों ने लंबे समय से इस सुविधा की मांग की थी, जिसे सांसद मोहिबुल्लाह नदवी के सक्रिय प्रयासों के चलते पूरा किया गया। हाई मास्क लाइट लगने से अब रात के समय कार्य और पूजा-पाठ में सुविधा होगी और सुरक्षा भी बेहतर होगी।ग्रामीणों ने सांसद मोहिबुल्लाह नदवी की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने जनहित के कार्यों को हमेशा प्राथमिकता दी है और लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस तरह के विकास कार्य न केवल रोजमर्रा की परेशानियों को कम करते हैं, बल्कि गांव की सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी योगदान देते हैं। सांसद प्रतिनिधि अथर अली खां नें कहा कि सांसद निधि से जुड़े अन्य विकास कार्य भी क्षेत्र में प्रगति पर हैं, जिससे ग्रामीणों को भविष्य में और अधिक लाभ मिलने की उम्मीद है।

# निष्प्रयोज्य शासकीय वाहनों से बनेगी फूड वैन

## रेहड़ी-पटरी वालों को मिलेगा सम्मानजनक रोजगार

जागरण मोर्चा कार्यालय


फोटो चुंगी के पास निरीक्षण करते डीएम। –जागरण मोर्चा

**रामपुर।** निष्प्रयोज्य पड़े शासकीय वाहनों को पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत पुनः उपयोग में लाकर यह सिद्ध किया गया है कि सरकारी संसाधनों का सही उपयोग नवाचार और जनकल्याण दोनों को एक साथ आगे बढ़ा सकता है।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने फोटो चुंगी पहुंचकर वहां रखी फूडवैन का निरीक्षण किया। अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद से इसकी जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने फूडवैन की उपयोगिता, संचालन व्यवस्था तथा वेंडिंग जोन में इनके माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने की योजना के संबंध में जानकारी ली।जिलाधिकारी ने बताया कि ऐसे रेहड़ी-पटरी वाले, जो स्थायी रूप से अपना रोजगार स्थापित नहीं कर पा रहे हैं, उन्हें वेंडिंग जोन में फूडवैन के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। इसी क्रम में 11 मार्च को पात्र रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों को फूडवैन उपलब्ध कराकर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा।जिलाधिकारी ने कहा कि इस पहल से जहां एक ओर निष्प्रयोज्य संसाधनों को नया उद्देश्य मिला है, वहीं दूसरी ओर रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों के लिए सम्मानजनक आजीविका की एक नई शुरुआत भी होगी। नई सोच और सही योजना के माध्यम से जनसेवा को सशक्त बनाने की प्रशासन रामपुर की यह पहल नवाचार और सशक्तिकरण का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनेगी।

# बिजली बिल न भरने वालों पर सख्ती बड़े बकायेदारों के कटेंगे कनेक्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलासपुर।** बिजली विभाग की बकाया बिल राहत योजना समाप्त होने के बाद अब विभाग बड़े बकायेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी में है।

विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि तीन महीने तक चले विशेष अभियान के बावजूद जिन उपभोक्ताओं ने बकाया बिल जमा नहीं किया है, उनके कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी और बकाया राशि की वसूली के लिए आरसी भी जारी की जाएगी। विद्युत वितरण खंड चतुर्थ बिलासपुर के अधिशासी अभियंता कर्मवीर सिंह ने बताया कि विभाग की ओर से उपभोक्ताओं को करीब तीन महीने तक बकाया बिल जमा करने का पूरा अवसर दिया गया था। इसके बावजूद कई बड़े बकायेदारों ने बिल जमा नहीं किया। ऐसे उपभोक्ताओं के खिलाफ अब विशेष अभियान चलाकर कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी।बताया कि होली की छुट्टियां समाप्त होते ही बड़े बकायेदारों के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया जाएगा। विभाग की टीम क्षेत्रवार सूची तैयार कर रही है, जिसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। एसडीओ प्रदीप प्रसाद गुप्ता और अवर अभियंता गौतम कुमार निषाद ने बताया कि अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या से बचने के लिए पुलिस और विजिलेंस टीम की भी मदद ली जाएगी। विभाग का कहना है कि बकाया बिल जमा करने के लिए उपभोक्ताओं को पर्याप्त समय दिया जा चुका है, इसलिए अब बकायेदारों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

# अपना दल (एस) की बैठक में संगठन की मजबूती पर दिया जोर

जागरण मोर्चा कार्यालय


अपना दल (एस) पार्टी की सदस्यता दिलाते पदधिकारी। –जागरण मोर्चा

**टांडा।** अपना दल (एस) की विधानसभा स्वार टांडा की समीक्षा बैठक विधानसभा अध्यक्ष शरीफ जमील की अध्यक्षता में नगर स्थित पार्टी के विधानसभा कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला सचिव हाजी महबूब शामिल हुए। बैठक के दौरान पार्टी हाईकमान के निर्देश पर मोहम्मद नवेद को विधानसभा महासचिव बनाया गया।

बैठक में जिला सचिव ने सभी पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से पंचायत चुनाव की तैयारी करने और मजवूत प्रत्याशी उतारने और संगठन को जोन सैक्टर व बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। विधानसभा अध्यक्ष शरीफ जमील ने सभी पार्टी पदाधिकारियों से जोन व सेक्टर स्तर पर वैठक करके पार्टी के संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आवाह्न किया। इस अवसर पर बैठक में जोन अध्यक्ष टांडा अकबर अली, जोन अध्यक्ष मसवासी सरदार अमनदीप सिंह, मोहम्मद शरीफ दढ़ियाल , जोन अध्यक्ष स्वार सत्यपाल लोधी, जावेद मेंबर, महबूब प्रधान, मदन लाल सैनी और डाल चंद सैनी आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अर्जुन ने 200 एवं 400 मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल प्राप्त किए

जागरण मोर्चा कार्यालय


जिला व्यायाम शिक्षक मोहम्मद सलीम मियां के साथ मौजूद खिलाड़ी।

**रामपुर।** डॉ. भीमराव अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय कीड़ा संकुल डाभासेमर अयोध्या में 9 से 11 मार्च तक आयोजित राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में मंगलवार को कंपोजिट विद्यालय नानकर मिलक के छात्र अर्जुन ने 200 मीटर एवं 400 मीटर दौड़ में भी दो अलग अलग सिल्वर मेडल प्राप्त किए। विदित हो की 9 मार्च को भी मुख्य अतिथि बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के समक्ष हुई 600 मीटर दौड़ मे भी सिल्वर मेडल प्राप्त किया था। एथलेटिक्स में आपने वर्ग मे कुल तीन सिल्वर मेडल प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया साथ ही जनपद के साथ मंडल का भी नाम प्रदेश में लगातार विजय पताका फहराकर रोशन किया। अर्जुन की इस उपलब्धि पर विभाग में खुशी का माहौल है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने बधाई दी। इस अवसर पर अयोध्या मंडल अयोध्या में आयोजित राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में जिला व्यायाम शिक्षक मोहम्मद सलीम मियां, टीम इंचार्ज शिक्षक गोविंद नारायण भुजवीर सिंह, पंकज कुमार, जय प्रकाश,नितिन राजपूत मोहित सक्सेना, राकेश विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

## 50 से अधिक गांवों की बिजली आज रहेगी बंद

**जागरण मोर्चा कार्यालय, मसवासी।** टांडा से दढ़ियाल आने वाली 33 केवी विद्युत लाइन से पेड़ों की टहनियां टकराने की समस्या के चलते बुधवार को कई गांवों की बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। लाइन की मरम्मत और पेड़ों की छंटाई के कारण मसवासी नगर समेत आसपास के 50 से अधिक गांवों में शाम चार बजे तक बिजली बाधित रहेगी। बुधवार सुबह करीब 10 बजे टांडा से दढ़ियाल मसवासी के बीच हाईटेंशन लाइन से टकरा रही पेड़ों की टहनियों की छंटाई की जाएगी। विभाग के अनुसार यह कार्य शाम करीब चार बजे तक पूरा होने की संभावना है। मसवासी बिजलीघर के जेई श्याम सिंह ने बताया कि इस कार्य के चलते मसवासी नगर एवं चाऊपुरा भूबरा, बिजारखाता मोतीपुरा सीतारामपुर अलीगंज कुंदनपुर मुकुंदपुर मानपुर महाराजपुर, क्षेत्र समेत 50 से अधिक गांवों की बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

# छात्रा अनु ने जीता मेडल


प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती छात्रा। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** 36वीं राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता जनपद अयोध्या में टीम रामपुर मंडलीय प्रतियोगिता में चक्का फेंक प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय करखेड़ा ब्लॉक स्वार से अनु यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल जीता। अपने विद्यालय उच्च प्राथमिक विद्यालय करखेड़ा, ब्लॉक का नाम रोशन किया। प्रधानाध्यापक जयप्रकाश सिंह और ब्लॉक अध्यक्ष हमेशा शिक्षक संगठन,स्कूल एवं बच्चों के प्रति हमेशा समर्पित रहते हैं। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह ने छात्रा को बधाई दी।

## व्यवसायिक की परीक्षा में 1942 परीक्षार्थी रहे गैरहाजिर

**जागरण मोर्चा कार्यालय, रामपुर।** यूपी बोर्ड की 10-12 वीं व्यवसायिक परीक्षा से 1942 परीक्षा गैरहाजिर रहे। जिसमें 10 वीं की चित्रकला के विषय में 23771 के सापेक्ष 22043 ने परीक्षा दी। यानि 1728 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। 12 वीं की व्यवसायिक वर्ग की परीक्षा में 280 के सापेक्ष 272 ने परीक्षा दी। इसमें भी 8 गैरहाजिर रहे। इसके अलावा दूसरी पाली में व्यवसाय अध्ययन गृह विज्ञान में 4367 के सापेक्ष 4161 ने परीक्षा दी। इसमें 206 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। परीक्षा दो पालियों में हुई। पहली पाली सुबह 8:30 से पूर्वान्ह 11:45 बजे, दूसरी पाली अपरान्ह 2 से 5 बजे तक हुई। जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार को जनपद में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट की परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। दोनों पालियों में 1942 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# महिला से मारपीट करने में पति व दो देवरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में पारिवारिक विवाद के चलते महिला और उसकी गर्भवती बहू के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति सहित तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पति आए दिन उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट करता है। पीड़िता का आरोप है कि उसके पति के उसकी बड़ी बहू के साथ अवैध संबंध हैं, जिसका विरोध करने पर वह अक्सर उसके साथ मारपीट करता है। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि उसके पति ने उसे तीन तलाक दे दिया है। वह अपने पुत्रों के साथ अलग रहकर जीवनयापन कर रही है। इस संबंध में वह पहले भी थाने में शिकायत कर चुकी है। 9 मार्च को सुबह करीब 11 बजे उसका पति और उसके दो देवर घर पर आ गए। उसे गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर तीनों ने उसे लात-घूंसे और डंडों से पीटना शुरू कर दिया। शोर सुनकर उसकी बहू मौके पर पहुंची तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट कर दी। पीड़िता ने बताया कि उसकी बहू नौ माह की गर्भवती है और मारपीट में उसे भी चोटें आई हैं। मारपीट के दौरान आरोपी जान से मारने की धमकी भी दे रहे थे। पीड़िता के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और किसी तरह दोनों को बचाया। इस संबंध में कोतवाली पुलिस का कहना है कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर पति व दो देवरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है।

## तीन सूत्रीय मांगों को लेकर किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**जागरण मोर्चा कार्यालय, बिलासपुर।** भारतीय किसान यूनियन-अराजनैतिक की पंचायत स्थानीय तहसील के परिसर में संगठन के जिला उपाध्यक्ष अवतार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें तीन बिंदुओं पर विचार-विमर्श करके किसानों ने अपनी समस्याओं से उप जिलाधिकारी अरूण कुमार को अवगत कराया, उसके बाद ज्ञापन सौंपा। इससे पूर्व जिला उपाध्यक्ष ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में गेहूं की फसल पकने वाली है। बिजली लाइनों की तारें पुरानी एवं जर्जर हो चुकी हैं जिससे चिंगारी निकलकर आग लगने का खतरा हमेशा बना रहता है खम्बों के जम्पर ढीले हैं। इनको बदलने का कार्य किया जाए। इस मौके पर सुशील शर्मा, नरेश बाबू, बल्देव सिंह, तरसेन सिंट सिकर आदि मौजूद रहे।

# एसपी ने मिलक खानम थाने का निरीक्षण कर व्यवस्था की परखी हकीकत

जागरण मोर्चा कार्यालय


मिलक खानम थाने का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र।

**मसवासी।** कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने सोमवार देर रात मिलक खानम थाने का अचानक निरीक्षण किया। उनके साथ अपर पुलिस अधीक्षक भी मौजूद रहे। इस दौरान थाने की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रखरखाव और साफ-सफाई की स्थिति का गहन जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कार्यालय में रखे महत्वपूर्ण रजिस्टरों की बारीकी से जांच की। इनमें अपराध रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर, माल खाना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर और फ्लाई शीट शामिल रहे।अधिकारियों ने इन रजिस्टरों में दर्ज प्रविष्टियों को ध्यानपूर्वक देखा और उनके रखरखाव की स्थिति का भी परीक्षण किया। इसके अलावा थाने के विभिन्न हिस्सों का भी निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक ने थाना कार्यालय, भोजनालय, मालखाना, हवालात, कंप्यूटर कक्ष, मिशन शक्ति केंद्र और साइबर सेल का दौरा कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान साफ-सफाई और रिकॉर्ड व्यवस्था को लेकर संबंधित पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि थानों की व्यवस्था, अभिलेखों का सही रखरखाव और स्वच्छता पुलिस व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी अभिलेख अद्यतन रखे जाएं और थाने की व्यवस्थाएं व्यवस्थित और पारदर्शी बनी रहें, ताकि आमजन को बेहतर पुलिस सेवा उपलब्ध कराई जा सके।

## शराब पीकर मारपीट करने में चार पर केस

**जागरण मोर्चा कार्यालय, शाहबाद।** थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने चार लोगों पर शराब के नशे में गाली-गलौज करने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

शाहबाद थाना क्षेत्र के महुनागर गांव निवासी रंजीत के अनुसार 5 मार्च की दोपहर ढाई बजे को सचिन पुत्र विजय सिंह, कुंवरपाल पुत्र कन्हैयालाल, संतोष पुत्री विजय सिंह और उषा पुत्री विजय सिंह निवासीगण ग्राम महुनागर ने शराब के नशे में उसके साथ गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट की। पीड़ित ने यह भी बताया कि आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद रंजीत शाहबाद थाने पहुंचे और अपनी रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने पुलिस से कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

# छात्राओं ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक


महिलाओं को जागरूक करती छात्राएं। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा:** सरस्वती कन्या महाविद्यालय सरकथल में एनएसएस इकाई के चतुर्थ दिवस पर छात्राओं ने स्वास्थ्य के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया।छात्राओं ने लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर कुछ महत्वपूर्ण बातों से उन्हें अवगत बताया। छात्राओं ने बताया कि स्वस्थ रहना जीवन के लिए बहुत आवश्यक है। हमें अपने खाने-पीने की वस्तुओं को भी साफ रखना चाहिए, तभी हम स्वस्थ रह सकते हैं। छात्राओं ने बताया कि हमें जीवन में मिलावटी चीजों से भी दूर रहने की आवश्यकता है। हमारे जीवन में जो मिलावटी व केमिकल पदार्थ की वस्तुएं इस्तेमाल की जाती हैं। उसके कारण हमारे शरीर पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। जिसके कारण हमारे शरीर में अनेक बीमारियां उत्पन्न हो जाती हैं। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधक राजकुमार चौहान एडवोकेट, केवेंद्र सिंह, रूबी सागर, सुगंध सागर, विक्की ठाकुर और विजयपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## 14,16 को ज्वालानगर में होंगे दो दिवसीय क्रिकेट ट्रायल

**जागरण मोर्चा कार्यालय, रामपुर।** रामपुर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष इरफान हुसैन ने बताया कि रामपुर क्रिकेट एसोसिएशन ने बताया कि रामपुर सुपर क्रिकेट लीग टी-25 राज्य स्तर जो उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त इस क्रिकेट लीग में रामपुर जिले व अन्य जिलों के क्रिकेट खिलाड़ियों को ट्रायल का अंतिम अवसर दिया जा रहा हैं। इसके ट्रायल के बाद सभी ट्रायल समाप्त हो जाएंगे। यह ट्रायल फाइनल होगा। इस ट्रायल में चयनित खिलाड़ियों को ही इस क्रिकेट लीग में खेलने का अवसर दिया जाएगा। क्रिकेट एसोसिएशन 14,15 मार्च को प्रातः9 बजे दो दिवसीय ट्रायल होंगे। इसमें वह खिलाड़ी क्रिकेट लीग में हिस्सा लेंगे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, सूचना पर पहुंची पुलिस, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

एक नजर



## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, पंचायत में मारपीट

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पुत्री के साथ शादी का झांसा देकर अवैध संबंध बनाने और विरोध करने पर पंचायत में मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़ित पिता जगदीश ने बताया कि उसकी बड़ी पुत्री की शादी कोतवाली क्षेत्र के गांव गंगाचौली में हुई थी। आरोप है कि इसी दौरान बेटी के देवर ने उसकी छोटी पुत्री को प्रेम जाल में फंसा लिया और शादी का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। पीड़ित के अनुसार, करीब 10 दिन पूर्व आरोपी युवती को जबरन अपने घर ले गया। मंगलवार को जब गांव में इस मामले को लेकर पंचायत बैठी, तो आरोपी पक्ष ने शादी से साफ इनकार कर दिया और भरी पंचायत में गाली-गलौज करते हुए पीड़ित पक्ष के साथ मारपीट की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है, दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत हो गई। मृतका का शव चारपाई के नीचे पड़ा मिला। मृतका के पति के अनुसार कपड़े से फांसी लगाकर विवाहिता द्वारा आत्महत्या की गई है, वहीं सूचना पर मौके पर पहुंची 112 डायल, कोतवाली पुलिस एवं फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। पुलिस में शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा।




मृतका का फाइल फोटो।

कोतवाली क्षेत्र के गांव अल्लीपुर मिलक में राखी पत्नी सत्येंद्र 24 वर्षीय का शव मंगलवार की सुबह चारपाई के नीचे पड़ा मिला, मृतका सत्येंद्र की दूसरी पत्नी थी। डेढ़ साल पहले सत्येंद्र ने पड़ोसी गांव लुहारी खादर खेर निवासी मृतका से प्रेम विवाह किया था। सत्येंद्र की पहली शादी संभल जिले के गांव सिकंदरपुर निवासी बबीता से 2022 में हुई थी। जब पहली पत्नी से बच्चा नहीं हुआ तो सत्येंद्र ने पड़ोसी गांव लुहारी खादर जहर निवासी बलवंत की पुत्री राखी से डेढ़ वर्ष पूर्व प्रेम विवाह कर लिया मृतका पर 6 माह की बेटी मीनाक्षी भी है। मृतका के पति सत्येंद्र ने बताया कि मंगलवार की सुबह सोकर उठने के बाद राखी चाची कल्लो के घर चली गई। लगभग एक घंटे बाद घर लौटी तो पति के द्वारा राखी को डांटा गया। दोनों में बेटी के लिए दूध लाने को काफी देर तक कहा सुनी हुई। जब सत्येंद्र डेरी से दूध लेने गया तो पत्नी ने कपड़े से फंदा बनाकर अपने गले में डाल लिया और उसकी मौत हो गई। सत्येंद्र का कहना है कि जैसे ही वह बेटी के लिए डेरी से दूध लेकर लौटा तो पत्नी ने फांसी का फंदा अपने गले में डालकर चारपाई के नीचे पड़ी हुई थी। जहां उसकी मौत हो गई। सूचना पर 112 डायल पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। बाद में प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी भी मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए और पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। मृतका अपने पीछे 6 माह की बेटी मीनाक्षी को रोते बिलखते छोड़ गई है। विवाहिता की मौत के बाद प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी ने मृतका के मायके फोन कर सूचना दी तो पिता ने आने से साफ इनकार कर दिया पिता का कहना था कि जब से वह घर की दहलीज लांघकर गई है। हमने तभी उसे मरा समझ लिया था। फिलहाल पुलिस ने पति सत्येंद्र को हिरासत में ले लिया है। पुलिस तहरीर मिलने का इंतजार कर रही है।



घटनास्थल पर एकत्र ग्रामीण। -जागरण मोर्चा



घटनास्थल पर कोतवाल एवं पुलिस बल। -जागरण मोर्चा



फॉरेंसिक टीम जांच करते हुए। -जागरण मोर्चा

# नगर के बाईपास मार्ग पर लगा जाम, घंटों यातायात रहा प्रभावित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर में जाम की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है और प्रतिदिन नगर एवं नगर के विभिन्न मार्गों पर जाम की समस्या के चलते यातायात प्रभावित होता है और यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उच्च अधिकारियों द्वारा इस और ध्यान न दिए जाने के कारण नगर वासियो में भारी रोष व्याप्त है।



नगर के अमरोहा चौराहे पर लगा जाम। -जागरण मोर्चा

मंगलवार की दोपहर नगर के बाईपास मार्ग स्थित अमरोहा चौराहे पर भीषण जाम लग गया, जाम लगने के कारण मार्ग पर चारों तरफ वाहनों की लाइन लग गई, जिसके कारण घंटों यातायात प्रभावित रहा और नगर वासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। दो पुलिस कर्मियों ने काफी मेहनत के बाद यातायात को सुचारू रूप से शुरू कराया। जब जाकर लगभग दो घंटे के बाद जाम खुल पाया। अमरोहा चौराहा, संभल बस स्टैंड, रहरा बस अड्डा सहित कई स्थानों पर प्रतिदिन जाम की समस्या बनी रहती है। पूर्व में सामाजिक एवं व्यापारी संगठनों के पदाधिकारी द्वारा प्रशासन से जाम की समस्या का निस्तारण करने की मांग की गई थी। वही उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष मनोज गोयल द्वारा बताया गया कि अमन कमेटी की बैठकों में कई बार जाम की समस्या का मुद्दा उठाया गया है लेकिन स्थानीय प्रशासन द्वारा इस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।



विद्यालय में आत्मरक्षा का प्रशिक्षण लेतीं छात्राएं।। -जागरण मोर्चा

# छात्राओं को दिया जा रहा आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें सोमवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यलाय संभल, गुन्नौर की छात्राओं ने मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

ताकि वह विपरीत परिस्थितियों में विरोधी का डटकर मुकाबला कर सके। ताइक्वांडो प्रशिक्षक सुरेश कुमार, तंजीम हादी, ब्लैक हेल्ट होल्डर रेखा, पूर्वी ने सभी बालिकाओं को फ्रंट जंप किक, साइड किक, बैक किक एल्बो अटैक, फिंगर अटैक का अभ्यास कराया। प्रशिक्षक ने बताया कि कस्तूरबा विद्यालय की छात्राएं बहुत ही मेहनत के साथ आर्शल आर्ट का प्रशिक्षण ले रही है। जिससे उनमें आत्मरक्षा के गुर के साथ-साथ आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है। छात्राओं को सरकार व महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं व बालिकाओं के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई।

# श्रीमद् भागवत कथा में सुनाया कृष्ण जन्म का प्रसंग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** क्षेत्र के गांव हथियाखेड़ा में नंदकिशोर के आवास पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास मोहित भारद्वाज ने भगवान श्री कृष्ण जन्म की कथा सुनाई। कथा वाचक मोहित भारद्वाज ने कथा का वर्णन कृष्ण जन्म उत्सव से प्रारंभ किया।

बताया कि द्वापर युग में मथुरा देश के दो भाग थे तथा दोनों भागों पर वंशों के राजा का राज था। पहले बिष्ट वश में दो भाई देवक व उग्रसेन हुए, जिसमें देवक बड़े थे। जिनकी इकलौती पुत्री देवकी थी जो राज पाठ छोटे भाई उग्रसेन को सौंप पर भगवान की पूजा करने चले गए। उग्रसेन को एक पुत्र कंस हुआ जो बड़ा ही निर्देय था। पिता को जेल में डालकर राजा बन गया। वहीं दूसरी भाग पर यदुवंश का राज था। जिसके राजा सूरसेन थे इनके दस पुत्र हुए पांचवीं पुत्री थी। सुरसेन की बड़ी पुत्री को महाराज ने मांगा जो बाद में पांडू की मां कुंती हुई यदुवंश के बड़े पुत्र वासुदेव थे। वासुदेव के 17 विवाह हुए थे। 18वां विवाह देवकी से हुआ था। इसके बाद कंस ने आकाशवाणी को सुनकर दोनों को जेल में डाल दिया। कथा वाचक ने कहा कि भादो मास की अंधियारी रात को अष्टमी के दिन मथुरा जेल में अचानक अलौकिक प्रकाश फैलने लगा और माता देवकी के गर्भ में से श्री कृष्ण का जन्म हुआ। आकाशवाणी हुई जिसे सुनकर वासुदेव नन्हे बालक रूप को लेकर यमुना पार गोकुल नंद के घर पहुंच कर वहां से नवजात कन्या को लेकर वापस आए। सुबह होते ही गोकुल में नंद बाबा के घर बालक जन्म होने की बात पता चलते ही उत्सव मनाए जाने लगा भगवान कृष्ण के जन्म उत्सव की कथा सुनकर मौजूद भक्त विभोर होकर खुशी से झूम उठे इस मौके पर ननुआ सिंह, ओमपाल सिंह, जगदीश ठेकेदार, मास्टर पूरन सिंह, डोरी, प्रशांत, सनी, दयाराम, शेर सिंह, पूरन, विनोद आदि मौजूद रहे।



श्रीमद् भागवत कथा में कृष्ण जन्म की झांकी। -जागरण मोर्चा



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

# श्री राम सेवा समिति के द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का किया गया आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** सोमवार की देर रात्रि श्री राम सेवा समिति के अध्यक्ष पंकज भटनागर के आवास पर एक बैठक का आयोजन किया गया, बैठक के आयोजन का मुख्य उद्देश्य होली मिलन कार्यक्रम आयोजित करना था।

बैठक में सभी राम भक्तों द्वारा एक दूसरे के साथ फूलों की होली खेली और शुभकामनाएं दी। बैठक में आगामी कार्यक्रमों के बारे में भी विचार विमर्श किया गया अध्यक्ष पंकज भटनागर द्वारा कहा गया कि अप्रैल महीने में समिति का स्थापना दिवस मनाया जाएगा जिस पर भव्य कार्यक्रम किए जाएंगे। इसी के साथ समिति के साप्ताहिक कार्यक्रम घर-घर हनुमान चालीसा के बारे में भी विचार विमर्श किया गया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का आयोजन, राष्ट्रीय एकता पर दिया ज़ोर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर स्थित सरदार बेगम डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत मंगलवार को राष्ट्रीय एकता और सद्भाव विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में स्वयंसेवकों ने समाज में एकता और भाईचारे का संदेश फैलाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कॉलेज की प्राचार्या ने अपने संबोधन में कहा राष्ट्रीय एकता किसी भी देश की प्रगति की आधारशिला होती है। विविधता में एकता ही भारत की असली पहचान है। विद्यार्थियों को जाति, धर्म और भाषा के बंधनों से ऊपर उठकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना जैसे शिविर युवाओं में अनुशासन और सामाजिक समरसता की भावना विकसित करने का सबसे उत्तम माध्यम हैं। कार्यक्रम अधिकारी ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करते हुए कहा आज के युग में युवाओं की जिम्मेदारी है कि वे समाज में फैल रही भ्रांतियों को दूर कर प्रेम और सद्भाव का वातावरण बनाएँ। हमारा उद्देश्य केवल श्रमदान करना ही नहीं बल्कि जन-जन तक राष्ट्रीय एकता का संदेश पहुँचाना है। स्वयंसेवकों द्वारा गांव में अनेकता में एकता के नारों के साथ जागरूकता रैली निकाली गई। राष्ट्र के विकास में युवाओं की भूमिका' विषय पर एक संगोष्ठी का भी आयोजन हुआ। कॉलेज परिसर और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। सभी ने शपथ ली कि वे देश की अखंडता को बनाए रखने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर कॉलेज का समस्त स्टाफ और भारी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



ग्रामीणों को जागरुक करते हुए छात्र एवं छात्राएं। -जागरण मोर्चा

# हर माह की 10 तारीख को दिव्यांगों को दी जाए पेंशन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** आल इंडिया विकलांग सेवा संगठन ने मुख्यमंत्री को संबोधित जिलाधिकारी के माध्यम से छह सूत्रीय ज्ञापन भेजा। जिसमें दिव्यांगों का कहना है कि दिव्यांग पेंशन 3000 की जाए। उसका भुगतान हर माह की दस तारीख तक किया जाए। आसरा एवं कांशीराम आवास जो खाली अथवा बंद पड़े हुए हैं, उन्हें आवास विहीन दिव्यांगों को आवंटित किया जाए। उनके अन्त्योदय, लाल राशन कार्ड जारी किये जाए।

पुलिसकर्मी दिव्यांगों का उत्पीड़न करते हैं, उनकी रपट दिव्यांग अधिकार संरक्षण अधिनियम 2016 के अन्तर्गत दर्ज न करके, पीड़ित दिव्यांग बंधुओं पर दबाव डाल कर समझौता करा देते हैं। इस पर रोक लगाई जाए। मदरसा फुरकानिया मिस्टन गंज की करोड़ों रुपए की संपत्ति वक्फ संपत्ति के नाम से जो है, उसे इस मदरसे की प्रबंध समिति ने बंदरबांट की हुई है। मदरसे का बजट 17 लाख रुपये सालाना घाटे का बजट दिखाया गया है जबकि इस की एक सम्पत्ति नालापार सौदागरान में 33660 वर्ग फुट में है। जिस पर मैरिज हाल, जुम्मा बाजार लगता है नौ दुकानें हैं, सब से तीन लाख रुपए महीने की कमाई हो रही है। यह जांच का विषय है। इससे सम्बंधित वक्फ संपत्तियों की निष्पक्ष जांच बाहर के अधिकारी से कराई जाए। ज्ञापन पर नूर अहमद, सिफात अली खान, जय सिंह सैनी, फैजान अली, आरिफ, रेहान मियां, इलियास, नवेद, भूरा, इस्माइल, सद्दीक खान, मौलाना नियाज अहमद, विकास, आकाश आदि मौजूद रहे।

आयोजन

सायं 5 बजे संपन्न हुए इस समापन समारोह में शिक्षा जगत की कई महत्वपूर्ण विभूतियों और शिक्षकों ने हिस्सा लिया

# शारदा ( आउट ऑफ स्कूल ) तीन दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण का ब्लॉक संसाधन केंद्र चंदनपुर में भव्य समापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** शिक्षा की मुख्यधारा से कटे हुए बच्चों को पुनः स्कूलों से जोड़ने के उद्देश्य से संचालित 'शारदा' (स्कूल हर दिन आएं) कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र चंदनपुर पर आयोजित तीन दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आज सफलतापूर्वक समापन हो गया। सायं 5 बजे संपन्न हुए इस समापन समारोह में शिक्षा जगत की कई महत्वपूर्ण विभूतियों और शिक्षकों ने हिस्सा लिया।

तीन दिनों तक चले इस सघन प्रशिक्षण कार्यक्रम में विकासखंड गंगेश्वरी क्षेत्र के लगभग 100 परिषदीय शिक्षकों ने सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण का मुख्य केंद्र बिंदु 'आउट ऑफ स्कूल' बच्चों की पहचान करना, उनका नामांकन सुनिश्चित करना और सबसे महत्वपूर्ण, विद्यालयों में उनके ठहराव को बढ़ाना रहा। कार्यक्रम के अंतिम दिन खण्ड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए विद्यालय में बच्चों के ठहराव के विषय पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि अक्सर देखा जाता है कि नामांकन के बाद भी कई बच्चे किन्हीं कारणों से स्कूल छोड़ देते हैं। उन्होंने इन समस्याओं के मूल कारणों को चिन्हित करने और उनके प्रभावी समाधान के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। अनिल कुमार ने जोर देकर कहा कि "शारदा कार्यक्रम के माध्यम से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े बच्चे को शिक्षा से जोड़ना और उसे विद्यालय में बनाए रखना हम सभी शिक्षकों की नैतिक और व्यावसायिक जिम्मेदारी है।" विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन प्रशिक्षण के दौरान संदर्भ दाताओं के रूप में विकास राहुल, जगबीर सिंह, संजय सिंह तथा एआरपी कमल दीपेंद्र सिंह ने शिक्षकों को महत्वपूर्ण तकनीकी और व्यावहारिक जानकारियां प्रदान कीं। उन्होंने शिक्षकों को सर्वे करने के तरीके, बच्चों के मनोविज्ञान को समझने और शिक्षण को रुचिकर बनाने के गुर सिखाए ताकि आउट ऑफ स्कूल बच्चे विद्यालय के वातावरण में सहज महसूस कर सकें। इस अवसर पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ गंगेश्वरी के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह सहित वरिष्ठ संकुल शिक्षक संजय सिंह, महताबउद्दीन, विजेंद्र सिंह, देवराज सिंह और अन्य शिक्षक नेताओं ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में सुभाष चंद्र, प्रकाश सिंह, अमित कुमार, हरवीर सिंह, संजय कुमार, मुनेंद्र कुमार, अभिषेक कुमार, मुकुल चौहान, विकास शर्मा, आसमा सैफी, निकहत, अनीता रानी, अनुराधा, मोहम्मद शाकिब, नाजिम और धर्मेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।



शिविर में उपस्थित अध्यापक। -जागरण मोर्चा

# गतिविधियों में प्रथम रहीं प्रज्ञा, ज्योति, राधिका

## एनकेबीएमजी कालेज में छात्राओं ने प्रस्तुत किए सुंदर माडल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** एनकेबीएमजी कालेज में शिक्षा संकाय में बीएड विद्तीय वर्ष के प्रयोगात्मक कार्य के अंतर्गत क्लब गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों में छात्राओं के तीन क्लब-समूह में विभाजित किया गया। जिसमें साइंस क्लब, एनवार्यनरमेंट क्लब, कल्चलर क्लब शामिल किया गया।

इन तीनों क्लब के अंतर्गत छात्राओं ने अपने-अपने विषय एवं क्लब से संबंधित विभिन्न शैक्षिक एवं रचनात्मक माडल तैयार कर उनकी प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रमका आयोजन महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डा. अलका ठाकुर, निर्णायक मंडल की सदस्य रंजना अग्रवाल, डा. रीता, डा. नीता गुप्ता द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। निर्णायक मंडल रंजना अग्रवाल, डा. रीता, डा. नीता गुप्ता शामिल रही। साइंस क्लब में प्रज्ञा शर्मा ने प्रथम, आकृति दुबे ने द्वितीय, निधि चौधरी ने तृतीय, एनवार्यनरमेंट क्लब ने ज्योति पाठक ने प्रथम, अनन्या व लूसी ग्रे ने द्वितीय, पल्लवी ने तृतीय, कल्चलर क्लब राधिका शर्मा ने प्रथम, वीरवाला ने द्वितीय, प्राची कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंजना अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां छात्राओं की रचनात्मकता, अभिव्यक्ति क्षमता तथा आत्मविश्वास को विकसित करने में अत्यंत सहायक होती है। डा. रीता ने कहा कि छात्राओं ने माडलों के माध्यम से समाज में पर्यावरण के प्रति जागरुकता का संदेश दिया जा सकता है।



माडलों का निरीक्षण करतीं निर्णायक मंडल की सदस्य।। -जागरण मोर्चा

## एक नजर



### माता पूर्णागिरि को साइकिल से रवाना हुआ जत्था

**बबराला।** गुन्नौर के सराय मोहल्ले से 40 से अधिक श्रद्धालु साइकिल से पूर्णागिरि धाम के लइए रवाना हुए। मंगलवार को नगर पंचायत अध्यक्ष पति धर्मेंद्र प्रजपाति ने फीता काटकर व हरी झंडी दिखाकर श्रद्धालुओं को रवाना किया और स्मृति चिंह व खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई। श्रद्धालुओं ने सराय मोहल्ला स्थित दुर्गा मंदिर में माता टेक तिलक लगाया। महिलाओं ने श्रद्धालुओं के साथ हाइवे तक भजन-कीर्तन करते हुए गई। श्रद्धालु मुन्ना लाल, देवपाल, पुनीत ने बताया कि हर वर्ष की भांति बार भी माता पूर्णागिरि के दर्शन को जा रहे हैं। 3 दिन की यात्रा के बाद माता पूर्णागिरि धाम पहुंचेंगे। जिसमें मोहित, जितेंद्र, अमरपाल, प्रदीप, अतुल, मुन्ना लाल, देवपाल, पुनीत, ललित आदि श्रद्धालु शामिल रहे।

# मंदिर पर पहुंच महिलाओं ने लगाई जात, माता रानी से परिवार व बच्चों की सलामती की मांगी मन्नतें

## मंदिर परिसर में लगे मेले में जमकर की खरीदारी, परंपरा के अनुसार मंदिर परिसर में किया भोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** होली के बाद बगिया वाली देवी मंदिर पर मेले का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने बड़ी संख्या में मंदिर पहुंच माता रानी जात लगाई और पूजा-अर्चना कर परिवार व बच्चों की खुशहाली की मन्नतें मांगी। मेले में बड़ी संख्या में महिलाओं व बच्चों ने खरीदारी की और चाट पकोड़ी का आनंद लिया।

परंपरा के अनुसार महिलाओं ने पूरे मंदिर के साथ मंदिर परिसर में बैठकर घर के भोजन का आनंद लिया। होली के बाद चार मंगलवार को सीता रोड स्थित बगिया वाली देवी मंदिर पर जात लगाई जाती है। जिसमें महिलाओं द्वारा घर-परिवार की खुशहाली का बच्चों को बीमारियों से दूर रखने की मन्नतें माता रानी से मांगती है। मंगलवार को परंपरा के अनुसार महिलाएं अपने परिवार के साथ माता रानी के मंदिर पहुंची। सुबह 8 बजे से ही मंदिर परिसर में काफी भीड़ होने शुरू हो गई। महिलाओं ने माता रानी की विधि विधान से पूजा-अर्चना कर जात लगाई और परिवार व बच्चों की खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में मेले का आयोजन किया गया। जिसमें खेल खिलौने, चाट पकौड़ी सहित अन्य दुकानें लगाई गई। मेले में बच्चों व महिलाओं जमकर खरीदारी की। परंपरा के अनुसार महिलाओं ने परिवार के साथ बैठकर घर से लाए गए भोजन का आनंद लिया। सुरक्षा की दृष्ट से मंदिर पर पुलिस बल तैनात रहा।



बगिया वाली देवी मंदिर पर पूजा-अर्चना करने के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। -जागरण मोर्चा

## पोस्टमार्ट रिपोर्ट में युवक की मौत फंदे पर लटक हुई

**जागरण मोर्चा कार्यालय, जुनावई।** थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार को विवादित प्लाट को लेकर युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था।

जबकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक की मौत फंदे पर लटक कर होने की पुष्टि हुई है। गांव में सोमवार को एक पक्ष द्वारा प्लाट में टूटी दीवारों को मरम्मत कराने का कार्य कर रहा था। तभी गांव नंदपुर के दूसरे पक्ष ने एतराज करते हुए कार्य करने से मना किया।

विवाद बढ़ने पर अशोक कुमार 28 की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मौत की पुष्टि कराने को परिजन शव को सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने युवक की मौत की पुष्टि कर दी।

घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक की मौत फंदे पर लटककर होना आई है।



सड़क सुरक्षा अभियान की रैली निकालतें स्वयंसेवक। -जागरण मोर्चा

# सड़क सुरक्षा रैली निकाल किया जागरुक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** मॉडल पब्लिक एजूकेशन कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को शिविर को सड़क सुरक्षा जागरुकता में युवाओं की भूमिका विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डा. राजकुमार गोयल ने हरी झंडी दिखाकर सड़क सुरक्षा जागरुकता रैली को रवाना किया। रैली के माध्यम से स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं ने सड़क सुरक्षा के प्रति राहगीरों को जागरुक कहा। कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। वहीं चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगानी चाहिए। ताकि स्वयं की जान बची रहे। कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति हमें जागरुक होना होगा तभी औरों को जागरुक कर पाएंगे। पहले हमें सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना चाहिए। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी शर्मिल उपाध्याय, जय प्रकाश गौतम के अलावा शिवि राघव, सुमित कुमार आदि मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य विभाग ने अभियान चला कर पांच अस्पतालों के खिलाफ की कार्रवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय




अवैध रूप से संचालित अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए। -जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाकर अवैध रूप से संचालित अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पांच अस्पतालों की ओटी को सील किया और संचालक को नोटिस देकर तीन दिन के अंदर अपने दस्तावेज पेश करने के निर्देश दिए।

लगातार स्वास्थ्य विभाग को नगर में अवैध रूप से संचालित अस्पतालों की शिकायत मिल रही थी, उच्च अधिकारियों के निर्देश पर मंगलवार को सीएचसी प्रभारी डॉक्टर धुर्वेंद्र सिंह के द्वारा नगर में चेकिंग अभियान चलाया गया चेकिग अभियान के दौरान नगर के रहरा रोड स्थित महाराणा हॉस्पिटल,हाता चौराहा मेरठ हेल्थ केयर सेंटर एवं मेरठ मेडिकल सेंटर, संभल बस स्टैंड चौराहे पर स्थित समर नर्सिंग होम और नगर के बाईपास मार्ग स्थित प्रेम हॉस्पिटल की ओटी को सील किया गया। स्वास्थ्य विभाग की कार्यवाही से झोलाछाप चिकित्सकों में हड़कंप मचा हुआ है और कुछ अपने अस्पताल बंद करके फरार हो गए।सीएचसी प्रभारी डॉक्टर धुर्वेंद्र सिंह मैं बताया कि नगर स्थित महाराणा हॉस्पिटल, मेरठ हेल्थ केयर सेंटर, मेरठ मेडिकल सेंटर ,प्रेम हॉस्पिटल, एवं समर नर्सिंग होम सहित पांच अस्पतालों की ओटी सील की गई है और उनके संचालकों को तीन दिन के अंदर दस्तावेज पेश करने के लिए नोटिस दिया गया है।



सीएचसी में युवक की मौत के बाद गुमशुम खड़े परिजन। -जागरण मोर्चा

## बाथरूम में फिसलकर गिरने से युवक की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के मौजमपुर में बाथरूम में फिसलकर गिरने से युवक की मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मौजमपुर में युवक अपनी बहन-बहनोई के घर पर रहता था और वह अविवाहित था।

मौजमपुर में राजाबाबू 25 वर्ष पुत्र यादराम अपनी बहन रेखा व बहनोई बाबी के घर रहकर मजदूरी का कार्य करता है। मंगलवार की सुबह 9 बजे वह बाथरूम में स्नान करने गया था। तभी अचानक पैर फिसलने से गिर गया और सिर में गंभीर चोट लग गई। बहन-बहनोई युवक को उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने देखते ही युवक को मृत घोषित कर दिया। जिससे बहन भाई के शव पर विलाप करने लगी। बहनोई ने बताया कि राजाबाबू अविवाहिता था। पिछले काफी समय से उनके पास रह रहा था।

# आपदा में हम कई प्राकृतिक खतरों को आने से नहीं रोक सकते

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** एनकेबीएमजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर का आयोजन गांव पतरौआ स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में किया जा रहा है। सोमवार को शिविर का आरंभ मुख्य अथिथि डा. कोमल जुगलान राज्य आपदा प्रबंधन अधिकारी द्वारा किया गया।

उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन का अर्थ ऐसे सभी उपायों से है जिससे खतरा आपदा का रूप न ले सके। चूंकि हम कई प्राकृतिक खतरों को आने से नहीं रोक सकते हैं, लेकिन जीवन और संपत्ति के नुकसान को कम करने के लिए उचित प्रबंधन द्वारा उनके हानिकारक प्रभावों को कम कर सकते हैं। आपदाएं प्राकृतिक या मानवीय खतरों के परिणाम हैं। उदाहरण के लिए बताया शहरीकरण के कारण शहरी बाढ़, खराब जल प्रबंधन के कारण सूखा, तेजी से ढांचागत विकास और हिमालय क्षेत्र जैसे परिस्थितियों रूप से संवेदनाशील क्षेत्रों में अधिक जनसंख्या बसने से भूकंप और भूस्खलन की समस्या पैदा होती है। आपदा प्रबंधन का लक्ष्य खतरों को आपदा में बदलने से रोकना और जान-माल के नुकसान को कम करना है।



एनकेबीएमजी पीजी कॉलेज के रासेयो शिविर में छात्राओं को जानकारी देते अतिथि।

## मंदिर में जात लगाने गई महिला के गले से उचक्के ने उड़ाई सोने की चेन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** बगिया वाली देवी मंदिर में परिवार के साथ जात लगाने गई महिला के गले से सोने के उचक्कों ने सोने की डेढ़ तोले की चैन साफ कर दी। जानकारी होने पर महिला ने शोर मचाया। मगर उचक्का हाथ नहीं लग सका। घटना की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक मौके पर पहुंचे। घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई है।

फिलहाल पुलिस ने मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक कर रही हैं। होली के बाद 4 मंगलवार को सीता रोड स्थित बगिया वालाी देवी मंदिर में माता रानी की जात व पूजा-अर्चना की जाती है। साथ ही मंदिर के आसपास मेले का आयोजन होता है। मंगलवार की सुबह 8 बजे से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु परिवार के साथ मंदिर में पहुंचना आरंभ हो गई। मोहल्ला गोपाल निवासी महिला पुष्पा देवी अपने परिवार के साथ मंदिर पहुंची। जहां श्रद्धालुओं की भीड़ अधिक होने पर महिला भी कतार में लग गई और मंदिर में प्रवेश मिलने पर किसी उचक्के ने महिला के गले से डेढ़ तोले की सोने की चैन साफ कर दी। घटना के समय महिला को अहसास तक नहीं हुआ। कुछ बाद जब महिला को जानकारी हुई तो उसने शोर मचाना शुरू कर दिया।



पुष्पा देवी।। -जागरण मोर्चा

# प्राथमिक विद्यालयों में 65 बच्चों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** समा फोटो- । जागरण मोर्चा, कार्यलय चंदौसी। शहर के फव्वारा चौक स्थित गांधी प्राथमिक विद्यालय राजेंद्र प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार की सुबह 10 बजे से बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया गया । जिसमें 65 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करी गई।

चिकित्साधिकारी डॉ. अरशद अली के नेतृत्व में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरोली की आरबीएसकेए टीम द्वारा गांधी प्राथमिक विद्यालय राजेंद्र प्राथमिक विद्यालय चंदौसी में 65 छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। परीक्षण कर निशुल्क दवा का वितरण किया। इस दौरान चिकित्सक ने शिक्षक - शिक्षिकाओं व बच्चो को बदलते मौसम में सावधानी बरतने की भी सलाह दी गई। टीम में डॉ अरशद अली,डॉ. आस्था वार्ष्णेय, ज्योति रानी, नेत्र सहायक सुमन रानी, व स्कूल का स्टाफ में प्रधानाचार्य अजय शर्मा, गुंजन बत्रा, स्वाति गुप्ता, अनीता रानी, आदि स्टाफ उपस्थित रहा ।



प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करतें चिकित्सक। -जागरण मोर्चा

## घर-घर जाकर हो सकेगी गेहूं की सरकारी खरीद

**जागरण मोर्चा कार्यालय, रामपुर।** गेहूं क्रय केंद्र खोलने की प्रक्रिया चल रही है। अभी तक 120 क्रय केंद्र तय हो चुके हैं। इसके साथ ही शासन की ओर से किसान को घर बैठे सरकारी रेट पर गेहूं बेचने के लिए मोबाइल केंद्र भी खोले जाएंगे। पिछले वर्ष भी जिले में मोबाइल केंद्र खोले गए थे। जिले में इस बार 17 मार्च से गेहूं की खरीद शुरू होगी। इसकी तैयार चल रही है। इस बार जिले की प्रत्येक तहसील में एक-एक मोबाइल खरीद केंद्र खोले जा सकते हैं।

इनके माध्यम से घर-घर जाकर गेहूं खरीद की प्रक्रिया को अंजाम दिया जाएगा। इसके लिए अलग से कांटा, स्टाफ और बारदाना, पॉस मशीन तैयार रखी जाएगी। डिप्टी आरएमओ प्रिंस चौधरी ने बताया कि गेहूं की सरकारी खरीद के लिए 17 मार्च से क्रय केंद्र खोले जाएंगे।




स्वच्छता अभियान की रैली निकालतें एसएम कॉलेज के स्वयंसेवक। -जागरण मोर्चा

## स्वयंसेवकों ने किया आईटीआई का शैक्षिक भ्रमण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** एसएम कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर का आयोजन राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में किया जा रहा है। मंगलवार की सुबह स्वयंसेवकों ने शिविर स्थल पर स्वच्छता कार्यक्रम संपन्न किया।

इसके बाद गांव में रैली निकालकर ग्रामीणों को प्लास्टिक के न्यूनतम प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। स्वयंसेवकों ने प्लास्टिक को प्रकृति का शत्रु बताते हुए अपने विचार प्रकट किए। द्वितीय सत्र में स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी डा. विशेष कुमर पाडे के नेतृत्व में आईटीआई का शैक्षिक भ्रमण कर किया। जहां संस्थान के प्रधानाचार्य नरेंद्र पाल सिंह ने विभिन्न प्रकार के व्यवसायिक पाठ्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज के युग नौकरी ढूंढने वालों का नहीं बल्कि नौकरी देने वालों का है। विद्यार्थी व्यवसायिक पाठ्यक्रमों को आत्मसात कर अपने जीवन की दिशा और दशा का निर्धारण स्वयं कर सकते हैं।

**आयोजन** 14 मार्च को जिला न्यायालय में आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

# लोक अदालत का उद्देश्य नागरिकों की लंबित समस्याओं का त्वरित समाधान करना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर 14 मार्च को जिला न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए जनपद न्यायाधीश/विधिक सेवा प्राधिकरण संभल की अध्यक्ष डा. विदुषी सिंह ने प्रशासन के अधिकारी व बैंक शाखा प्रंबधकों के साथ बैठक की।

बैठक का उद्देश्य नागरिकों की लंबित समस्याओं का त्वरित समाधान करना तथा न्याय तक सहज पहुंच सुनिश्चित करना रहा। जनपद न्यायाधीश ने बताया कि लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं का सरलीकृत, सुलभ और त्वरित निपटारा सुनिश्चित करना है। बैठक में नागरिकों की शिकायतों, राजस्व संबंधी मामलों, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, पेंशन, श्रम विवाद, बैंक मामले तथा अन्य जनहित विषयों पपर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में समस्त अधिकारियों व बैंक शाखा प्रबंधकों को लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण को जनसुनवाई और अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने, विभागों के बीच समन्वय बढ़ाने, आमजन को योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराने को निर्देशित किया गया। साथ ही लोक अदालत द्वारा लोन से जुड़े मामलों को सुलझाने तथा सुलह समझौते द्वारा अधिक वादों के निस्तारण के संबंध में दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोक अदलात के नोडल अधइकारी व अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अवधेश कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दीपक कुमार जायसवाल, सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, एआरटीओ अमिताभ चतुर्वेदी, एसडीएम आशुतोष तिवारी, एसडीएम संभल निधि पटेल, एसडीएम गुन्नौर अवधेश कुमार, तहसीलदार रवि सोनकर, तहसीलदार संभल धीरेंद्र सिंह, तहसीलदार गुन्नौर रविंद्र विक्रम आदि अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



जनपद न्यायालय में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक करतीं जिला न्यायाधीश। -जागरण मोर्चा

## कल लगेगा दाऊजी मंदिर में मेला

**जागरण मोर्चा कार्यालय, चन्दौसी।** श्री दाऊजी महाराज मंदिर पर गुरुवार को माता का पूजन एवं रायसत्ती मेले का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के ट्रस्टी चौधरी विवेक कुमार ने बताया कि आगामी गुरुवार को दाऊजी मंदिर में माता का पूजन एवं मेलले का आयोजन होगा।

मेले में मंदिर परिसर में साफ-सफाई एवं पीने के पानी की उचित व्यवस्था की गई है। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहेगा। मेले में ट्रस्टी स्व. चौधरी प्रेम शंकर की स्मृति में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। मंदिर परिसर में लगने वाली खेल-खिलौने व चाट पकौड़ी की दुकानें निशुल्क रहेगी।

# एक छात्र की परीक्षा संपन्न कराने को परीक्षा केंद्र पर 17 कर्मचारियों की ड्यूटी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** यूपी बोर्ड परीक्षाएं संचालित है। पहली पाली में हाईस्कूल तो दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की परीक्षाएं संचालित हो रही हैं। चन्दौसी इंटर कालेज परीक्षा केंद्र मंगलवार को दूसरी पाली में इंटरमीडिएट के व्यवसाय अध्ययन की परीक्षा थी। जिसमें एक छात्र को ही परीक्षा देनी थी।

जिसके लिए केंद्र व्यवस्थापक सहित 17 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई थी। मगर छात्र परीक्षा देने नहीं पहुंचा। इसके बाद भी सभी की ड्यूटी परीक्षा के अंत तक जारी रही। चन्दौसी इंटर कालेज में ब्रज भूषण शर्मा इंटर कालेज शमसोई का सेंटर पड़ा है। मंगलवार को व्यवसाय अध्ययन की परीक्षा थी। परीक्षा के लिए एक ही छात्र यश कुमार रजिस्टर्ड था। एक ही छात्र के परीक्षा संपन्न कराने के लिए परीक्षा केंद्र पर केंद्र व्यवस्थापक सहित 17 कर्मचारियों की ड्यूटी परीक्षा संपन्न कराने के लिए लगाई थी। परीक्षा आरंभ होने का समय जैसे ही नजदीक आया, तो छात्र यश कुमार परीक्षा देने नहीं पहुंचा। काफी देर तक छात्र का इंतजार किया। मगर वह किसी कारण वश परीक्षा देने नहीं पहुंचा। इसके बाद भी परीक्षा केंद्र पर केंद्र व्यवस्थापक, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक, मजिस्ट्रेट, परीक्षा सहायक सहित 17 कर्मचारियों को परीक्षा के अंत तक अपनी ड्यूटी का निर्वहन करना पड़ा।





चन्दौसी इंटर कालेज परीक्षा केंद्र। -जागरण मोर्चा



## श्रीरामचरितमानस

राम धामदा पुरी सुहावनि।
लोक समस्त बिदित अति पावनि॥
चारि खानि जग जीव अपारा।
अवध तजें तनु नहिं संसारा॥

भावार्थ : यह शोभायमान अयोध्यापुरी श्री रामचंद्रजी के परमधाम की देने वाली है, सब लोकों में प्रसिद्ध है और अत्यन्त पवित्र है। जगत में (अण्डज, स्वेदज, उद्भिज्ज और जरायुज) चार खानि (प्रकार) के अनन्त जीव हैं, इनमें से जो कोई भी अयोध्याजी में शरीर छोड़ते हैं, वे फिर संसार में नहीं आते (जन्म-मृत्यु के चक्कर से छूटकर भगवान के परमधाम में निवास करते हैं)॥



## गीता सार

यः सर्वत्रानभिस्नेहस्तत्तत्प्राप्य शुभाशुभम्।
नाभिनंदति न द्वेष्टि तस्य प्रज्ञा प्रतिष्ठिता॥२-५७॥

भावार्थ : जो पुरुष सर्वत्र स्नेहरहित हुआ यदृच्छया( प्रारब्धवश) प्राप्त शुभ या अशुभ से न प्रसन्न होता है और न द्वेष करता है, उसकी बुद्धि स्थिर है॥

# नेपाल के अगले प्रधानमंत्री



शाहिद ए चौधरी

नेपाल में पुरानी राजनीतिक व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। काठमांडू के मेयर व पूर्व रैपर बालेंद्र शाह, जो बालेन शाह के नाम से अधिक विख्यात हैं, के नेतृत्व वाली नव-निर्मित राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) की जबरदस्त आंधी में सभी पुरानी व स्थापित पार्टियां, जो नेपाल में राजशाही समाप्त होने के बाद सत्ता पर विभिन्न गठजोड़ों से अपना कब्जा बनाये रखती थीं, सूखे पत्तों की तरह उड़ गई हैं। इस लेख के लिखे जाने तक आरएसपी ने प्रतिनिधि सभा की 165 फर्स्ट-पास्ट-द-पोस्ट सीटों में से 115 पर या तो जीत दर्ज कर ली थी या निर्णायक बढ़त बना ली थी, जबकि शेष 110 सीटें आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली से भरी जाएंगी। नेपाल में 8-9 सितंबर 2025 को हुए जेन-जी आंदोलन के बाद पहली बार आम चुनाव हुए थे और 5 मार्च 2026 को हुए मतदान में लगभग 65 प्रतिशत मतदान हुआ था, कार्यवाहक मुख्य निर्वाचन आयुक्त राम प्रसाद भंडारी के मुताबिक। जेन-जी आंदोलन में 77 व्यक्तियों की मौत के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी ओली ने इस्तीफ़ा दे दिया था और 12 सितंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट की पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम प्रधानमंत्री की शपथ दिलाई गई थी, जोकि इस पद पर पहुंचने वाली नेपाल में पहली महिला हैं।

इमेज

जेन-जी आंदोलन को पुरानी राजनीतिक व्यवस्था पर चुनावी जीत में बदलने वाले बालेन शाह नेपाल के अगले प्रधानमंत्री होंगे। हिमालय देश के इस नए नेता से जेन-जी ने कहा है, "हमने तुम्हारे पक्ष में मतदान किया है, अब काम को सही से अंजाम दो।" गौरतलब है कि नेपाल में भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, महंगाई, बेरोजगारी आदि से परेशान होकर जेन-जी आंदोलन हुआ था। अब नेपाल की जनता चाहती है कि बालेन शाह उनकी उम्मीदों पर खरे उतरें और इन समस्याओं का समाधान करें। काम बहुत मुश्किल है, लेकिन असंभव नहीं है। बालेन शाह के पक्ष में मुख्य रूप से दो बातें जाती हैं। एक, उन्हें स्पष्ट बहुमत प्राप्त हुआ है, जिससे उनकी सरकार के अल्पमत में आने का खतरा नहीं रहेगा, जैसा कि पिछली सरकारों पर मंडराता रहता था। साथ ही उन्हें अपनी नीतियों को लागू करने व अपने वायदों को पूरा करने के लिए पूरे पांच वर्ष का समय मिलेगा। दूसरा यह कि मंझे हुए नेताओं जैसे केपी ओली, माधव कुमार, प्रचंड आदि की राजनीतिक चालों से काफी हद तक महफूज रहेंगे। लेकिन बालेन शाह के पास अनुभव की कमी है, बावजूद इसके कि वह काठमांडू के मेयर रहे हैं। मेयर और प्रधानमंत्री के पदों में बहुत अंतर होता है। प्रधानमंत्री पर देश की जिम्मेदारी तो होती ही है, साथ ही दूसरे देशों से संबंधों में संतुलन बनाए रखने का भी दायित्व होता है। बालेन शाह के समक्ष तो सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि काठमांडू दोनों नई दिल्ली व बीजिंग से संबंधों में कैसे संतुलन बनाए रखें। आगे बढ़ने से पहले नेपाल की प्रशासनिक व्यवस्था को समझने की आवश्यकता है। नेपाल में संसदीय प्रणाली है, 'संघीय संसद नेपाल'। इसकी स्थापना 2018 (2074 बीएस) में हुई, जिसके दो सदन हैं- राष्ट्रीय सभा (नेशनल असेंबली) और प्रतिनिधि सभा (हाउस ऑफ़ रिप्रेजेंटेटिव)। राष्ट्रीय सभा में 59 सदस्य होते हैं, जिनमें से एक-तिहाई हर दो साल पर रिटायर होते हैं यानी यह स्थायी सदन है, जिसके एक सदस्य का कार्यकाल 6 वर्ष तक का होता है। इस सदन के 8 सदस्यों को सात प्रांतों के इलेक्टोरल कॉलेज द्वारा चुना जाता है और तीन को सरकार की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाता है। इनमें से कम से कम तीन महिलाएं, एक दलित व एक सदस्य डिसेबल्ड समूह से होना जरूरी है। प्रतिनिधि सभा में 275 सदस्य होते हैं, जिनमें से 165 को एकल-सदस्य चुनाव क्षेत्र से फर्स्ट-पास्ट-द-पोस्ट-वोटिंग के माध्यम से चुना जाता है यानी एक चुनाव क्षेत्र में जिस प्रत्याशी को सबसे अधिक मत मिलते हैं, उसे विजयी घोषित कर दिया जाता है। शेष 110 सदस्यों को आनुपातिक चुनावी व्यवस्था से चुना जाता है, जिसमें मतदाता पूरे नेपाल को एक चुनावी क्षेत्र मानकर राजनीतिक पार्टियों के पक्ष में मतदान करते हैं। इस बार के आम चुनाव में 65 राजनीतिक पार्टियां मैदान में थीं। प्रतिनिधि सभा के सदस्यों का कार्यकाल 5 वर्ष के लिए होता है या जब तक मंत्रिमंडल की सलाह पर राष्ट्रपति प्रतिनिधि सभा को भंग न कर दें। नेपाल के संविधान के अनुसार संघीय संसद सहित सभी सार्वजनिक कार्यालयों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण है। इस गारंटी के बाद से नेपाल में हर जगह महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ गया है। बहरहाल, नेपाल में जिस तेजी से 50-वर्षीय रबी लामिछाने एक राजनेता के रूप में उभरे हैं, उतनी तेज प्रगति कम ही लोगों ने की है। सियासत में आने से पहले भी वह जाने-माने चेहरा थे कि एक उत्साही टीवी प्रजेंटर के रूप में हर घर में उनको पहचाना जाता था और भ्रष्टाचार का विरोध करने की वजह से उनकी ख्याति में चार चांद लग गए थे। साल 2022 के चुनाव से पहले उन्होंने आरएसपी का गठन किया था। वह किसी दलगत संरचना की बजाय छोटे पर्दे से आगे आए। उन्होंने किसी विचारधारा को नहीं बल्कि भ्रष्टाचार की वजह से, जो जनता में बेचैनी थी, उसे बेचा। नवंबर 2022 के चुनाव में उनकी आरएसपी ने 20 सीटें जीती थीं और वह संसद में चौथी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थीं। गठबंधन की राजनीति के दौरान लामिछाने प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' की सरकार में उप-प्रधानमंत्री व गृह मंत्री बनने में कामयाब रहे। फिर जनवरी 2023 में नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने अवैध नागरिकता कागजात के आधार पर उनकी सदस्यता पर विराम लगा दिया, लेकिन उन्होंने वापसी की और नई गठबंधन सरकार में फिर गृह मंत्री बने। जब सत्ता उनके करीब नजर आई तो वह व्यवस्था से सौदेबाजी करने के लिए तैयार रहे, लेकिन अपनी स्वाभाविक प्रवृत्ति के चलते उन्होंने अपनी सबसे बड़ी राजनीतिक चाल चली। जब सितंबर 2025 में सोशल मीडिया पर प्रतिबंध की वजह से जेन-जी आंदोलन शुरू हुआ और भ्रष्टाचार, बेरोजगारी व दमन के विरोध में विद्रोह बन गया तसे लामिछाने संदिग्ध स्थितियों में नक्खू जेल से बाहर आए, जहां वह विवादित सहकारिता केस के तहत बंद थे। इस समय वह आरोपी कम व जनता के गुस्से के प्रतीक अधिक नजर आ रहे थे, तब उन्होंने बालेन शाह से हाथ मिलाने का फैसला किया। लामिछाने ने अपनी अपील की सीमाओं को पहचाना और दिसंबर 2025 में आरएसपी में शामिल हुए बालेन शाह को प्रधानमंत्री के चेहरे के रूप में पेश किया, जबकि वह स्वयं पार्टी के अध्यक्ष बने रहे। बालेन व उनके समर्थकों को आरएसपी में लाना लामिछाने की स्मार्ट व रणनीतिक चाल साबित हुई।



# बांग्लादेश के काली मंदिर में टारगेट ब्लास्ट

बांग्लादेश में शेख हसीना के जाने के बाद दो सरकारों को देश का हालात बदलने का मौक मिल चुका है। लेकिन हिंदुओं की सुरक्षा पर संकट लगातार बढ़ ही रहा है। बांग्लादेश में हिंदुओं पर टारगेट अटैक बंद नहीं हो रहे। हाल ही में बांग्लादेश के कोमिला से खबर सामने आई कि शनिवार शाम जब श्रद्धालु भक्ति-भाव के साथ काली मंदिर में शनि पूजा कर रहे थे, तभी नकाबपोश हमलावरों ने कायराना हरकत से शांति भंग कर दी। ये बदमाश पूजा में खलल डालने के लिए राक्षसों का रूप लेकर आए और एक बैग में बम रखकर भाग गए। शनिवार शाम करीब 6:28 बजे, जब बागनबाड़ी ठाकुरपाड़ा इलाके के कालीगाछ तला काली मंदिर में साप्ताहिक शनि पूजा चल रही थी, तभी एक नकाबपोश शख्स मंदिर परिसर में दाखिल हुआ। सीसीटीवी में साफ देखा जा सकता है कि शख्स के हाथ में एक बैग था, वो बैग मंदिर के अंदर छोड़कर तुरंत वहां से भाग निकला, जिसके कुछ ही पलों बाद जोरदार धमाका हुआ। इस विस्फोट में मंदिर के 48 वर्षीय पुजारी केशव चक्रवर्ती घायल हो गए। हमलावरों ने भागते समय पास के ही एक बौद्ध मंदिर और एक निजी कार्यालय के सामने भी दो क्रूड बम फेंके, जिसमें अब्दुल बारेक और जिहाद नाम के दो अन्य व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस को मिले सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि हमलावर ने चेहरा ढका हुआ था। उसके साथ कुछ अन्य संदिग्ध भी आसपास खड़े थे। धमाके के समय मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। अचानक हुए विस्फोट से वहां भगदड़ मच गई और लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। कोतवाली मॉडल थाना के प्रभारी मो तौहीदुल अनवर ने पुष्टि की है कि घायलों को अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया है। फिलहाल इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है ताकि स्थिति और न बिगड़े। मंदिर समिति के अध्यक्ष सजल कुमार चंदा ने बताया कि धमाका शाम करीब 6:30 बजे हुआ था, जिसने पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। बांग्लादेश में यह कोई पहला या कहें कि आखिरी मामला नहीं है। लेकिन सबसे ज्यादा दुखद बात यह है वहां के हिंदू समुदाय को सुरक्षित महसूस नहीं हो रहा है। उससे भी बड़ी और दुखद बात यह भी है कि विश्व स्तर पर इन घटनाओं को लेकर बहुत ज्यादा खलबली नहीं दिखाई पड़ती। अब देखना है कि बांग्लादेश की वर्तमान सरकार इन हालातों को कैसे संभालती है।



## असफल फिल्मों के सफल गीतकार

# असद भोपाली के अनसुने किस्से

कैलाश सिंह

फ़ाज़ली ब्रदर्स फिल्म 'दुनिया' बना रहे थे, दो गाने लिखे जा चुके थे और उनकी शूटिंग भी हो चुकी थी, लेकिन फिल्म बीच में ही छोड़कर गीतकार आरज़ू लखनवी नव-निर्मित देश पाकिस्तान पलायन कर गए। यह 1949 की बात है। फ़ाज़ली भाइयों को अपनी फिल्म पूरी करने के लिए नए गीतकार की तलाश थी। उन्होंने अपनी इच्छा अपने व्यापारी दोस्त सुगम कपाड़िया से व्यक्त की, जिनके भोपाल में भी अनेक सिनेमाघर थे। सुगम ने फ़ाज़ली भाइयों से कहा कि भोपाल में काफी अच्छे शायर मौजूद हैं, उनमें से किसी एक का चयन किया जा सकता है। लिहाज़ा नया गीतकार खोजने के लिए सुगम ने 5 मई 1948 को अपने भोपाल टाकीज़ में एक मुशायरे का आयोजन किया। एक 28-वर्षीय शायर ने जब पढ़ा- "इतना तो बता जाओ खफ़ा होने से पहले/वो क्या करें जो तुम से खफ़ा हो नहीं सकते," तो फ़ाज़ली भाइयों के होश उड़ गए, उनकी तलाश मुकम्मल हो चुकी थी। यह शायर असद भोपाली थे। उन्हें बॉम्बे (अब मुंबई) आकर फिल्मों में गीत लिखने का ऑफर दिया गया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया और वह 18 मई 1949 को बॉम्बे आ गए। असद भोपाली ने फ़ाज़ली ब्रदर्स की फिल्म 'दुनिया' के लिए दो गीत लिखे- 'रोना है चुपके चुपके' (जिसे मुहम्मद रफ़ी ने गाया) और 'अरमान लुटे, दिल टूट गया' (जिसे सुरैय्या ने अपनी आवाज़ दी थी)। इसके अगले वर्ष उन्होंने कई फिल्मों के लिए गीत लिखे, जिन्हें लता मंगेशकर व शमशाद बेगम ने गाया था। लेकिन असद भोपाली को बड़ा ब्रेक बीआर चोपड़ा की फिल्म 'अफ़साना' (1951) से मिला, जिसके लिए उन्होंने पांच गाने लिखे और उनके फिल्मी सफर ने गति पकड़ ली; वह स्थापित गीतकार बन गए। हालांकि गुलज़ार व सैबल चैटर्जी द्वारा संपादित 'एनसाइकलोपीडिया ऑफ़ हिंदी सिनेमा' में असद भोपाली को उन चंद व्यक्तियों की सूची में शामिल किया गया है, जिन्होंने हिंदी की फिल्मों में बतौर गीतकार ज़बरदस्त योगदान दिया है, फिर असद भोपाली के कलम से बेशुमार कालजयी गीत भी निकले हैं, जो आज तक लोगों की ज़बान पर हैं, जैसे 'वो जब याद आए, बहुत याद आए', 'हंसता हुआ नूरानी चेहरा' आदि, लेकिन वह कभी भी फिल्मोद्योग में वह मक़ाम हासिल नहीं कर सके जहां साहिर लुधियानवी, मजरुह सुल्तानपुरी, राजेंद्र कृष्ण, शैलेंद्र, शकील बदायुनी व हसरत जयपुरी पहुंचे। इसकी वजह को एक घटना से समझा जा सकता है।



## तिथि विशेष

# जाकिर हुसैन

उस्ताद जाकिर हुसैन एक भारतीय तबला वादक, संगीतकार, तालवादक, संगीत निर्माता और फिल्म अभिनेता थे। उन्हें शास्त्रीय भारतीय संगीत को आगे बढ़ाने के लिए जाना जाता था। उन का जन्म 9 मार्च 1951 हुआ। जाकिर हुसैन तबला वादक उस्ताद अल्ला रक्खा के बेटे थे। जाकिर हुसैन को भारत सरकार द्वारा कला के क्षेत्र में सन् 1988 में पद्मश्री तथा सन् 2002 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। ये महाराष्ट्र से हैं। इन्हें 22 मार्च 2023 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। जाकिर हुसैन का बचपन मुंबई में ही बीता। 12 साल की उम्र से ही जाकिर हुसैन ने संगीत की दुनिया में अपने तबले की आवाज को बिखेरना शुरू कर दिया था। प्रारंभिक शिक्षा और कॉलेज के बाद जाकिर हुसैन ने कला के क्षेत्र में अपने आप को स्थापित करना शुरू कर दिया। 1973 में उनका पहला एलबम लिविंग इन द मैटेरियल वर्ल्ड आया था। उसके बाद तो जैसे जाकिर हुसैन ने ठान लिया कि अपने तबले की आवाज को दुनिया भर में बिखेरेंगे। 1979 से लेकर 2007 तक जाकिर हुसैन विभिन्न अंतरराष्ट्रीय समारोहों और एलबमों में अपने तबले का दम दिखाते रहे। जाकिर हुसैन भारत में तो बहुत ही प्रसिद्ध हैं साथ ही साथ विश्व के विभिन्न हिस्सों में भी समान रूप से लोकप्रिय हैं। 1988 में जब उन्हें पद्म श्री का पुरस्कार मिला था तब वह महज 37 वर्ष के थे और इस उम्र में यह पुरस्कार पाने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति भी थे। इसी तरह 2002 में संगीत के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें पद्म भूषण का पुरस्कार दिया गया था। जाकिर हुसैन को 1992 और 2009 में संगीत का सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार ग्रैमी अवार्ड भी मिला है। 22 मार्च 2023 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया।

## बारामुला एक्सप्रेस आकिब नबी

# जल्द दिखेंगे भारतीय जर्सी में..!

सारिम अन्ना

उरी से पश्चिम में लगभग 40 किमी के फासले पर, नियंत्रण रेखा के करीब, शीरी गांव है। मुख्य सड़क से एक पतली सी गली आपको क्रिकेटर आकिब नबी के घर तक ले जाती है। शनिवार (28 फरवरी 2026) को शीरी में दुकानें तो खुली हुई थीं, लेकिन कारोबार न के बराबर ही चल रहा था। जगह जगह लोग समूह बनाकर खड़े हुए थे, उनके हाथ में मोबाइल फ़ोन था। वह दूर कर्नाटक के हुबली में खेले जा रहे रणजी ट्राफी फाइनल का स्कोर चेक कर रहे थे। जम्मू कश्मीर की टीम न सिर्फ़ पहली बार रणजी ट्राफी के फाइनल में पहुंची थी बल्कि पहली पारी की विशाल बढ़त के आधार पर उसने पहली बार इस ट्राफी को उठाने का श्रेय भी प्राप्त किया। जम्मू कश्मीर ने अपनी पहली पारी में 584 रन व दूसरी में 4 विकेट खोकर 342 रन बनाये थे, जबकि कर्नाटक ने अपनी पहली पारी में 293 रन बनाये। मैच ड्रा रहा, लेकिन जैसा कि रणजी ट्राफी का नियम है पहली पारी की बढ़त के आधार पर जम्मू कश्मीर को विजेता घोषित कर दिया गया। इस शानदार कामयाबी के हीरो रहे आकिब नबी, जिन्हें रणजी के 2025-26 सत्र का प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट घोषित किया गया।

इमेज

नबी के घर के अंदर उनके परिवार के सदस्य टीवी के सामने बैठे हुए थे। कमरे में शांति थी, सिर्फ टीवी कमेंटरी की आवाज़ सुनाई दे रही थी। नबी की दादी राज़ी की आंखें, बिना पलक झपकाए टीवी स्क्रीन पर गड़ी हुई थीं और जब भी कैमरा नबी पर फोकस करता तो उनके होंठों पर मुस्कान आ जाती। सरकारी स्कूल में टीचर नबी के पिता गुलाम नबी डार आगे को झुके हुए थे और हर एक गेंद पर नज़र रख रहे थे। जब जम्मू कश्मीर को विजेता घोषित किया गया तो परिवार के सदस्यों ने एक दूसरे को देखा व ख़ामोशी से मुस्कुराए। महिला सदस्यों ने एक दूसरे को गले लगाया। कुछ पल बाद घोषणा हुई कि आकिब नबी डार प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट बने हैं। स्क्रीन से आंखें हटाए बिना पिता ने मुस्कुराते हुए कहा, "बड़ा शर्मीला बच्चा है।" जब टीवी एंकर ने आकिब को याद दिलाया कि उनके पिता चाहते थे कि वह डॉक्टर बनें तो जवाब में आकिब सिर्फ मुस्कुरा दिए और पिता गुलाम नबी ने अपना चश्मा हटाकर आंखों से आंसू पौंछे। यह खुशी के आंसू थे, केवल इसलिए नहीं कि परिवार ने ख़ामोशी से अपने लाल को इतिहास बनाते हुए देखा था बल्कि इस प्रबल संभावना को मद्देनज़र रखते हुए कि जल्द ही वह आकिब को भारत के लिए टेस्ट खेलते हुए भी देखेंगे। गौरतलब है कि भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने बीसीसीआई से पुरज़ोर वकालत की है कि आकिब को इंग्लैंड के दौरे के लिए भारतीय टीम में शामिल किया जाना चाहिए। गांगुली ही नहीं भारत के अनेक क्रिकेट लीजेंड्स ने 29-वर्षीय आकिब की प्रतिभा से प्रभावित होकर उनके पक्ष में आवाज़ उठाई है। आकिब में बेजान पिचों पर भी गेंद को तेज़ रफ्तार के साथ दोनों तरफ स्विंग कराने की ग़ज़ब की क्षमता है और वह बल्ले से भी अच्छा योगदान करते हैं, जैसा कि उन्होंने दिल्ली के खिलाफ आठवें नंबर पर आकर शतक लगाकर साबित किया था। इसी को ध्यान में रखते हुए दिल्ली कैपिटल्स ने उन्हें अपनी आईपीएल टीम में 8 करोड़ 40 लाख रुपए की बोली लगाकर खरीदा, जबकि वह अनकैप्ड प्लेयर हैं। बहरहाल, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि बारामुला एक्सप्रेस के नाम से विख्यात आकिब ही जम्मू कश्मीर की कामयाबी के मुख्य हीरो रहे और अब वह अपने राज्य के नए पोस्टर बॉय बन गए हैं। जम्मू कश्मीर के अभियान की दिल की धड़कन रहे आकिब ने रणजी के इस सत्र में किसी भी अन्य गेंदबाज़ की तुलना में सबसे ज्यादा विकेट लिए- उन्होंने 10 मैचों में 60 विकेट लिए, जबकि पिछले सत्र में उन्होंने 8 मैचों में 44 विकेट लिए थे। इस तरह दो सत्रों में मात्र 18 मैचों में उन्होंने 100 से अधिक विकेट लिए, जोकि रणजी रिकॉर्ड है। इस सत्र में वह जिस निरंतरता से विकेट ले रहे थे, उसका अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने 7 बार पारी में 5 या उससे अधिक विकेट लिए, जबकि उनका सर्वश्रेष्ठ 24 रन देकर 7 विकेट लेना रहा और फाइनल में भी उन्होंने 54 रन देकर 5 विकेट लिए। क्रिकेट बैटर्स का गेम कहा जाता है, लेकिन अगर गेंदबाज़ कमाल का हो तो फिर यह गेंदबाज़ का भी खेल बन जाता है। आकिब ने यही करके दिखाया है कि वह रणजी ट्राफी में अब तक 6 बार प्लेयर ऑफ़ द मैच बन चुके हैं, जिनमें से तीन प्लेयर ऑफ़ द मैच खिताब तो उन्होंने 2025-26 के सत्र में जीते हैं- दिल्ली, मध्य प्रदेश व बंगाल के खिलाफ। आकिब को इस मक़ाम तक पहुंचने में कड़ी मेहनत करनी पड़ी है। वह बारामुला में अपने गांव शीरी से रोज़ाना 60 किमी का सफर करके श्रीनगर जाते हैं ताकि प्रैक्टिस कर सकें। यहां एक दिलचस्प किस्सा सुनाना ज़रूरी मालूम पड़ता है। आकिब जब पहली बार जम्मू कश्मीर की टीम में शामिल हुए तो कोच पी कृष्ण कुमार ने उनकी गेंदबाज़ी में कुछ खामियां देखीं। तब बुची बाबू ट्राफी के एक मैच के दौरान कोच ने आकिब से कहा कि क्या वह इनस्विंग गेंद फ़ेंक सकते हैं या वह आउटस्विंगर कर सकते हैं, शायद एक ऑफ़कटर। इस पर आकिब का सीधा जवाब था कि सर मैं तो यही डालता हूं।





## वायरल

# चार साल की उम्र में खोया, चीन से पहुंचा कनाडा, 24 साल बाद मिला

कभी-कभी इंसान के जीवन में कुछ ऐसी घटनाएं घट जाती हैं, जो उसका जीवन ही बदल कर रख देती हैं। चीन में एक ऐसी ही घटना इन दिनों काफी चर्चा में है, जिसने लोगों को हैरान भी किया है और खुश भी। दरअसल, एक शख्स जो बचपन में ही अपने परिवार से बिछड़ गया था, दो दशकों से अधिक समय बाद आखिरकार अपने पिता से मिल गया है। ये भावुक मिलन पूर्वोत्तर चीन में हुआ और इसके साथ ही उस लंबी और कठिन यात्रा का अंत हुआ जो तब शुरू हुई थी जब वो महज 4 साल की उम्र में एक रेलवे स्टेशन पर खो गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, इस शख्स का नाम झांग युनपेंग है, जो अब 28 साल का हो चुका है। झांग की मुलाकात 24 साल बाद अपने पिता झांग जिउचेंग से 2 मार्च को चीन के जिलिन प्रांत के हुआइनान काउंटी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान हुई। कई सालों बाद आमने-सामने मिलने पर दोनों पिता-पुत्र गले मिले और इस दौरान उनकी आंखों में आंसू भर आए। दो दशकों से अधिक समय के बाद आखिरकार पिता को बेटे से मिलने का मौका मिला।



# भारत में महिलाओं के प्रति बदलने लगा है नजरिया

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न मनाने और लैंगिक समानता की वकालत करने के लिए मनाया जाता है। यह जागरूकता बढ़ाने, बाधाओं को तोड़ने और सभी के लिए समान अवसरों को बढ़ावा देने का दिन है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं तो समाज और राष्ट्र मजबूत होते है। यह समानता और अधिकारों के लिए एक वैश्विक आंदोलन है, जो महिलाओं के सम्मान और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष का प्रतीक है। यह एक ऐसा दिन है जो महिलाओं को सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 8 मार्च 1911 से पूरे विश्व में मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य महिलाओं की सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न मनाना है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 की थीम है दान से लाभ है, जो उदारता, सहयोग और सामूहिक प्रगति के मूल्यों को बढ़ावा देता है। यह अभियान इस बात पर प्रकाश डालता है कि महिलाओं का समर्थन करना और लैंगिक समानता को आगे बढ़ाना सभी के लिए व्यापक सामाजिक और आर्थिक लाभ ला सकता है। इस अभियान का मूल विचार यह है कि जब महिलाएं शिक्षा, नेतृत्व, उद्यमिता, विज्ञान, कला और राजनीति जैसे क्षेत्रों में सशक्त होती हैं, तो इससे मजबूत समुदाय और साझा समृद्धि का निर्माण होता है।

## X का एक्सरे

शिक्षित और सशक्त महिलाएं प्रगतिशील राष्ट्र की आधारशिला हैं। नारी शक्ति विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता और साहस के साथ नेतृत्व कर रही हैं। हम सब मिलकर एक ऐसा वातावरण बनाएं जहां महिलाओं की आकांक्षाएं और उपलब्धियां एक अधिक न्यायसंगत भविष्य का निर्माण करें।



द्रौपदी मुर्मू

तीन करोड़ से अधिक बहनें अब लखपति दीदी बन चुकी हैं। कई लोगों ने मेरा मजाक उड़ाया। आज मैं अत्यंत प्रसन्नता से कह सकता हूं कि देश द्वारा तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का जो संकल्प लिया गया था, वह पूरा हो गया है। तीन करोड़ से अधिक बहनें अब लखपति दीदी बन चुकी हैं।



नरेंद्र मोदी

पश्चिम एशिया में बढ़ते युद्ध संकट के बीच भारत की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मौजूदगी और भूमिका लगभग खत्म होती दिखाई दे रही है। पश्चिम एशिया में ईरान और इस्राइल के बीच बढ़े तनाव और अमेरिका की भूमिका के कारण स्थिति बेहद गंभीर हो गई है और भारत एक देश के तौर पर इस स्थिति में पूरी तरह से अपना वजूद खो चुका है।



संजय राउत

ये जंग जल्दी खत्म नहीं होगी। ट्रंप को वेनेजुएला में जो अनुभव मिला और उन्हें वो पसंद आया इसलिए उन्हें लगा कि वे ईरान में भी ऐसा ही कर सकते हैं लेकिन अब वे बुरी तरह फंस गए हैं। हम उसे नहीं छोड़ेंगे। उसे अपने किए की सजा भुगतनी ही होगी। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या की उन्हें कीमत चुकानी पड़ेगी।



अली लारीजानी

# दुकान में लगी आग नोटों के हार व कीटनाशक दवाएं जलकर खाक

जागरण मोर्चा कार्यालय



**तिलहर (शाहजहांपुर)।** नगर के मुख्य बाजार बिटियागंज चैराहे के पास बजाज मार्केट की ओर स्थित एक दुकान में सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से हड़कंप मच गया। आग लगने से दुकान में रखे नोटों के हार, नगदी और कीटनाशक दवाएं जलकर खाक हो गईं। पीड़ित दुकानदार ने इस अग्निकांड में करीब 50 हजार रुपये का नुकसान होने की बात कही है। जानकारी के अनुसार बिटियागंज चैराहे के पास रहने वाले व्यापारी दिलीप गुप्ता की दुकान पर कीटनाशक दवाओं के साथ-साथ नोटों के हार बनाकर भी बिक्री की जाती है। बताया जा रहा है कि सोमवार रात दुकान बंद करने के बाद दिलीप गुप्ता अपने घर चले गए थे। देर रात किसी समय दुकान के अंदर आग लग गई, जिसका किसी को पता नहीं चल सका। मंगलवार सुबह डेरी से दूध लेकर जा रहे एक परिचित व्यक्ति की नजर दुकान के शटर के नीचे से निकल रहे धुएं पर पड़ी। उन्होंने तुरंत दिलीप गुप्ता के घर जाकर उन्हें इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही दिलीप गुप्ता मौके पर पहुंचे और देखा कि दुकान के अंदर से धुआं निकल रहा है। इसके बाद उन्होंने शटर खोलकर आसपास के लोगों की मदद से आग पर किसी तरह काबू पाया। हालांकि तब तक दुकान में रखा काफी सामान जल चुका था। पीड़ित दुकानदार के मुताबिक दुकान में करीब 27 हजार रुपये के नोटों से बने हार टंगे हुए थे, जो आग की चपेट में आकर पूरी तरह जल गए। इसके अलावा 786 नंबर वाले दो हजार रुपये के नोट, टीन के डिब्बे में रखे पांच सौ और सौ रुपये के नोट भी जलकर नष्ट हो गए। दुकान में रखी कुछ कीटनाशक दवाएं भी आग से खराब हो गईं। दिलीप गुप्ता के अनुसार इस घटना में करीब 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। घटना के बाद आसपास के दुकानदारों में भी कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा। हालांकि आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, जिससे आसपास की अन्य दुकानों को नुकसान होने से बचा लिया गया। फिलहाल आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। दुकानदार का कहना है कि आग कैसे लगी, इसकी जानकारी नहीं हो पाई है। स्थानीय लोगों का अनुमान है कि शॉर्ट सर्किट या किसी अन्य कारण से आग लगी हो सकती है। घटना की जानकारी मिलने के बाद आसपास के लोग मौके पर जुट गए और पीड़ित दुकानदार को ढांढस बंधाया।

# सीआईएसएफ के 57वें स्थापना दिवस पर रेडक्रॉस की संगोष्ठी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर स्थित इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के कार्यालय में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 57वें स्थापना दिवस के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रेडक्रॉस के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने भाग लेकर सेवा और सुरक्षा के महत्व पर चर्चा की। इस अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ. विजय जौहरी ने बताया कि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की स्थापना 10 मार्च 1969 को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 33 के तहत की गई थी। उन्होंने कहा कि सीआईएसएफ और रेडक्रॉस दोनों ही संस्थाएं अपने-अपने क्षेत्रों में देश की सेवा और मानवता की रक्षा के लिए कार्य कर रही हैं। उन्होंने बताया कि रेडक्रॉस संस्था स्वैच्छिक रक्तदान, प्राथमिक उपचार, आपदा प्रबंधन और आपातकालीन सहायता जैसे मानवीय कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाती है। इसके माध्यम से जरूरतमंद लोगों को समय-समय पर मदद मिलती है। डॉ. जौहरी ने यह भी बताया कि रेडक्रॉस सोसाइटी को मानवीय सेवाओं के लिए विश्व स्तर पर चार बार नोबेल पुरस्कार मिल चुका है, जो संस्था के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस का उद्देश्य मानवता, तटस्थता और शांति के सिद्धांतों पर आधारित है तथा संस्था जीवन और स्वास्थ्य की रक्षा के साथ कमजोर और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए निरंतर कार्य करती है। अंत में डॉ. विजय जौहरी ने बताया कि स्थानीय औद्योगिक क्षेत्र में जल्द ही प्राथमिक उपचार और आपदा प्रबंधन से संबंधित कार्यशाला आयोजित कर जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। गोष्ठी में सत्यभान सिंह भदौरिया, बाल कृष्ण पांडेय, ब्रजेश गुप्ता, रवि कुमार, मीनू मिश्रा, अनुज जौहरी, अग्रज जौहरी और अवनीश सक्सेना सहित रेडक्रॉस के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पीडब्ल्यूडी कर्मचारी संघ का होली मिलन समारोह संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** पीडब्ल्यूडी नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ की ओर से होली मिलन समारोह एवं नव निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपर जिलाधिकारी सहित पीडब्ल्यूडी के कई अधिकारी और कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे। समारोह में अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड, सहायक अभियंता निर्माण खंड-2, डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के अध्यक्ष, डिप्लोमा महासंघ के अध्यक्ष तथा मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सहित अन्य अतिथियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए कर्मचारियों और संघ के पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। होली के अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को बधाई दी और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। समारोह के अंत में गुझिया के साथ दोपहर के भोजन का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने मिलकर होली की खुशियां साझा कीं। पूरे कार्यक्रम का माहौल आपसी सौहार्द और उत्साह से भरा रहा।

# जनपद में सामुदायिक रेडियो स्टेशन के लिए केंद्रीय मंत्री ने मांगा प्रस्ताव

- सांसद के पत्र पर केंद्र मंत्री ने लिया संज्ञान

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** जनपद में सरकारी योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाने के उद्देश्य से सामुदायिक रेडियो स्टेशन स्थापित करने की पहल तेज हो गई है। क्षेत्रीय सांसद अरुण सागर के पत्र पर संज्ञान लेते हुए केंद्रीय रेल व सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जिलाधिकारी को सामुदायिक रेडियो स्टेशन की स्थापना के लिए प्रस्ताव तैयार कर केंद्र सरकार को भेजने के निर्देश दिए हैं। सांसद अरुण सागर ने बताया कि उन्होंने मंत्री को पत्र लिखकर सामुदायिक रेडियो स्टेशन की आवश्यकता से अवगत कराया था। उनका कहना था कि जिले में ऐसा कोई स्टेशन नहीं है, जबकि प्रदेश के कई जिलों में सामुदायिक रेडियो स्टेशन के माध्यम से सरकारी योजनाओं और जनहित से जुड़ी जानकारियां लोगों तक पहुंचाई जा रही हैं। सांसद ने कहा कि सामुदायिक रेडियो स्टेशन बनने से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों तक सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी आसानी से पहुंच सकेगी। इसके माध्यम से कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यक्रमों का प्रसारण स्थानीय भाषा में किया जा सकेगा। इससे ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी समय पर मिलेगी और वे उनका लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में प्रदेश में करीब 64 सामुदायिक रेडियो स्टेशन संचालित हो रहे हैं, जो स्थानीय स्तर पर लोगों को जागरूक करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे में शाहजहांपुर में भी सामुदायिक रेडियो स्टेशन की स्थापना जरूरी है, ताकि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी इसका लाभ उठा सकें। सांसद ने बताया कि मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी को पत्र लिखकर सामुदायिक रेडियो स्टेशन की स्थापना के लिए प्रस्ताव तैयार कर केंद्र सरकार को भेजने के निर्देश दिए हैं। सांसद अरुण सागर ने इसके लिए केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। कई बार ग्रामीण क्षेत्रों में जानकारी के अभाव में लोग योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते हैं। सामुदायिक रेडियो स्टेशन शुरू होने से यह कमी दूर होगी और योजनाओं की जानकारी सीधे गांव-गांव तक पहुंचेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही शाहजहांपुर में सामुदायिक रेडियो स्टेशन की स्थापना का कार्य आगे बढ़ेगा, जिससे जिले के ग्रामीणों को जानकारी और जागरूकता का एक प्रभावी माध्यम मिल सकेगा।

# जिप्सम पाउडर आपूर्ति के लिए मांगी ऑनलाइन निविदाएं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** वन एवं वन्य जीव प्रभाग शाहजहांपुर द्वारा वर्ष 2025-26 में जिप्सम पाउडर (एग्रीग्रेड) की आपूर्ति के लिए ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। प्रभागीय वनाधिकारी सचिन कुमार ने बताया कि यह निविदा प्रक्रिया जेम पोर्टल के माध्यम से पंजीकृत फर्मों व ठेकेदारों से कराई जाएगी। जारी सूचना के अनुसार इच्छुक फर्में 9 मार्च से 19 मार्च तक दोपहर 2 बजे तक जेम पोर्टल पर निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर ऑनलाइन अपलोड कर सकती हैं।

निविदा से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेजों की मूल प्रतियां 19 मार्च को दोपहर 12 बजे तक पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। निविदाओं को उसी दिन अपराह्न 3 बजे समिति के समक्ष खोला जाएगा। निविदा में भाग लेने वाले आवेदकों को जीएसटी, पैन पंजीकरण, उद्योग पंजीकरण, पिछले वर्षों का अनुभव प्रमाण पत्र, आईटीआर रिपोर्ट तथा आईएसओ 9001-2015 प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज जमा करने होंगे। इसके साथ ही 14,841 रुपये की जमानत धनराशि डिमांड ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक के माध्यम से जमा करनी होगी। वन विभाग के अनुसार चयनित फर्म को कायार्देश जारी होने की तिथि से एक माह के भीतर निर्धारित मानक के अनुसार जिप्सम पाउडर की आपूर्ति करनी होगी। गुणवत्ता में कमी पाए जाने या नियमों का उल्लंघन होने पर निविदा निरस्त करते हुए जमानत धनराशि जब्त की जा सकती है।

# नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन ने मनाया महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन (एनआरएमयू) की ओर से महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कैरिज वैगन, आरपीएफ, चेकिंग स्टाफ, वाणिज्य स्टाफ, यातायात स्टाफ, इंजीनियरिंग विभाग और सिग्नल विभाग सहित विभिन्न विभागों की लगभग 40 महिला कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में सहायक मंडल मंत्री नरेंद्र त्यागी ने महिला शक्ति के रेलवे और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यूनियन हमेशा महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और उनके हितों के लिए कार्य करती रही है। साथ ही महिलाओं से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और संगठन से जुड़ने का आह्वान किया। मंडल उपाध्यक्ष सुनील तिवारी ने कहा कि यूनियन की ओर से महिला कर्मचारियों को सीसीएल, दिन की ड्यूटी और कार्यस्थलों पर सुरक्षा जैसे कई महत्वपूर्ण सुविधाएं दिलाने के लिए प्रयास किए गए हैं। शाखा सचिव शिवकुमार सक्सेना ने बताया कि एनआरएमयू हर वर्ष महिला दिवस के अवसर पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करती है। कार्यक्रम के दौरान नीरा त्यागी और कनक त्यागी ने महिला कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया। प्रतियोगिताओं में निशा, सरस्वती, दीपा, मोनिका और कुसुम ने जीत हासिल की। इसके अलावा रेलवे से संबंधित क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें भाग लेने वाली महिलाओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर निशा कश्यप, स्वाति, सरस्वती, दीपा, मोनिका, रुपाली, मोनिका सागर, हिना कौशर, टीना राज, रोशनी यादव, प्रियंका त्यागी, वर्षा, सुमन सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

# चचिया ससुर से रंग नहीं लगवाया तो मां बेटी की कर दी पिटाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**तिलहर-शाहजहांपुर।** होली पर रंग लगाने आए रिश्ते के ससुर का विरोध करना महिला को भारी पड़ गया और मां बेटी को पीट कर घायल कर दिया। उक्त मामले में महिला समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। नगर के मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी पूनम पत्नी रघुवीर ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि सात मार्च को शाम करीब साढ़े पांच बजे उसके चचिया ससुर पप्पू पुत्र श्रीराम व दिलीप पुत्र घासीराम उसके होली का रंग लगाने आये।

रंग लगवाने से मना करने पर पप्पू, उसकी पत्नी माधुरी व दिलीप गालियां देते हुये हाथा पाई करने लगे। आरोप है कि लाठी डण्डे से बुरी तरह उसे तथा उसकी बेटी शिवानी को मारा पीटा और जान से मार देने की धमकी देते हुए चले गए। जिससे दोनों लोग घायल हो गए।

# मेडिकल कॉलेज में एबीवीपी ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पंडित राम प्रसाद बिस्मिल राजकीय मेडिकल कॉलेज में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) डॉ. अपराजिता और मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अल्पना श्रीवास्तव मौजूद रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने मां शारदे और स्वामी विवेकानंद के चित्र के सामने दीप जलाकर की। इस दौरान वक्ताओं ने महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक सशक्तिकरण पर अपने विचार रखे। मुख्य अतिथि डॉ. अपराजिता ने कहा कि कोई भी समाज तभी विकसित माना जाता है, जब उसकी आधी आबादी यानी महिलाएं शिक्षित और आत्मनिर्भर हों। प्रशासन का प्रयास है कि हर बेटी को सुरक्षा और आगे बढ़ने के अवसर मिलें। उन्होंने युवाओं से अपनी क्षमताओं को पहचानने और चुनौतियों का सामना करने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता डॉ. अल्पना श्रीवास्तव ने कहा कि नारी शक्ति भारतीय संस्कृति की आधारशिला है। आज महिलाओं का मानसिक और वैचारिक रूप से मजबूत होना जरूरी है। शिक्षा और स्वास्थ्य ऐसे दो क्षेत्र हैं जो महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाते हैं। उन्होंने कहा कि सशक्त नारी ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण करती है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार और एबीवीपी महानगर अध्यक्ष डॉ. रानू दुबे ने भी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए नारी शक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विभाग संगठन मंत्री राहुल गंगवार, जिला संगठन मंत्री संदीप सागर, महानगर मंत्री आयुष श्रीवास्तव, उप प्राचार्य डॉ. नीरा गोयल, जिला एसएफडी संयोजक वैभव सक्सैना, जिला कला मंच संयोजक सौम्या गुप्ता, महानगर सह मंत्री जया मौर्य, डॉ. अमित सक्सेना, प्रिंस सिंह, अंकुश कश्यप, अक्षय सहित बड़ी संख्या में मेडिकल छात्र-छात्राएं और अन्य लोग मौजूद रहे।

# महिला दिवस सप्ताह में वार्डों में चला विशेष सफाई अभियान




जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** विश्व महिला दिवस सप्ताह के अंतर्गत नगर निगम की ओर से वार्ड नंबर 10 और 38 में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर निगम की टीम ने सुबह से ही क्षेत्र में साफ-सफाई कराई और स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। यह कार्यक्रम महापौर अर्चना वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। अभियान का उद्देश्य स्वच्छ सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाना और नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना है। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम की टीम ने चिन्हित स्थानों पर विशेष सफाई अभियान चलाया।

साथ ही लोगों से स्वच्छता बनाए रखने और शहर को साफ-सुथरा रखने में सहयोग करने की अपील की गई। महापौर ने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए आम जनता की भागीदारी बहुत जरूरी है। इस मौके पर नगर आयुक्त डा. बिपिन कुमार मिश्र,जोनल अधिकारी, सफाई निरीक्षक, खाद्य निरीक्षक और क्षेत्रीय पार्षद मौजूद रहे और अभियान को सफल बनाने में सहयोग दिया।

# भोर फाउंडेशन ने टीबी मरीजों को बांटी पोषण पोटली

जागरण मोर्चा कार्यालय




**शाहजहांपुर।** सामाजिक संस्था भोर फाउंडेशन की ओर से तिलहर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में टीबी मरीजों के लिए पोषण पोटली वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य टीबी से पीड़ित मरीजों को पोषण संबंधी सहायता देना और उन्हें बीमारी के प्रति जागरूक करना रहा। इस दौरान मरीजों को दाल, अनाज और अन्य पौष्टिक खाद्य सामग्री से युक्त पोषण पोटली वितरित की गई, ताकि इलाज के दौरान उन्हें पर्याप्त पोषण मिल सके। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों ने मरीजों को टीबी से बचाव और इलाज के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉक्टरों ने बताया कि टीबी एक गंभीर लेकिन पूरी तरह से ठीक होने वाली बीमारी है। इसके लिए जरूरी है कि मरीज समय पर जांच कराएं, डॉक्टर की सलाह के अनुसार नियमित दवाएं लें और पौष्टिक आहार का सेवन करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्र ने कहा कि टीबी के मरीजों के लिए दवा के साथ-साथ संतुलित और पौष्टिक भोजन बहुत जरूरी है। सही पोषण मिलने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और मरीज जल्द स्वस्थ हो सकता है। वहीं डॉ. सुरेश चंद्र मिश्रा ने कहा कि टीबी के मरीजों को इलाज बीच में नहीं छोड़ना चाहिए और डॉक्टरों की सलाह का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर मरीज नियमित दवा लेते रहें और पौष्टिक भोजन करें, तो टीबी का इलाज पूरी तरह संभव है और मरीज सामान्य जीवन जी सकता है। इस अवसर पर भोर फाउंडेशन की अध्यक्ष स्वाति सिंह ने कहा कि संस्था का उद्देश्य समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों की मदद करना है। उन्होंने कहा कि टीबी जैसी बीमारी से लड़ रहे मरीजों के लिए दवा के साथ-साथ पोषण और मनोबल भी उतना ही जरूरी होता है। भोर फाउंडेशन आगे भी ऐसे सामाजिक कार्यों के माध्यम से जरूरतमंद लोगों की सहायता करता रहेगा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने का काम करता रहेगा। इस अवसर पर श्वेता सक्सेना, निशांत कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, संस्था के सदस्य और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से मरीजों को न केवल मदद मिलती है, बल्कि समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है।

# नगर निगम में जनसुनवाई दिवस आयोजित चार शिकायतें आईं दो का मौके पर निस्तारण

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** नगर निगम कार्यालय में जनसुनवाई दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के लोगों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र ने की। जनसुनवाई सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान नगर क्षेत्र से आए लोगों ने साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट, नाली निर्माण और कर विभाग से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। नगर आयुक्त ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समय से समाधान कराया जाए, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके। इस दौरान कुल चार शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से दो समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई दिवस में अपर नगर आयुक्त एस.के. सिंह, संयुक्त नगर आयुक्त संगीता कुमारी, सहायक नगर आयुक्त राजकुमार गुप्ता सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। इसके अलावा जनप्रतिनिधि और नगर क्षेत्र के कई लोग भी कार्यक्रम में शामिल हुए और अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। नगर निगम प्रशासन का कहना है कि जनसुनवाई दिवस का उद्देश्य शहर के लोगों की समस्याओं को सीधे सुनकर उनका त्वरित समाधान करना है, ताकि नगरवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

# राज्यमंत्री ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में नवयुगलों को दिया आशीर्वाद

- **जनप्रतिनिधियों व अफसरों ने बेटियों को किया विदा**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**



मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में प्रदेश के गन्ना राज्य मंत्री ने की पुष्प बर्षा एवं पंडाल में उपस्थित लोग

**पीलीभीत।** सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजित शादी समारोह के द्वितीय दिवस समारोह में आज पवित्र बंधन में 471 जोड़े बंध गये।131 मुस्लिम जोड़ों ने भी निकाह की रस्म पूरी की।

शहर का मंडी समिति परिसर मंगलवार को सामूहिक विवाह समारोह के ऐतिहासिक पलों का गवाह बना।वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच 340 नव युगलों ने अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लिए। वहीं 131 मुस्लिम जोड़ों के लिए मौलवियों ने निकाह पढ़ाया। राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार समेत अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अफसरों ने पुष्प वर्षा कर नवयुगल जोड़ों को आशीर्वाद दिया। वैवाहिक संस्कार संपन्न होने के बाद राज्यमंत्री समेत डीएम एवं अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अफसरों ने नवदाम्पत्य जीवन में बंधे जोड़ों को उपहार देकर विदा किया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में सदर विधानसभा क्षेत्र के अमरिया ब्लॉक, ललौरीखेड़ा ब्लॉक, नगर पालिका क्षेत्र, नगर पंचायत जहानाबाद, नगर पंचायत गुलडिया भिंडारा क्षेत्र के वर-वधुओं का विवाह संपन्न कराया गया। शादी समारोह को लेकर सुबह से ही वर-वधु पक्ष के लोगों के सिलसिला शुरू हो गया। सामूहिक विवाह समारोह में वर-वधु के लिए बायोमैट्रिक सत्यापन की अनिवार्यता के चलते अलग पंडाल में काउंटर लगाकर बायोमैट्रिक सत्यापन की व्यवस्था की गई। परिसर में आए वर-वधु ने पहले बायोमैट्रिक सत्यापन कराये ।बीएसए रोशनी सिंह समेत अन्य अफसर पहले से ही सभी व्यवस्थाओं पर नजर रखे हुए थे।पंडाल में पहुंचे 06-06 वर-वधु को विवाह वेदी पर एक साथ बिठाया गया। गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, ललौरीखेड़ा ब्लाक अजय सिंह गंगवार, अमरिया ब्लाक प्रमुख निशांत सिंह, पकड़िया नौगवा नगरपंचायत चेयरमैन संदीप कौर, डीएम ज्ञानेंद्र सिंह समेत अन्य जनप्रतिनिधि के साथ समारोह स्थल पर पहुंचे। सभी ने भगवान गणेश को पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच वैवाहिक रस्में शुरू की गई।दूसरे पंडाल में मौलवियों ने शादी के जोड़ों को निकाह पढवाया। वैवाहिक संस्कार संपन्न होने के बाद राज्य मंत्री ने ब्लाक प्रमुखों एवं डीएम के साथ पंडाल का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। राज्यमंत्री और अफसरों ने बैंड-बाजे के बीच जब पंडाल में हर तरफ पुष्प वर्षा की तो किसी के चेहरे पर मुस्कान तो किसी की आंखों में खुशी के आंसू आ गए।सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास, डीडीओ संजय कुमार, एआरटीओ वीरेंद्र सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी, बीएसए रोशनी सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी युगल किशोर सांगुड़ी, जिला समाज कल्याण अधिकारी चंद्रमोहन विश्नोई समेत समाजसेवी अमृतलाल, संजीव गौर, केसी वर्मा आदि ने भी प्रणय सूत्र में बंधे वर-वधुओं को सुखी दांपत्य जीवन का आशीर्वाद दिया। वैवाहिक संस्कार संपन्न होने के बाद राज्यमंत्री समेत जनप्रतिनिधियों ने नवविवाहित जोड़ों को उपहार देकर विदा किया।एक पंडाल में गायत्री परिवार के आचार्यों ने वैदिक रीति से विवाह कराया।धार्मिक क्रियाकलाप के साथ ही नवदंपतियों की हंसी ठिठोली भी गूंज रही थी।प्रत्येक विवाह वेदी पर करीब 06-06 जोड़ों को बिठाया गया। समारोह स्थल पर 60 से अधिक गायत्री परिजनों की देखरेख में विवाह संस्कार संपन्न कराए गए। गायत्री परिवार के लालाराम आचार्य और कंहईलाल वर्मा की देखरेख में वैवाहिक रस्मों की शुरूआत की गई। आचार्यों ने नवदंपतियों को सुखमय जीवन का आशीर्वाद दिया।

मंगलवार को होने वाले सामूहिक शादी समारोह में 505 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया जाना था। जिला समाज कल्याण अधिकारी चंद्रमोहन विश्नोई के मुताबिक मंगलवार को 340 हिंदू जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया है। वहीं इसमें 131 मुस्लिम जोड़ों का निकाह मुस्लिम रीति-रिवाज से कराया गया। 34 जोड़ें विवाह समारोह में नहीं पहुंचे। उन्होंने बताया कि बुधवार को बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र समेत नगर पंचायत क्षेत्र और न्यूरिया हुसैनपुर के जोड़ों की सामूहिक शादियां कराई जाएगी। इसकी सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है।

# स्कूली छात्रों ने जानी शास्त्रीय संगीत की विधाएं, राग भीम सुन मंत्रमुग्ध हुआ सभागार



स्पीकमैके के कार्यक्रम में प्रस्तुति देते संतूर वादक पंडित अभय रुस्तम सोपारी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** स्पिकमैके संस्था के तत्वावधान में आयोजित संतूर वादन के प्रथम सत्र का कार्यक्रम नगर के अंगूरीदेवी बालिका विद्या मंदिर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्पार्चन से हुआ। तत्पश्चात कार्यक्रम को गति प्रदान करते हुए विश्वविख्यात संतूर वादक पंडित अभय रुस्तम सोपरी ने शास्त्रीय संगीत की विधाओं जैसे जोड़, झाला, आलाप के विषय में विस्तार से बताया। पंडित जी ने राग भीम के माध्यम से ध्रुपद की गायकी को संतूर के माध्यम से बहुत ही सुंदर प्रकार से समझाया। पंडित जी ने संतूर पर लयकारी, गतकारी इत्यादि को भी समझाया। पंडित जी ने राग भीम में एक तीन ताल में निबद्ध गत सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने छात्रों के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर भी दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या उपासना शर्मा ने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम में पधारे हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का दूसरा चरण बेनहर पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संगीत विषय पढ़ रहे समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में पंडित जी ने राग गावती की प्रस्तुति दी। पंडित जी बीच-बीच में छात्रों से प्रश्नोत्तर भी करते रहे। विद्यालय की फाउंडर रंजीत कौर सहमी ने इस कार्यक्रम की प्रशंसा की। इस मौके पर स्पिक मैके के जिला संयोजक संजीव पाराशरी द्वारा दोनों विद्यालयों का आभार व्यक्त किया गया

## पूरनपुर में अल्ट्रासाउंड सेंटरों की मनमानी पर सवाल

**पूरनपुर।** क्षेत्र में अल्ट्रासाउंड सेंटरों की बढ़ती संख्या के बीच उनकी कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। आरोप है कि कई सेंटर डॉक्टरों के नाम और लाइसेंस पर संचालित हो रहे हैं, जबकि मौके पर डॉक्टर मौजूद नहीं रहते और अधिकांश अल्ट्रासाउंड टेक्नीशियन के सहारे किए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में आने वाले मरीजों को कुछ सेंटरों से जुड़े लोग मोटरसाइकिल पर बैठाकर अपने-अपने सेंटरों तक ले जाते हैं। कई लोग सुबह से ही सीएचसी परिसर में बैठकर मरीजों को तरह-तरह के लालच देकर निजी सेंटरों पर ले जाने की कोशिश करते देखे जाते हैं। सोशल मीडिया पर एक फोटो भी वायरल हो रही है, जिसमें उत्तम डायग्नोस्टिक अल्ट्रासाउंड सेंटर के पीआरओ बताए जा रहे एक व्यक्ति को सीएचसी परिसर में बैठे दिखाया गया है। इससे यह सवाल उठ रहा है कि सरकारी अस्पताल में इस तरह की गतिविधियों की अनुमति कैसे दी जा रही है। लोगों का कहना है कि यदि स्वास्थ्य विभाग निष्पक्ष जांच करे और सीसीटीवी फुटेज देखी जाए तो यह साफ हो सकता है कि डॉक्टर वास्तव में सेंटरों पर बैठते हैं या नहीं और अल्ट्रासाउंड कौन कर रहा है। क्षेत्र की जनता ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

**जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक शर्मा ने बताया कि इसके लिए टीम गठित कर जांच कराई जाएगी और मानक पूरे न होने पर अल्ट्रासाउंड को बंद कराया जाएगा।**

# होम्योपैथी या एलोपैथी? कौन है ज्यादा बेहतर है? रिसर्च में सामने आई चौंकाने वाली बात

- **होम्योपैथिक वर्सेज एलोपैथिक: होम्योपैथिक दवा ज्यादा अच्छी है या एलोपैथिक. अगर आप कंफ्यूज हैं तो यहां जान लीजिए रिसर्च में क्या कहा गया है**




**जानिये डॉ अमोल गुप्ता से**

होम्योपैथिक वर्सेज एलोपैथिक: होम्योपैथी और एलोपैथी दोनों बीमारियों को ठीक करने की चिकित्सकीय पद्धति है. हालांकि दोनों के इलाज करने के तरीके में भारी अंतर है. एलौपेथ की दवाइयों में कंपाउड को ठोस, द्रव्य और गैस तीनों अवस्थाओं में इस्तेमाल किया जाता है जबकि होम्योपैथिक दवाओं को आमतौर पर पतला बनाया जाता है ताकि इसका साइड इफेक्ट्स न के बराबर हो। ऐसे में अक्सर इस बात को लेकर कंफ्यूजन रहती है कि कौन सी चिकित्सकीय पद्धति बेहतर होती है. जो लोग होम्योपैथ से इलाज कराते हैं उन्हें होम्योपैथ अच्छा लगता है. लेकिन ज्यादातर लोग होम्योपैथ से इलाज नहीं कराते. पर अब एक रिसर्च में यह चौंकाने वाली बात सामने आई है कि सामान्य बीमारियों में 2 साल से कम उम्र के बच्चों पर होम्योपैथिक का असर एलोपैथ से कहीं ज्यादा होता है।

## 2 साल से कम उम्र के बच्चे पर अध्ययन

टीओआई की खबर में कहा गया है कि यूरोपियन जर्नल ऑफ पेडिएट्रिक्स में छपी रिपोर्ट के मुताबिक 2 साल से कम उम्र के बच्चों पर सामान्य बीमारियों में होम्योपैथिक दवाइयां एलोपैथ की तुलना में सुपीरियर है. यह अध्ययन तेलंगाना के जीयर इंटीग्रेटेड मेडिकल सर्विसेज और सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन होम्योपैथी के शोधकताओं ने किया है. इस अध्ययन में 24 महीनों से कम उम्र के 108 बच्चों को शामिल किया गया था. इन बच्चों का नियमित रूप से सामान्य परेशानियों जैसे कि बुखार, डायरिया, सांसों से संबंधित दिक्कतें आदि के लिए या तो होम्योपैथी के माध्यम से इलाज कराया जाता था या एलोपैथी के माध्यम से.हालांकि होम्योपैथिक माध्यम से इलाज करा रहे बच्चे को जब आवश्यकता पड़ी तो उसके माता-पिता ने अन्य परंपरागत माध्यमों का भी सहारा लिया. इसके बावजूद शोधकताओं ने अध्ययन में पाया कि जिन बच्चों का इलाज होम्योपैथिक माध्यम से कराया गया, वे एलोपैथ के माध्यम से इलाज कराने वालों की तुलना में कम बीमार पड़े. स्टडी में कहा गया कि होम्योपैथ माध्यम से इलाज कराने वाले 24 महीने से कम उम्र के बच्चे औसतन 5 दिन बीमार पड़े जबकि पारंपरिक रूप से इलाज कराने वाले समूह के बच्चे औसतन 21 दिन बीमार रहे।

## एंटीबायोटिक की जरूरत भी कम

अध्ययन में बताया गया कि जिन बच्चों का इलाज में होम्योपैथिक चिकित्सा को पहली प्राथमिकता दी गई उन्हें सांस संबंधी दिक्कतें कम हुई और इलाज के बाद भी उन्हें कम आना पड़ा. हालांकि दस्त जैसी बीमारियों में दोनों माध्यम से इलाज कराने वाले बच्चों कोई खास अंतर नहीं पाया गया.इस अध्ययन में दवाओं के साइड इफेक्ट्स और बीमारियों के कारण होने वाली मौतों को शामिल नहीं किया गया था. अध्ययन में सिर्फ यह देखा गया था कि जो बच्चे होम्योपैथ से इलाज करा रहे हैं और अन्य माध्यमों से इलाज करा रहे हैं, उनमें सही होने की संभावना कितनी बेहतर है. अध्ययन में यह भी पाया गया कि होम्योपैथिक विधि से इलाज कराने वाले बच्चों में एंटीबायोटिक की जरूरत सिर्फ 14 बार पड़ी लेकिन अन्य माध्यमों से इलाज करा रहे बच्चों में इसकी जरूरत 141 बार पड़ी. इसका मतलब यह हुआ कि जिन बच्चे का होम्योपैथिक माध्यम से इलाज कराया गया उनमें इम्यूनिटी ज्यादा बूस्ट हुई।

यह जानकारी समर इंडिया न्यूज के साथ नगर के जाने माने होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. अमोल गुप्ता ने साझा की। आपकी चिकित्सा से नगर में हजारों बच्चे लाभान्वित हो चुके हैं व आज भी निरन्तर हो रहे हैं।

डॉ. अमोल गुप्ता पिछले कई वर्षों से होम्योपैथिक क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं के लिए जाने जाते हैं।

# बसपा पदाधिकारयों की हुई मीटिंग

- **काशीराम का जन्मदिन मनाने पर हुई चर्चा**

**पीलीभीत।** निरंजन कुंज कॉलोनी शहर पीलीभीत मे बहुजन समाज पार्टी की एक मीटिंग हुई। 15 मार्च को काशीराम का जन्मदिन नोएडा में राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल पर मनाये जाने के संबंध में चर्चा की गई। आने वाले जिला पंचायत चुनाव के बारे में सदस्यों व प्रत्याशियों के बारे में चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मुन्नालाल कश्यप. कोऑर्डिनेटर, राम सनेही गौतम ,समसुल कमर, पूर्व जिला अध्यक्ष एलपी सागर, उपाध्यक्ष अरविंद तिवारी, जिला, पंचायत सदस्य रामचरण राणा नसीम भाई मौजूद थे।

## आईजीआरएस निस्तारण में पीलीभीत पुलिस प्रदेश में अव्वल

**पीलीभीत।** जनशिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के मामले में पीलीभीत पुलिस ने प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। फरवरी माह की मासिक रैंकिंग में पुलिस कार्यालय/आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में जनपद पीलीभीत पूरे उत्तर प्रदेश में शीर्ष पर रहा। पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के नेतृत्व में जनपद की पुलिस ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के शीघ्र और प्रभावी निस्तारण को प्राथमिकता देते हुए यह उपलब्धि हासिल की। एसपी द्वारा सभी थाना प्रभारियों को जनसुनवाई पोर्टल पर आने वाले प्रार्थना पत्रों की गुणवत्तापूर्ण जांच कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। निदेर्शों के अनुपालन में पुलिस कार्यालय और सभी सर्किल व थानों द्वारा ऑनलाइन व ऑफलाइन प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया गया। इसी के परिणामस्वरूप प्रदेश की रैंकिंग में पीलीभीत पहले स्थान पर रहा।

इस उपलब्धि में जिले के 17 थानों–जहानाबाद, दियोरिया कला, पूरनपुर, न्यूरिया, बीसलपुर, सुनगढ़ी, बरखेड़ा, कोतवाली, माधोटांडा, गजरौला, बिलसंडा, अमरिया, सेहरामऊ उत्तरी, हजारा, करेली, घुंघचाई तथा महिला थाना–ने सभी मानकों पर 100 में 100 अंक प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया।

पुलिस अधीक्षक ने इस उपलब्धि के लिए सभी थाना प्रभारियों और पुलिसकर्मियों की सराहना करते हुए आगे भी जनशिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए इसी तरह कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

































# गंभीर बोले- जीत द्रविड़ और लक्ष्मण को समर्पित

### संजू ने कहा- सचिन की सलाह काम आई, सूर्या ने बुमराह को राष्ट्रीय धरोहर बताया



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया। टीम तीसरी बार टी-20 में वर्ल्ड चैंपियन बनी। अहमदाबाद में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने चार विकेट झटके और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। टूर्नामेंट के आखिरी तीन मैचों में शानदार प्रदर्शन के कारण सैमसन को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। इसमें इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल और न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल की अहम पारियां शामिल हैं। उन्होंने टूर्नामेंट के 5 मैचों में 321 रन बनाए। संजू सैमसन ने टी-20 वर्ल्ड कप में अपने शानदार प्रदर्शन का श्रेय सचिन तेंदुलकर से हुई बातचीत को दिया। वहीं, कप्तान सूर्या ने जसप्रीत बुमराह को नेशनल धरोहर बताया। गंभीर बोले- जीत द्रविड़ और लक्ष्मण को समर्पित है।

# भारत ने 3 साल में 3 आईसीसी ट्रॉफी जीतीं

**● एक टी-20 वर्ल्डकप में 100+ सिक्स लगाए, संजू ने कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा ● लगातार 2 वर्ल्ड कप जीतने वाली पहली टीम, पहली बार होम टीम ने टाइटल जीता**

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारत ने तीसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया। अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 5 विकेट पर 255 रन बनाए, न्यूजीलैंड की टीम 159 रन पर ऑलआउट हो गई।

इस जीत के साथ भारत ने तीन साल में तीसरी आईसीसी ट्रॉफी अपने नाम कर ली। साथ ही टीम इंडिया टी-20 वर्ल्ड कप के एक एडिशन में 100 से ज्यादा छक्के लगाने वाली पहली टीम बनी, जबकि संजू सैमसन ने टूर्नामेंट में एक एडिशन में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाकर विराट कोहली का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया।

**2024 का कारनामा 2026 में दोहराया-** रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम ने 29 जून 2024 को टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता था। टीम ने बारबाडोस में साउथ अफ्रीका को 7 रन के अंतर से हराया। आज टीम इंडिया ने टी-20 वर्ल्ड कप जीतने का कारनामा 2026 में भी दोहरा दिया।

### 3 इतिहास बदले

- **पहला-** पहली बार किसी होम टीम ने टी-20 वर्ल्ड कप जीता। इससे पहले कोई मेजबान टीम इस टूर्नामेंट में चैंपियन नहीं बनी।
- **दूसरा-** पहली बार किसी टीम ने लगातार दो टी-20 वर्ल्ड कप जीते। इससे पहले कोई भी टीम अपना टाइटल डिफेंड नहीं कर सकी थी।
- **तीसरा-** पहली बार किसी टीम ने तीन बार टी-20 वर्ल्ड कप जीते। किसी अन्य टीम ने इस टूर्नामेंट के 3 टाइटल नहीं जीते हैं।





### फाइनल के टॉप रिकॉर्ड्स

**भारत ने 3 साल में 2 टी-20 वर्ल्ड कप और एक चैंपियंस ट्रॉफी जीती-** भारत ने सिर्फ तीन साल के भीतर तीन आईसीसी ट्रॉफियां अपने नाम कर लीं। टीम ने 2024 में टी-20 वर्ल्ड कप जीतकर 17 साल बाद यह खिताब हासिल किया। इसके बाद 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम कर जीत की लय बरकरार रखी और अब 2026 में टी-20 वर्ल्ड कप जीतकर भारत ने तीन साल में तीसरी आईसीसी ट्रॉफी हासिल कर ली। टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में दो-दो बार हारने वाली टीमों में पाकिस्तान, श्रीलंका और न्यूजीलैंड शामिल हैं। पाकिस्तान 2007 और 2022 में, श्रीलंका 2009 और 2012 में, जबकि न्यूजीलैंड 2021 और 2026 में फाइनल हार चुका है।

### भारत 3 टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली पहला देश

भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में नया अध्याय लिख दिया। टीम इंडिया 2024 के बाद 2026 में भी चैंपियन बनी और टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब डिफेंड करने वाली पहली टीम बन गई। इसके साथ ही इंडिया तीन टी-20 वर्ल्ड कप (2007, 2024 और 2026) जीतने वाली दुनिया की पहली टीम भी बन गया। अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में जीत के साथ भारत ने पहली बार अपने घरेलू मैदान पर टी-20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी भी जीती। इससे पहले टीम ने 2007 में साउथ अफ्रीका और 2024 में वेस्टइंडीज में खिताब जीता था। अब भारत के नाम तीन टी-20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी हो गई हैं, जबकि वेस्टइंडीज और इंग्लैंड दो-दो बार ही यह खिताब जीत सके हैं।

### भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा बार 200+ का स्कोर बनाया

इंडिया टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में सबसे ज्यादा बार 200+ का स्कोर बनाने वाली टीम बन गई। टीम इंडिया ने अब तक सात बार 200+ रन बनाए हैं। इस रिकॉर्ड में साउथ अफ्रीका 6 बार 200+ स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि वेस्टइंडीज, श्रीलंका और इंग्लैंड 4-4 बार यह आंकड़ा पार कर चुके हैं। टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा 250+ स्कोर बनाने के मामले में भी भारत टॉप पर है। टीम इंडिया अब तक सात बार 250 से ज्यादा का स्कोर बना चुकी है। इस रिकॉर्ड में आईपीएल टीम सनराइजर्स हैदराबाद 5 बार 250+ स्कोर के साथ दूसरे नंबर पर है। भारत ने 2026 में चार बार 250+ स्कोर बनाया, जो किसी भी टीम से एक साल में सबसे ज्यादा है।

# दिव्या को प्राग चैलेंजर शतरंज में तीसरा स्थान, विश्व टॉप 10 में पहुँची



**प्राग, चेक गणराज्य (एजेंसी)।** वर्तमान महिला विश्व कप विजेता भारत की दिव्या देशमुख नें फ़ीडे कैंडिडेट के पहले प्राग चैलेंजर में 9 राउंड के बाद 5 अंक बनाते हुए तीसरा स्थान हासिल करते हुए ना सिर्फ़ विश्व टॉप 10 महिला खिलाड़ियों में खुद को शामिल कर लिया है बल्कि कैंडिडेट शुरू होने के पहले अपनी मजबूत दावेदारी भी प्रस्तुत कर दी है ।

दिव्या इस 10 खिलाड़ियों के राउंड रॉबिन मजबूत टूर्नामेंट में शामिल दो महिला खिलाड़ियों में से एक थी विश्व नंबर 3 चीन की जू जिनर भी इस मुक़ाबले का हिस्सा थी जो 2.5 अंकों के साथ अंतिम स्थान पर रही। दिव्या देशमुख नें आखरिी राउंड में मेजबान चेक गणराज्य के स्टीफन हर्बेक को मात देते हुए अपनी दूसरी जीत दर्ज की । चेक गणराज्य के फिनेक वैक्लेव 6.5 अंकों के साथ पहले और स्पेन के यूफ़ा डेनियल 6 अंक बनाकर दूसरे स्थान पर रहे । भारत के सूर्य शेखर गांगुली 4 अंक बनाकर आठवें स्थान पर रहे । फ़िलहाल दिव्या 2510 फ़ीडे रेटिंग अंकों के साथ विश्व रैंकिंग में दसवें स्थान पर पहुँच गई है . 2535 अंकों के साथ अभी भी कोनेरू हंपी विश्व में नंबर 5 और भारत की शीर्ष खिलाड़ी बनी हुई है ।

# भारत को टी-20 वर्ल्ड कप जिताने वाले 5 हीरो

**सैमसन ने लगातार 3 फिफ्टी लगाईं, बुमराह टूर्नामेंट के टॉप विकेट टेकर बने**

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप जीत लिया है। टीम ने रविवार रात न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया। वैसे तो इस ट्रॉफी के लिए सभी प्लेयर्स ने योगदान दिया, लेकिन कुछ प्लेयर्स ऐसे रहे, जिन्होंने कठिन परिस्थियों में प्रदर्शन कर खुद को साबित किया।

- **बड़े मैचों में सैमसन ने फिफ्टी लगाई-** भारत के विकेटकीपर बैटर संजू सैमसन भारत के लिए ट्रंप कार्ड साबित हुए। उन्होंने टीम के लिए लगातार 3 मैचों में फिफ्टी लगाई। लीग स्टेज में प्लेइंग-11 के लिए स्ट्रगल कर रहे संजू को वेस्टइंडीज के खिलाफ कोलकाता में मौका मिला। यहां टीम को जीत चाहिए थी। सैमसन ने बैटिंग के लिए चैलेंजिंग पिच पर नाबाद 97 रनों की पारी खेलकर भारत को फाइटिंग टोटल तक पहुंचाया। इतना ही नहीं, सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ और फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 89-89 रनों की पारी खेली। वे इस टूर्नामेंट में भारत के टॉप स्कोरर रहे। उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया।



- **बुमराह इस टूर्नामेंट के टॉप विकेट टेकर-** जसप्रीत बुमराह प्लेयर ऑफ द फाइनल रहे। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने कोटे के चार ओवर में 15 रन देकर 4 विकेट झटके। इतना ही नहीं, वे इस टूर्नामेंट के टॉप विकेट टेकर भी बने। उन्होंने 8 मैचों में 14 विकेट झटके। सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ बुमराह की सटीक गेंदबाजी ने भारत को जीत दिला दी। गुरुवार को 254 रन का टारगेट चेज कर रही इंग्लैंड ने 15 ओवर में 5 विकेट पर 185 रन बना लिए थे। मैच इंग्लैंड के पाले में जाता दिख रहा था, तभी कप्तान सूर्यकुमार यादव ने जसप्रीत बुमराह को गेंद थमाई। उन्होंने मिडिल ओवर्स में 2 ओवर फेंके और मात्र 14 रन देकर इंग्लैंड पर दबाव बना दिया। यहां से भारत ने 7 रन से मैच जीत लिया।



- **ईशान किशन के नाम 3 फिफ्टी-** टी-20 वर्ल्ड कप से पहले आखिरी समय में टीम में चुने गए ओपनर ईशान किशन ने टूर्नामेंट में 3 फिफ्टी लगा दीं। उन्होंने फाइनल में 21 बॉल में 247.61 के स्ट्राइक रेट से 52 रन बनाए। किशन ने संजू सैमसन के साथ 48 बॉल पर 105 रन की साझेदारी की। इससे पहले पाकिस्तान के खिलाफ ईशान ओपनिंग करने उतरे, लेकिन उनके सामने अभिषेक शर्मा शून्य पर आउट हो गए।



- **हार्दिक के नाम 217 रन के साथ 9 विकेट-** हार्दिक पंड्या ने बैट और बॉल दोनों से योगदान दिया। उन्होंने 9 मैचों में एक फिफ्टी के सहारे 217 रन बनाए। 160.74 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। इतना ही नहीं, पंड्या ने 9 विकेट भी निकाले। इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में हार्दिक पंड्या ने ऑलराउंड प्रदर्शन किया। उन्होंने 12 गेंदों पर 225 के स्ट्राइक रेट से 27 रन बनाए और टीम इंडिया का स्कोर 250 के पार पहुंचा दिया। बॉलिंग करते हुए पहली ही गेंद पर फिल सॉल्ट का विकेट निकाल दिया। उन्होंने 19वें ओवर में 9 ही रन दिए और जीत दिला दी।





- **शिवम दुबे ने फाइनल में 225 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए-** भारत ने फाइनल में 15 ओवर में 203 रन बना दिए थे। तब जिमी नीशम ने 16वें ओवर में संजू सैमसन (89 रन), ईशान किशन (52 रन) और सूर्यकुमार यादव (जीरो) को पवेलियन भेज दिया। उसके बाद अगली 24 गेंद में 28 रन बने। ऐसे में टीम इंडिया का 250 भी पहुंचना मुश्किल लग रहा था। शिवम दुबे ने पारी के 20वें ओवर में जिमी नीशम के खिलाफ दो छक्के और 3 चौके लगाए। उनकी 8 बॉल पर 26 रन की पारी की बदौलत टीम इंडिया ने फाइनल में 255 रन का स्कोर बनाया। उन्होंने सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 25 बॉल पर 43 रन की पारी खेली थी।

# कप्तान सूर्या वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद हनुमान मंदिर पहुंचे

**● देशभर में जश्न, आतिशबाजी के साथ लोग नाचे, तिरंगा लेकर सड़कों पर उतरे**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रविवार को खेले गए टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर खिताब जीत लिया है। इस ऐतिहासिक जीत के बाद पूरे देश में दिवाली जैसा माहौल है। प्रशंसक सड़कों पर नाच रहे हैं, आतिशबाजी कर रहे हैं और तिरंगा फहराकर खुशी मना रहे हैं। इधर कप्तान सूर्यकुमार यादव देर रात वर्ल्ड कप ट्रॉफी लेकर अहमदाबाद के हनुमान मंदिर पहुंचे और पूजा की। इस दौरान आईसीसी चेयरमैन जय शाह और टीम के हेड कोच गौतम गंभीर भी उनके साथ थे।

# इंडिगो में बड़ा बदलाव: सीईओ पीटर एल्बर्स ने दिया इस्तीफा, राहुल भाटिया को मिली अंतरिम कमान

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख एयरलाइन इंडिगो के शीर्ष नेतृत्व में एक बड़ा बदलाव हुआ है। इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने इस्तीफा दे दिया है। एयरलाइन का कहना है कि उन्हें तत्काल प्रभाव से पद से मुक्त कर दिया गया है। मंगलवार को विमानन कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीटर एल्बर्स ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। यह बड़ा कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब एयरलाइन हाल ही में एक गंभीर 'ऑपरेशनल संकट' से गुजरी है, इस संकट ने भारत के विमानन क्षेत्र में प्रबंधन के स्तर पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए थे




पीटर एल्बर्स का यह इस्तीफा दिसंबर महीने में एयरलाइन की ओर से सामना किए गए अब तक के सबसे खराब परिचालन संकट के बाद आया है।

**भारी दबाव और जांच:** इस संकट के दौरान एयरलाइन के संचालन में बड़ी बाधाएं आई थीं, जिसके कारण न केवल आम जनता की ओर से एयरलाइन को भारी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा, बल्कि सरकारी स्तर पर भी इंडिगो की कड़ी जांच की गई थी।

**बदलाव तत्काल प्रभाव से लागू:** एयरलाइन की ओर से मंगलवार को जारी बयान में साफ किया गया है कि पीटर एल्बर्स का इस्तीफा 10 मार्च 2026 से ही प्रभावी हो गया है।

## वित्तीय वर्ष 26 के लिए लोकसभा से 2.81 लाख करोड़ रुपये के अतिरिक्त खर्च की मांगी मंजूरी

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने चालू वित्त वर्ष (FY26) के लिए अपने वित्तीय प्रबंधन और योजनाओं को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से मंगलवार को लोकसभा से 2.81 लाख करोड़ रुपये से अधिक के सकल अतिरिक्त व्यय के लिए मंजूरी मांगी है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब सरकार को विभिन्न मंत्रालयों के तहत तय बजट के अलावे धन की आवश्यकता है। अनुपूरक अनुदान मांगों की दूसरी खेप संसद में यह प्रस्ताव वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अनुपूरक अनुदान मांगों के दूसरे बैच के रूप में पेश किया गया।

# 28 मार्च से शुरू होगा आईपीएल 2026

**● टी-20 वर्ल्डकप फाइनल से पहले ऐलान ● बंगाल-तमिलनाडु समेत 5 राज्यों में चुनावों के चलते शेड्यूल बदला**

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 की शुरुआत 28 मार्च को होगी। इसकी घोषणा रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले भारत-न्यूजीलैंड टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल से पहले ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स ने की।

पहले टूर्नामेंट 26 मार्च से शुरू होना था, लेकिन तमिलनाडु, केरल, असम, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में होने वाले चुनावों के कारण शेड्यूल में बदलाव किया गया है। हालांकि आईपीएल की ओर से अभी तक टूर्नामेंट का पूरा कार्यक्रम जारी नहीं किया गया है।



**चेपॉक, ईडन गार्डन्स में होते हैं मैच-** विधानसभा चुनाव वाले राज्यों में तीन ऐसे प्रमुख स्टेडियम हैं जो आईपीएल वेन्यू के रूप में इस्तेमाल होते रहे हैं। तमिलनाडु के चेन्नई स्थित एमए चिदंबरम स्टेडियम (चेपॉक) चेन्नई सुपर किंग्स का होम ग्राउंड है।

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में स्थित ईडन गार्डन्स कोलकाता नाइट राइडर्स का घरेलू मैदान है, जबकि असम के गुवाहाटी में बना बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम राजस्थान रॉयल्स का सेकेंड होम वेन्यू रहा है।

**चुनाव के कारण दो चरणों में आ सकता है शेड्यूल-** 2008 में आईपीएल शुरू होने के बाद जब भी देश में आम चुनाव (2009, 2014, 2019 और 2024) या किसी राज्य में विधानसभा चुनाव हुए हैं, टूर्नामेंट का शेड्यूल दो हिस्सों में जारी किया गया है। ऐसे में संभावना है कि इस बार भी बीसीसीआई ऐसा ही करेगा।

**बेंगलुरु में होगा ओपनिंग और फाइनल मैच-** कर्नाटक क्रिकेट एसोसिएशन (केसीए) के सेक्रेटरी संतोष मेनन ने कन्फर्म किया कि बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में ही ओपनिंग और फाइनल मैच खेले जाएंगे। होम टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) इस बार अपने 5 होम मैच चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेलेगी।

# केंद्र के निर्देश के बाद रिफाइनरियों ने बढ़ाया एलपीजी उत्पादन

## 10 फीसदी की बढ़ोतरी; औद्योगिक आपूर्ति में कटौती

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** घरेलू उपभोक्ताओं को कुकिंग गैस की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए भारत की तेल रिफाइनरियों ने लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) का उत्पादन करीब 10 प्रतिशत बढ़ा दिया है। सरकारी सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि यह कदम केंद्र सरकार के निर्देशों के बाद उठाया गया है। इस फैसले के बाद कुछ संगठनों द्वारा जताई जा रही एलपीजी आपूर्ति में कमी की आशंकाओं को काफी हद तक दूर करने में मदद मिली है।

केंद्र सरकार के निर्देश के बाद उत्पादन बढ़ाने के इस कदम से संभावित आपूर्ति बाधित होने को लेकर उठ रही चिंताओं को कम करने में मदद मिली है। सूत्रों के मुताबिक, सरकार ने घरेलू एलपीजी के दुरुपयोग और अनियमितताओं को रोकने के लिए नए गैस सिलिंडर की बुकिंग के बीच प्रतीक्षा अवधि भी 21 दिनों से बढ़ाकर 25 दिन कर दी है।




एलपीजी की आपूर्ति पर असर पड़ने की आशंका को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी और विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में रसोई गैस की संभावित कमी से निपटने के उपायों पर चर्चा की गई। गुजरात सरकार ने पश्चिम एशिया संघर्ष को लेकर औद्योगिक गैस के उपयोग में 50 फीसदी की कटौती की है। राज्य के ऊर्जा मंत्री ऋषिकेश पटेल ने घरेलू एलपीजी वितरण में कोई बाधा न आने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि राज्य और केंद्र सरकार मिलकर काम कर रही हैं ताकि घरों में खाना पकाने वाली गैस की कमी न हो।

# बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 640 अंक चढ़ा, निफ्टी 24250 के पार

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन यानी मंगलवार को शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। बेंचमार्क सूचकांक और निफ्टी में करीब एक प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और पश्चिम एशिया में संघर्ष के जल्द समाप्त होने की उम्मीदों के बीच घरेल बाजार में बढ़त देखने को मिली। रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने रिकॉर्ड निचले स्तर से मजबूती से उबरते हुए 36 पैसे बढ़कर 91.85 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 639.82 अंक या 0.82 प्रतिशत बढ़कर 78,205.98 पर बंद हुआ। दिन के दौरान इसमें 960.09 अंक या 1.23 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 78,526.25 पर पहुंच गया। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 233.55 अंक या 0.97 प्रतिशत चढ़कर 24,261.60 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंटरग्लोब एविएशन, मारुति,




आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स और अल्ट्राटेक सीमेंट प्रमुख लाभ कमाने वाली कंपनियों में शामिल थीं। पिछड़ने वाली कंपनियों में इटरनल, इंफोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारती एयरटेल शामिल थीं।

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी सूचकांक 5.35 प्रतिशत की तीव्र उछाल के साथ बढ़ा, जबकि जापान का निक्केई 225 सूचकांक 2.88 प्रतिशत की तेजी से ऊपर चढ़ा। शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक भी सकारात्मक स्तर पर बंद हुए। यूरोप के बाजारों में भारी तेजी देखी गई। सोमवार को अमेरिकी बाजार में तेजी के साथ कारोबार समाप्त हुआ। ऑनलाइन ट्रेडिंग और वेल्थ टेक फर्म एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष में संभावित तनाव कम होने के संकेतों के बाद बाजार में उछाल आया, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान युद्ध के जल्द समाप्त होने का संकेत दिया था।

## स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने निरंकारी भवन, ग्राम तरौना एवं ग्राम जालमाऊ का स्थलीय निरीक्षण किया

कार्यालय जागरण मोर्चा

लखनऊ। मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देशों के क्रम में डा0 अमिताभ श्रीवास्तव, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, डा0 निशान्त निर्वाण, उप मुख्य चिकित्साधिकारी एवं अधीक्षक, सामु0स्वा0केन्द्र मलिहाबाद एवं उनकी टीम द्वारा निरंकारी भवन मुंशीखेडा, ग्राम तरौना एवं ग्राम जालामऊ का स्थलीय निरीक्षण किया गया। आज ग्राम तरौना में 50 एवं ग्राम जालामऊ में 11 व्यक्तियों का रैपिड टेस्ट किया गया, जो निगेटिव पाया गया। इससे पूर्व दिनांक 8/03/2026 को मुख्य चिकित्साधिकारी, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में डा0 अमिताभ श्रीवास्तव, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी एवं डा0 अवधेश कुमार चिकित्साधिकारी एवं अधीक्षक, सामु0स्वा0केन्द्र मलिहाबाद एवं उनकी टीम द्वारा भी उक्त क्षेत्रों का भ्रमण कर 20 लोगो रैपिड टेस्ट जॉच की गयी थी, जो निगेटिव पायी गयी।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 13 मार्च को ग्रीन कॉरिडोर का शुभारंभ करेंगे और विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

कार्यालय जागरण मोर्चा

लखनऊ। लखनऊ से सांसद एवं केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 12 व 13 मार्च को अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ के दौरे पर रहेंगे। महानगर



अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि रक्षा मंत्री 12 मार्च को सायं लगभग 8:00 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे।एयरपोर्ट से प्रस्थान करके रात्रि 8:30 बजे पारिवारिक वैवाहिक समारोह में सम्मिलित होंगे। इसके उपरांत रात्रि विश्राम 5-ए, कालिदास मार्ग पर करेंगे।13 मार्च शुक्रवार को रक्षा मंत्री प्रातः 11:20 बजे कालिदास मार्ग स्थित आवास से प्रस्थान कर 11:30 बजे सी.एम.एस. गोल्फ सिटी, सेक्टर-सी, पॉकेट-9 पहुंचेंगे, जहां वह सिटी मोंटेसरी स्कूल की गोल्फ सिटी शाखा के उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लेंगे। रक्षा मंत्री इसके बाद राजाजीपुरम में विधायक योगेश शुक्ला के आवास तथा राजेंद्र नगर स्थित विधायक निवास में स्वर्गीय विंध्यवासिनी कुमार (पूर्व एमएलसी) के आवास जाएंगे। रक्षा मंत्री शाम लगभग 4:30 बजे समतामूलक चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के साथ ग्रीन कॉरिडोर का उद्घाटन करेंगे तथा समतामूलक चौराहे से डालीगंज पुल तक ग्रीन कॉरिडोर का अवलोकन करेंगे और कर्मचारियों को सम्मानित करेंगे। उसके बाद सायं 5:00 बजे झूलेलाल वाटिका, हसनगंज में आयोजित जनसभा को भी संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के उपरांत रक्षा मंत्री सायं लगभग 6:20 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे और वहां से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।



# विशाल मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, 345 मरीजों का हुआ पंजीकरण

कार्यालय जागरण मोर्चा

लखनऊ /लखीमपुर खीरी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली परिसर में सोमवार को जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रकोष्ठ और सीएचसी मितौली के संयुक्त तत्वावधान में विशाल मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व सांसद माननीय जुगल किशोर ने फीता काटकर किया।कार्यक्रम के दौरान मनोचिकित्सक डॉ. अखिलेश शुक्ला ने उपस्थित जनसमूह और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि अनिद्रा, अवसाद, चक्कर आना, बेहोशी के दौरे, माइग्रेन, चिंता, घबराहट, तनाव, आत्महत्या की प्रवृत्ति जैसे कई मानसिक रोग समय पर पहचान और उपचार से ठीक हो सकते हैं। उन्होंने समाज में प्रचलित झाड़-फूंक, ऊपरी शक्ति या अंधविश्वास जैसी भ्रांतियों से दूर रहने और बिना झिझक चिकित्सकीय परामर्श लेने की अपील की।शिविर में जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की



टीम ने क्षेत्र से आए लोगों, सीएचओ, आशा, एएनएम, स्टाफ नर्स और अन्य कर्मचारियों को मानसिक रोगों से संबंधित जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित किए। शिविर में चिन्हित मरीजों का चिकित्सकीय परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाएं दी गईं और पुराने मरीजों का फॉलोअप कर परामर्श प्रदान किया गया।

साइक्रियाट्रिक सोशल वर्कर अतुल कुमार पांडेय ने मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन नंबर 9120984643 तथा टेली मानस टोल फ्री नंबर 14416 (24.7) की जानकारी देते हुए किसी भी समस्या की स्थिति में संपर्क करने की अपील की। साथ ही मरीजों को नियमित इलाज के लिए प्रत्येक माह के पहले मंगलवार को सीएचसी मितौली आने की सलाह दी गई।शिविर में कुल 345 मरीजों का पंजीकरण किया गया, जबकि 70 मानसिक रोगियों का परीक्षण कर साइक्रियाट्रिक नर्स विवेक कुमार मित्तल द्वारा दवा वितरित की गई। नैदानिक मनोवैज्ञानिक स्तुति कक्कड़ ने एक मरीज की बुद्धिमत्ता जांच की। वहीं एनसीडी काउंसलर राघवेंद्र प्रताप सिंह और अमृता शुक्ला ने मरीजों का ब्लड शुगर और बीपी परीक्षण किया। लैब तकनीशियन शिवेंद्र सिंह और आकाश वर्मा ने 240 मरीजों के लैब टेस्ट किए।

कार्यक्रम में सीएचसी मितौली के अधीक्षक डॉ. देवेंद्र सिंह, डॉ. के.के. भार्गव, डॉ. अरविंद कुमार, अभिषेक मिश्रा, अमित सक्सेना, शिल्पा बाजपेई, सरिता मिश्रा सहित अन्य पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहे '

# सड़क सुरक्षा को लेकर ड्राइवरों को किया गया जागरूक

कार्यालय जागरण मोर्चा

लखनऊ। सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कैस्ट्रोल सारथी मित्रा कार्यक्रम के अंतर्गत ड्राइवरों को सड़क सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं। इस कार्यक्रम में ड्राइवरों को सुरक्षित ड्राइविंग, ट्रैफिक नियमों के पालन और सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के तरीकों के बारे में जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में सुश्री रेखा पिल्लई (हेड CSR, कैस्ट्रोल सारथी मित्रा), सुश्री मृणालिनी (CFO, कैस्ट्रोल), श्री श्रीकांत कुलकर्णी (प्रोजेक्ट हेड, कैस्ट्रोल), श्री अभिषेक सिंह (COO, लर्नेट स्किल्स लिमिटेड), श्री अपूर्व गुप्ता श्री विपिन आनंद (जोनल हेड), श्री हर्षित शुक्ला (प्रोजेक्ट मैनेजर, उत्तर प्रदेश) तथा श्री ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव की विशेष उपस्थिति रही।

इसके साथ ही लखनऊ ट्रैक



एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के महामंत्री श्री अकबर अली भी कार्यक्रम में मौजूद रहे और ड्राइवरों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियम नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। सभी ड्राइवरों से अपील की गई कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित ड्राइविंग के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं को कम करने में अपना योगदान दें।

# मोहानलालगंज में मां-बेटे की बेरहमी से हत्या

कार्यालय जागरण मोर्चा

लखनऊ। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के सीसेंडी गांव में दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। घर के अंदर मां और उसके दृष्टिबाधित बेटे की गला कसकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। मिली जानकारी के अनुसार रात करीब 10 बजे सीसेंडी निवासी सकीना ने पुलिस को सूचना दी कि पड़ोस में रहने वाली रेशमा बानो (50) पत्नी स्व. इकबाल और उनका 18 वर्षीय बेटा शादाब, जो बचपन से दृष्टिबाधित था, घर के अंदर मृत पड़े हैं। सूचना मिलते ही मोहनलालगंज पुलिस मौके पर पहुंची। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि रेशमा बानो और उनके बेटे शादाब दोनों का गला कपड़े से कसकर हत्या की गई है। दोनों के शव घर के अंदर पड़े मिले। इस नृशंस वारदात से इलाके में दहशत का माहौल बन गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए। वहीं सूचना मिलते ही दक्षिणी जोन के अपर पुलिस उपायुक्त भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हत्या की गुत्थी सुलझाने और हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है, लेकिन मां और उसके मासूम, दृष्टिबाधित बेटे की इस तरह बेरहमी से हत्या ने इलाके को झकझोर कर रख दिया है।

# निगोहां में पत्नी की कुल्हाड़ी से हत्या करने वाला पति 48 घंटे में गिरफ्तार

कार्यालय जागरण मोर्चा

लखनऊ। निगोहां थाना क्षेत्र में पत्नी की हत्या कर फरार चल रहे आरोपी पति को पुलिस ने 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम शेखनखेड़ा मजरा उतरांवां में 8 मार्च को घरेलू विवाद के चलते राजेश रावत ने अपनी पत्नी राजेश्वरी (45) के सिर पर कुल्हाड़ी से कई वार कर हत्या कर दी थी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। मृतका के बेटे गुलशन कुमार की तहरीर पर निगोहां थाना में मुकदमा दर्ज किया गया था।

जांच के दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को आरोपी राजेश रावत को पतौना से अकंताखेड़ा जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह शराब का आदी है और जमीन बेचने को लेकर पत्नी से अक्सर विवाद होता था। घटना वाले दिन भी शराब के नशे में विवाद बढ़ गया, जिसके बाद उसने गुस्से में कुल्हाड़ी से वार कर पत्नी की हत्या कर दी।

पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर कीकर के जंगल से हत्या में इस्तेमाल कुल्हाड़ी बरामद कर ली है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करते हुए जेल भेज दिया गया है।



# योगी मंत्रिमंडल बैठक खत्म: दो दर्जन प्रस्तावों पर मुहर, फजीवाड़े पर लग सकेगा प्रभावी नियंत्रण

कार्यालय जागरण मोर्चा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को लोक भवन में कैबिनेट बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में आवास, वित्त, परिवहन, कार्मिक और स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग समेत विभिन्न विभागों के दो दर्जन से अधिक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। बैठक में जमीन की रजिस्ट्री में होने वाली गड़बड़ियों पर रोक लगाने के लिए अहम फैसला लिया है। अब किसी भी संपत्ति को बेचने से पहले विक्रेता का नाम खतौनी में मिलान किया जाएगा। यदि नाम अलग पाया जाता है तो रजिस्ट्रेशन विभाग इसकी जांच करेगा।

कैबिनेट के सामने मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना का प्रस्ताव भी रखा जाएगा। इस योजना के लागू होने पर प्रदेश के 12,200 से अधिक गांवों तक बस सेवा पहुंचाने का लक्ष्य है। इससे दूरदराज ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को शहरों तक आने-जाने में बड़ी सुविधा मिलेगी।

कार्मिक विभाग के प्रस्ताव के तहत सरकारी कर्मचारियों की आचरण नियमावली, 1956 में संशोधन किया जा सकता है। इसके तहत यदि कोई कर्मचारी दो माह के मूल वेतन से अधिक मूल्य की चल संपत्ति की खरीद-फरोख्त करता है तो उसे इसकी सूचना संबंधित प्राधिकारी को देना अनिवार्य होगा। इसके अलावा यदि कोई कर्मचारी एक कैलेंडर वर्ष में छह माह के मूल वेतन से अधिक राशि स्टॉक, शेयर या अन्य निवेश में लगाता है, तो इसकी जानकारी देना भी जरूरी होगा।

आवास विभाग के प्रस्ताव के अनुसार विकास प्राधिकरणों और आवास विकास की लंबे समय से अटकी या बिना बिके मकानों के लिए सरकार वन टाइम सेटलमेंट (ओटीएस) योजना लागू कर सकती है। इससे प्रदेश के करीब 19 हजार से अधिक डिफॉल्टरों को राहत मिलने की उम्मीद है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जरूरतमंदों को किफायती आवास उपलब्ध कराने और सीएम विस्तारीकरण योजना के अंतर्गत आठ शहरों में अफोर्डेबल हाउसिंग परियोजनाओं के लिए बजट मंजूरी का प्रस्ताव भी कैबिनेट में आ सकता है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
* नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन दर
रू. 400/*- Size 40 Sqcm (Colour)
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
7579849555, 9627739857, 9411916020, 9997745413

# लखनऊ में किशोर को सिगरेट पिलाकर दोस्तों ने बनाया वीडियो, ब्लैकमेल कर ऐंठे लाखों के गहने

कार्यालय जागरण मोर्चा

लखनऊ। तालकटोरा इलाके में नाबालिग को सिगरेट पिलाकर दो दोस्तों ने वीडियो बना ली। उसके



बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया। आरोपियों के कहने पर किशोर ने आलमारी से लाखों के जेवर चोरी कर उन्हें सौंप दिये।

जानकारी होने पर मां ने आरोपियों से पूछताछ की तो गलती मानते हुए मोबाइल चोरी कर लिया। आरोपियों के परिजन ने मोबाइल वापस कराने की बात कहकर अपने फोन बतौर गारंटी में दिए। जिसमें एक रिकार्डिंग में आरोपी और उनके परिवार की ब्लैकमेलिंग की ऑडियो मिली। धमकी से परेशान मां ने तालकटोरा थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर कुलदीप दुबे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

राजाजीपुरम सेक्टर-13 निवासी महिला ने बताया कि 10 दिसंबर 2025 को नाबालिग बेटे को उसके दो नाबालिग दोस्तों ने उसे सिगरेट पिलाकर वीडियो बनाया और फिर डरा धमकाकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। आरोपियों ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर रुपये व जेवर की मांग की। रुपये न देने पर पीटने की बात कही। धमकियों के चलते किशोर ने आलमारी के लॉकर से लाखों के जेवर निकालकर दे दिए। कुछ समय बाद रिश्तेदारी में शादी में कानपुर जाने के लिए लॉकर खोला तो जेवर गायब मिले।

शादी से लौटने के बाद पीड़िता ने बेटे को समझा-बुझाकर पूछा तो उसने दोस्तों की करतूत बतायी। पीड़िता ने दोनों से पूछताछ की तो कबूला कि जेवर बेच दिए हैं। मौका देख आरोपियों ने घर में रखा उनका मोबाइल भी चोरी कर लिया। यही नहीं आरोपियों ने मोबाइल राह चलते एक युवक को बेच दिया था। जनवरी 2026 में एक आरोपी की बहन व बहनोई को बातचीत के लिए पीड़िता ने घर बुलाया। इस दौरान दोनों आरोपी भी मौजूद रहे।

आरोपियों ने घरवालों के सामने स्वीकार किया कि किशोर को ब्लैकमेल कर जेवर ऐंठकर बेचे थे। मोबाइल की बात पता चलने पर आरोपियों के परिजन ने अपने मोबाइल गारंटी के तौर पर दिए। पीड़ित ने आरोपी का मोबाइल ऑन किया। ऑटो कॉल रिकार्डिंग में आरोपित व अन्य व्यक्तियों के बीच बातचीत की रिकार्डिंग मिली। पीड़िता ने बताया कि रिकार्डिंग से साफ है कि इस वारदात में दोनों आरोपी, उसके नाना, कथित बहन व माता-पिता भी शामिल हैं।




जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।
CMYK